* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

24 जनवरी, 2023
माघ, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 97

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

**कॉलेजियम पर बहस के बीच बोले केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू**
'जजों को चुनाव का सामना नहीं करना पड़ता'





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
■ VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
■ Watch Time (HR) 11 Lakh+
188100 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 53,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 72,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 24 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in



## चुनाव के लिए बना रहे माहौल : हर नेता लग गया है अब खुद को प्रोजेक्ट करने में

# विपक्षी एकता के रास्ते में अब 'चेहरों' के कांटे

### ■ राहुल की यात्रा और केसीआर की रैली के बाद उठ रहे सवाल ■ सामने हैं कई दावेदार, सिर्फ 'मोदी हटाओ' के नारे से नहीं बनने वाली बात

**देश में 2024 में होनेवाले आम चुनाव के लिए माहौल बनने लगा है। लोकतंत्र के इस सबसे बड़े मुकाबले में एक तरफ भाजपा है, जिसके विजय रथ को रोकने के लिए दूसरी तरफ कांग्रेस और दूसरे दल हैं। इस मुकाबले का सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि दूसरे छोर पर खड़ी कांग्रेस और अन्य दलों का केवल एक नारा है और वह है 'मोदी हटाओ'। इसलिए वे 'दुश्मन का दुश्मन दोस्त होता है' वाली कहावत पर आगे तो बढ़ रहे हैं, लेकिन इस रास्ते में कई 'चेहरे' पैदा हो गये हैं, जिसके कारण एकता की यह कोशिश अभी से ही विभाजित नजर आने लगी है। दरअसल, विपक्षी राजनीतिक दलों को एकजुट करने के दावेदार जिस तरह बढ़ते चले जा रहे हैं, वे भी विपक्ष की एकजुटता में बाधक बन जायें, तो हैरत नहीं। अभी तक बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही इस एकता के पैरोकार थे, लेकिन अब तो इस सूची में तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर के अलावा कई और दावेदार शामिल हो गये हैं। इस मुहिम का एक कोण राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' का समापन समारोह बननेवाला है, तो दूसरा कोण केसीआर ने खम्मम में विपक्ष की रैली आयोजित कर सामने रख दिया है। राहुल की यात्रा के समापन समारोह में कौन नेता शामिल होगा, यह अभी तय नहीं है, लेकिन केसीआर की रैली में अखिलेश यादव और वाम दलों के नेताओं की मौजूदगी ने साफ कर दिया है कि विपक्षी एकता की यह मुहिम अब केवल दिखावा है। विपक्ष के इन दो बड़े आयोजनों की पृष्ठभूमि में 2024 की उसकी रणनीति का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही | विशेष



राकेश सिंह

लोकतंत्र की सफलता की शर्तों में विपक्ष की मजबूती एक महत्वपूर्ण शर्त होती है, क्योंकि सशक्त विपक्ष ही सत्ता में आयी सरकार को लगातार चौकन्ना रखने और सावधान बनाये रखने का काम करता है। दूसरी महत्वपूर्ण शर्त यह होती है कि लोकतंत्र कभी सोता नहीं है। वह हमेशा जागृत रहता है। यह जागृति संसद से लेकर सड़क तक तभी बनी रह सकती है, जब लोकतंत्र की मालिक जनता कभी सुस्त न हो और लगातार जागती रहे, क्योंकि यही जनता उन लोगों को कभी सोते नहीं देख सकती है, जिन्हें चुन कर वह विधानसभाओं से लेकर संसद तक में भेजती है। जनता जब चुनाव में सत्ता और विपक्ष में प्रतिनिधियों को चुन कर भेजती है, तो दोनों पक्षों पर बराबर की जिम्मेदारी डालती है।

भारत के संदर्भ में लोकतंत्र की यह अवधारणा एकदम सटीक है, लेकिन 2014 के बाद से और खास कर अभी इस अवधारणा का केवल एक ही पक्ष नजर अ रहा है और वह है सत्ता पक्ष। 2024 के आम चुनावों के लिए तैयारी में जुटे विपक्षी दलों में सिर फुटौव्वल का आलम यह है कि उनके साथ 'नौ दिन चले अढ़ाई कोस' वाली कहावत चरितार्थ होती दिख रही है।

ऐसा कहने के वाजिब कारण हैं। अब राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' को ही लें। इस यात्रा ने भारत को कितना जोड़ा, यह तो नहीं पता, लेकिन इसके समापन समारोह की तैयारियों ने विपक्षी एकता के प्रयासों को पलीता जरूर लगा दिया है। उद्धव ठाकरे की शिवसेना, शरद पवार की राकांपा, डॉ फारूक अब्दुल्ला की नेशनल कांफ्रेंस, नीतीश कुमार की जदयू, तेजस्वी यादव की राजद, हेमंत सोरेन की झामुमो, एमके स्टालिन की द्रमुक और ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को इस समारोह में शामिल होने का आमंत्रण भेजा गया है, लेकिन तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव की बीआरएस और वाइएसआर कांग्रेस को छोड़ दिया गया है। इसका परिणाम यह हुआ है कि समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव और वाम दलों के नेता अब केसीआर की बीआरएस के साथ आ गये हैं। इस तरह विपक्षी एकता की दिशा में उठाया गया पहला कदम ही पूरी तरह लड़खड़ाता हुआ नजर आने लगा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि राहुल गांधी के कार्यक्रम में अब अखिलेश यादव और ममता बनर्जी शायद ही शामिल हों।



## असली इम्तिहान हेमंत, नीतीश और तेजस्वी का

विपक्षी एकता के रास्ते में राहुल बनाम केसीआर का जो मुकाबला उभरता दिख रहा है, उसका सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि बिहार और झारखंड में कांग्रेस का पलड़ा भारी है, लेकिन यूपी और बंगाल में उसकी स्थिति लगभग शून्य है। इसलिए कहा जा सकता है कि बिहार और झारखंड में राहुल के लिए स्थिति मुफीद है। लेकिन मुश्किल हेमंत सोरेन और नीतीश कुमार के साथ तेजस्वी यादव की है। यदि ये तीनों नेता कांग्रेस के साथ आते हैं, तो उन्हें अखिलेश यादव और ममता बनर्जी से दूर होना पड़ेगा। इतनी बड़ी कीमत अदा कर तेजस्वी यादव, राहुल का साथ देंगे, इसमें संदेह है। उधर नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षा सामने आ चुकी है। इसलिए वह मोदी के सामने राहुल को पेश करने से पहले सौ बार सोचेंगे।

## कांग्रेस ने पहल तो की, लेकिन झटका भी दिया

भारत की बहुदलीय राजनीतिक प्रणाली इस बात की गारंटी करती है कि जनता के समक्ष कभी भी विकल्प का अकाल न पड़ पाये और उसके सामने खुली छूट हो, लेकिन वर्तमान राजनीतिक दौर में देश जिस परिस्थिति से गुजर रहा है, उसमें विपक्षी दल बिखरे हुए हैं और उनमें से किसी एक में इतनी ताकत नहीं है कि वह अखिल भारतीय स्तर पर सत्तारूढ़ भाजपा का मुकाबला कर सके। इसे देखते हुए प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के साये में जिस तरह 19 दलों ने एकजुट होकर सामूहिक रूप से काम करने की रणनीति पर विचार किया, वह सराहनीय तो है, लेकिन इस बार उसने इस कोशिश को झटका दे दिया है। इसलिए विपक्ष को एकजुट करने वाले नेताओं की बढ़ती संख्या 'ज्यादा जोगी मठ उजाड़' वाली कहावत को ही चरितार्थ कर रही है। जिस तरह ममता बनर्जी कांग्रेस का साथ नहीं लेना चाहतीं, उसी तरह केसीआर यानी तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव भी कांग्रेस के खिलाफ हैं।

## विधानसभा चुनाव होंगे कर्टेन रेजर

विपक्षी खेमे का यह बिखराब एकजुट भाजपा के सामने कितनी बड़ी चुनौती पेश करेगा, यह तो समय के गर्भ में है, लेकिन इतना जरूर है कि इस साल होनेवाले विधानसभा चुनावों के परिणामों से परिदृश्य काफी हद तक साफ होगा। यदि यह कहा जाये कि छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक विधानसभाओं के चुनाव 2024 के आम चुनाव के कर्टेन रेजर होंगे, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। यदि इन चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा होता है, तो निश्चित रूप से 2024 के लिए उसकी दावेदारी को बल मिलेगा। लेकिन यदि मामला इसके विपरीत रहता है, तो फिर कांग्रेस के लिए आगे का रास्ता मुश्किल हो जायेगा। इसके अतिरिक्त यह भी ध्यान रहे कि कई क्षेत्रीय राजनीतिक दल ऐसे हैं, जिनका मुकाबला कांग्रेस से होता है। स्पष्ट है कि वे विपक्षी एकता की ऐसी किसी पहल का हिस्सा नहीं बन सकते, जिसमें कांग्रेस भी शामिल हो। बेहतर हो कि विपक्षी एकता पर जोर देने वाले दल और उनके नेता यह समझें कि केवल 'मोदी हटाओ' का नारा लगाने से बात बनने वाली नहीं है।

कुल मिला कर स्थिति बहुत पेंचीदी है। विपक्षी एकता के प्रयास अभी से ही कमजोर दिखने लगे हैं और असली समय आते-आते वह और कितने खेमों में बंट जायेगी, यह देखना अभी बाकी है। वैसे 30 जनवरी को श्रीनगर में होनेवाला कांग्रेस का आयोजन भी इस असमंजस भरे परिदृश्य को बहुत हद तक साफ करेगा, ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए।

## बाबा नगरी देवघर से भाजपा का राज्य सरकार के खिलाफ उलगुलान

# हेमंत सरकार की विफलता को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

### ■ कहा-सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने को खतियानी जोहार यात्रा निकाल रही

## आठ पन्नों का राजनीतिक प्रस्ताव पारित

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** बाबानगरी देवघर में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की बैठक सोमवार को शुरू हुई। इसमें राज्य सरकार की विफलता को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। पार्टी ने सर्वसम्मति से आठ पन्नों का राजनीतिक प्रस्ताव पारित कर हेमंत सरकार के खिलाफ उलगुलान शुरू करने का निर्णय लिया है। सांसद सुनील सोरेन ने राजनीतिक प्रस्ताव रखा। इसका समर्थन विधायक अनंत ओझा एवं केदार हाजरा ने किया। राजनीतिक प्रस्ताव पर सांसद निशिकांत दुबे तथा सूरज मंडल ने भी अपने विचार रखे। राज्यभर से जुटे लगभग 400 डेलीगेट्स के समक्ष पार्टी ने भावी रणनीति पर चर्चा भी की। बैठक में मिशन 2024 को लेकर कार्यकर्ताओं को कमर कस लेने का निर्देश मिला है। मोदी सरकार के आठ वर्षों के कार्यों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का निर्देश भी दिया गया, साथ ही पार्टी के पदाधिकारियों को भी यह निर्देश दिया गया है कि वे अपनी पहुंच पंचायत स्तर तक बढ़ायें। झारखंड में हेमंत सरकार को हर मोर्चे पर विफलता करार देते हुए कहा गया कि राज्य की जनता इस सरकार से पूरी तरह उब चुकी है। जनता आशा भरी नजरों से भाजपा की ओर देख रही है। पार्टी जनता के हित में सड़क से सदन तक निरंतर संघर्ष करेगी।





## सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है भारत

प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में मोदी सरकार के करिश्माई नेतृत्व को सराहा गया। सांस्कृतिक पुनरुद्धार के तौर पर राम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ कोरिडोर, महाकाल लोक जैसे कार्यों की चर्चा की गयी। भयानक मंदी के दौर में भी भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए केंद्र सरकार की सराहना की गयी। भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलने को बड़ा कदम बताया गया। इसके अलावा मोदी सरकार की स्वच्छ भारत अभियान, जनधन योजना, उज्जवला योजना समेत अन्य योजनाओं का जिक्र किया गया। आदिवासी और जनजाति समुदाय के लिए उटाये गये कदम की सराहना की गयी। इसके अलावा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय जनजाति दिवस घोषित करने और झारखंड की पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू को देश का पहला आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनाने पर केंद्रीय नेतृत्व का साधुवाद किया गया।

## सरकार को भ्रष्ट बताया

बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव पारित करत हुए कहा गया कि केंद्र सरकार अपने स्तर से झारखंड सरकार की मदद करती है, पर राज्य में संपोषित भ्रष्टाचार ने रिकॉर्ड स्थापित कर रखा है। कर्मचारी से लेकर सीएम तक के करप्शन की खबरें सामने आ रही हैं। राजनीतिक प्रस्ताव में राज्य के मुख्यमंत्री पर निशाना साधा गया है तो इडी की कार्रवाई की चर्चा की गयी है। साथ में यह भी कहा गया है कि राज्य में खान खनिज, बालू, जमीन की लूट मची हुई है। हेमंत सरकार में परिवारवाद का नया चेहरा उजागर हुआ है, राजनीतिक भागीदारी के साथ-साथ लूट और भ्रष्टाचार में भी यह दिखता है। सोरेन परिवार को दुमका में राजनीतिक विरासत के लिए परिवार से अलग कोई आदिवासी परिवार नहीं दिखता। सीएम अपनी कलम से खुद के नाम, पत्नी कल्पना सोरेन और भाई बसंत सोरेन के नाम खान खनिज आवंटित करते हैं। सरकार आदिवासी व दलित विरोधी भी है। टीएसी के गठन को विवादित बना दिया, नगर निकाय चुनाव में मेयर सीट को आरक्षित करने में आदिवासी और दलित को लड़वाया। आदिवासियों के लिए आरक्षित इंडस्ट्रियल एरिया को अपनी पत्नी के नाम सीएम ने करवाया। दो वित्तीय वर्षों में केंद्र से आदिवासी बहुल गांवों के विकास के लिए मिले 135 करोड़ रुपये में से मात्र 13 करोड़ ही सरकार खर्च कर पायी। अब तक एससी जाति आयोग का गठन नहीं किया है।

निकाय चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण देने की मंशा नहीं दिखती, ट्रिपल टेस्ट कमिटी का गठन इसके लिए अब तक नहीं किया है, युवा, किसान, महिलाओं की विरोधी भी यह सरकार है। हर साल 5 लाख को नौकरी का वादा करने वाली सरकार ने 3 सालों में महज 357 को ही नौकरी दी है। प्रस्ताव में कहा गया कि सरकार दिग्भ्रमित है। ऐसे में वह अपनी नीतियों, योजनाओं से जनता को भी दिग्भ्रमित कर रही है। न नीयत साफ है, न नीति स्पष्ट है। स्थानीय नीति और नियोजन नीति पर सरकार संविधान की नौवीं अनुसूची का बहाना बना रही है। हेमंत सरकार में सहयोगी कांग्रेस पार्टी का इतिहास सत्ता सुख और सत्ता सुख में दोहरा चरित्र का रहा है। राज्य में जब भी कांग्रेस सत्ता में आयी है, अपनी करतूत दोहराती रही है। राज्य सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने को खतियानी जोहार यात्रा का ढोंग कर रही है।

## घुसपैठियों के कारण संथाल परगना की डेमोग्राफी बदल रही

**देवघर में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक, पूरे प्रदेश में फैला है लूट झूठ और भ्रष्टाचारः दीपक प्रकाश**

रांची (आजाद सिपाही)। देवघर में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक सोमवार से शुरू हो गयी। बैठक में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव फतह करने का बिगुल फूंका गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पदाधिकारियों को टास्क मिला है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि केंद्र में पहले से भी ज्यादा मजबूती के साथ भाजपा की सरकार बननी तय है और राज्य में झारखंड फतह करने के लिए भी विशेष रणनीति तय कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीट इस बार भाजपा की झोली में आयेगी और विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत के साथ झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी, जिसका प्रमाण इसी वर्ष रामगढ़ में होने वाले विधानसभा उपचुनाव जीत कर दिया जायेगा। दीपक प्रकाश ने कहा कि केंद्र सरकार गरीब तबके के लिए कई योजनाएं लाती है लेकिन हकीकत में झारखंड की वर्तमान सरकार धरातल पर उसे नहीं उतार रही है। दीपक प्रकाश ने हेमंत सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि इस सरकार में भ्रष्टाचार, लूट, बिगड़ती कानून व्यवस्था, जनता की अनदेखी करने वाली इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए यह बैठक काफी महत्वपूर्ण है। बैठक में बाबूलाल मरांडी ने भी हेमंत सरकार पर वार किया। कहा कि संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी में बदलाव हो रहा है। इसके कारण आज रोजगार और कानून व्यवस्था पर भी असर पड़ रहा है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर आज बाबा नगरी देवघर से चुनावी तैयारी का बिगुल फूंक दिया गया है। इससे पूर्व दीनदयाल उपाध्याय तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात मंचासीन पदाधिकारियों के द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित किया गया। मंच पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, भाजपा विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी, संगठन क्षेत्रीय महामंत्री नागेंद्रनाथ त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राष्ट्रीय मंत्री डॉ आशा लकड़ा, केंद्र सरकार की शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी का नारायण दास, जेपी पटेल, नीलकंठ सिंह मुंडा, विनोद शर्मा, गंगोत्री कुजूर, अपर्णा सेन गुप्ता ने स्मृति चिह्न, शाल देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रदेश के मंत्री मिस्त्री सोरेन ने किया।

## दिवंगत कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि दी गयी

बैठक में हेमंत दास द्वारा शोक प्रकाश रखा गया, जिसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता स्व. हीरा बेन के साथ साथ स्व समरेश सिंह, हेमेंद्र प्रताप देहाती, स्व शारदा प्रसाद मिश्र, स्व प्रशांत कुमार, स्व संजय तुरी, स्व राहुल पासवान, स्व दामोदर सिंह चौधरी, स्व. सुमित केसरी, स्व शिवनारायण गुप्ता, स्व सुखपाल, स्व रामजीलाल सिंघानिया, स्व वाल्मीकि सिंह, स्व. गणेश साह, अधीर मंडल, स्व. बलराम राय, स्व सुनील नाथ को श्रद्धांजलि दी गयी। झारखंड में महिलाओं पर बढ़ते उत्पीड़न और अत्याचार, गौ तस्करी और तुष्टिकरण के कारण हुई निर्मम हत्या, जिसमें अंकिता सिंह, रुबिका पहाड़िया, एएसआइ संध्या टोपनो, कमलदेव गिरि एवं रामेश्वर मुर्मू के साथ-साथ सभी ज्ञात-अज्ञात दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर आत्म शांति के लिए प्रार्थना की गयी।

www.epaper.azadsipahi.in

24 जनवरी, 2023
माघ, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 97

खेल मंत्रालय ने बृजभूषण शरण पर लगे आरोपों की जांच मैरी कॉम को सौंपी



### इडी ने साहिबगंज के डीसी से सात घंटे पूछताछ की

## अधिकांश सवालों का जवाब नहीं दे पाये रामनिवास यादव

● 6 फरवरी को इडी ने फिर बुलाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अवैध खनन मामले में सोमवार को साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव से प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के अधिकारियों से सात घंटे तक पूछताछ की। इडी अधिकारियों ने उनसे पूछताछ की पहले से ही तैयारी कर रखी थी। उनसे क्या-क्या सवाल पूछने हैं, इसकी सूची तैयार थी। सूत्रों के मुताबिक रामनिवास यादव के जबाव से अधिकारी संतुष्ट नहीं हुए। वह अधिकतर सवालों का जवाब नहीं दे पाये। उन्हें एक बार फिर 6 फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

**'नहीं मालूम है' कह कर टाला सवाल :** गौरतलब है कि इडी द्वारा राज्य में अवैध खनन की जांच की जा रही है। रामनिवास साहिबगंज क्षेत्र में 1000 करोड़ के अवैध खनन घोटाले में संरक्षक की भूमिका निभाने वाले माने जाते हैं। इसी क्रम में इडी ने रामनिवास को पूछताछ के लिए बुलाया था। वह सोमवार सुब 11:00 बजे रांची स्थित इडी के जोनल कार्यालय पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक उनसे पूछा गया कि वे कब से साहिबगंज के डीसी हैं? अवैध पत्थर घोटाले की जानकारी उन्हें है या नहीं है? डीसी के रूप में उन्होंने रोकने के लिए क्या कदम उठाया? कितने एफआइआर दर्ज करने की अनुशंसा की? जहां से पत्थर का अवैध उत्खनन हो रहा था, उन इलाकों में हुए कब-कब जांच के लिए गये? बरहेट के झामुमो नेता और विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा से उनके किस तरह के रिश्ते हैं? एक अधिकारी के रूप में न्यायिक हिरासत में चल रहे पंकज मिश्रा से उन्होंने फोन पर क्यों बात की? इस तरह के कई सवाल एक के बाद एक उनसे पूछे गये। बहुत सारे सवालों का जवाब देने में डीसी हिचक रहे थे। अधिकांश सवालों का जवाब डीसी ने 'नहीं मालूम' में दिया या टाल गये।

**जहाज डूबने की घटना मामले पर उलझे :** डीसी से गंगा नदी में अवैध स्टोन चिप्स से लदे जहाज डूबने के मामले में भी सवाल किये गये। साहिबगंज डीसी ने यह रिपोर्ट दी थी कि घटना दिन की है। वहीं कटिहार के डीएम ने साहिबगंज के डीसी से इतर रिपोर्ट दी कि यह घटना रात की है। साहिबगंज डीसी ने जब अपनी रिपोर्ट मार्च 2022 में सौंपी थी, तो कमिश्नर चंद्र मोहन कश्यप ने दोबारा रिपोर्ट देने को कहा था। मनिहारी घाट की घटना के संबंध में जो पहली रिपोर्ट थी, वह सही नहीं थी। तब पंकज मिश्रा ने आयुक्त को फोन किया था और डीसी की रिपोर्ट को ही आगे बढ़ाने की एक तरह से धमकी दी थी। इस मामले से संबंधित सवालों में रामनिवास कई बार उलझे। वह संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं दे पाये।

### खतियानी जोहार यात्रा में मुख्यमंत्री पहुंचे सिमडेगा, हुआ स्वागत

## हम जब-जब केंद्र से अपना अधिकार मांगते हैं, वह हमारे पीछे इडी-सीबीआइ लगा देती है : हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** खतियानी जोहार यात्रा के तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सिमडेगा पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर बच्चियों ने सीएम के स्वागत में पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति दी। सीएम के साथ मंच पर विधायक नमन बिक्सल कोंगड़ी, भूषण बाड़ा, भूषण तिर्की गुमला विधायक और श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता मौजूद रहे। खतियानी जोहार यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि सिमडेगा राज्य का सीमावर्ती जिला है। हम यहां खेल को प्रोत्साहित करने के लिए पहले आये हैं। हम कई बार सिमडेगा जिले का दौरा कर चुके हैं। इस बार खतियानी यात्रा के लिए आये हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खतियानी यात्रा का मतलब लोगों को बताया। बोले, हमें बार-बार संघर्ष करके अपना परिचय देना पड़ता है। जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए यहां के लोगों ने शहादतें दी हैं।

सीएम ने कहा कि झारखंड सरकार का केंद्र पर 1 हजार 300 सौ करोड़ रुपये का बकाया हो गया है। लेकिन वे दे नहीं रहे, उल्टा इडी और सीबीआइ भेज कर चुप कराने की कोशिश की जाती है। सीएम ने कहा कि हमारे हक और अधिकार लोग लूट ले जाते हैं। हमारी सरकार बनते ही कोरोना की चुनौती आकर खड़ी हो गयी। 20 सालों में राज्य की ऐसी स्थिति बना दी है कि यहां की आर्थिक स्थिति खराब हो गयी। सिमडेगा में ही लोग हाथों में राशन कार्ड लेकर आये थे, कई लोगों की मौत हुई थी। कोरोना के समय हमारे राज्य के 20 से 25 लाख मजदूर फंस गये थे। कोरोना के समय भी हमने किसी को ट्रेन, किसी को हवाई जहाज से लाकर घर पहुंचाया। मुख्यमंत्री ने पूर्व की सरकार को बेईमान बताया। बोले, इनकी नीतियों से तमाम फैक्ट्रियां बंद हो गयीं। हमारी सरकार ने किसी को भूख से नहीं मरने दिया। दो साल तक ऐसी स्थिति बनी रही। दो साल बाद काम शुरू हुआ, तो इनको दर्द होने लगा। हमारी सरकार के खिलाफ षड्यंत्र करना शुरू कर दिया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सब पंचायतों में अधिकारी और नेता गये। 20 साल में कभी अधिकारी कमरे से नहीं निकले थे। अब सब जगह जा रहे हैं। हमें शिविर के जरिए 65 लाख शिकायतें मिलीं। राज्य की मुख्य मांगों का समाधान किया जा रहा है। सब योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। हमने साठ साल से ज्यादा उम्र के हर व्यक्ति को पेंशन देने का कानून बना दिया।



अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय चाइबासा में सीएम हेमंत सोरेन।

**R.T.C. HIGH SCHOOL**
(A Senior Secondary Co. Ed. Affiliated to C.B.S.E., Delhi)
Affiliation No.: 3430140, School No. : 66339

**REQUIRES**

(1) **PGT For Subjects :-**
Physics, Chemistry, Maths, Biology, English, Hindi, Social Science, Physical Education (M.P.Ed.), Computer Science and Music Teacher. Candidates Should have good command on subject and excellent communication skills with extra curricular activity.
**Essential Qualification :-** Master degree in concern subject with B.Ed and CTET.

(2) **Ladies Peon to take care of Nursery and Junior students.**
**Essential Qualification :-** Must be higher secondary with Nursing degree.

Apply with full Bio-data on or before **02.02.2023.**
**Walk-in-interview** on **05.02.2023 at 10:00 A.M.** with all certificates in the School campus.

**Sd/- Secretary/Director**

P.H.E.D. (Kh. Tola) Buti, Ranchi, Jharkhand
Contact No.- 9334432596, 9431383066

## अल्बर्ट एक्का के नाम पर अंडमान-निकोबार का एक द्वीप

### 21 परमवीरों के नाम पर द्वीपों के पड़े नाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पराक्रम दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 21 सबसे बड़े द्वीपों का नामकरण किया। इन द्वीपों का नाम 21 परमवीर चक्र से सम्मानित 21 परमवीरों के नाम पर रखा गया है। पहले इन द्वीपों का कोई नाम नहीं था। अब ये द्वीप देश के असली नायकों के नाम से जाने जायेंगे। इनमें से एक द्वीप झारखंड के महानायक अल्बर्ट एक्का के नाम से भी रखा गया है। इसके अलावा भारत-चीन जंग में पैर से मशीनगन चलाने वाले मेजर शैतान सिंह, कारगिल जंग के हीरो कैप्टन विक्रम बत्रा और मनोज कुमार पांडेय आदि के नाम से द्वीप के नाम रखे गये हैं।



आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 24 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in


## रुद्र महाचंडी यज्ञ को लेकर कमेटी का गठन जिप चेयरमैन उमेश मेहता बने अध्यक्ष



**इचाक (आजाद सिपाही)।** इचाक मोड़ दुर्गा मंदिर का भव्य उद्घाटन श्रीश्री 1008 श्रीश्री रुद्र नौ दिवसीय महाचंडी यज्ञ को लेकर इचाक मोड़ शिव मंदिर के प्रांगण में बैठक हुई। सर्वसम्मति से पूजा कमेटी का गठन किया गया, जिसमें समिति अध्यक्ष जिप अध्यक्ष उमेश मेहता, सचिव कैलाश मेहता, उपाध्यक्ष कुलदीप प्रसाद मेहता, भागवत मेहता, बालेश्वर मेहता, जयनारायण मेहता, कोषाध्यक्ष चंद्रधारि मेहता, सह सचिव राज बल्लम मेहता, फुलेश्वर मेहता, परमेश्वर मेहता, तालेश्वर मेहता, सुखदेव मेहता, सीताराम मेहता, प्रवचन प्रभारी–चोहन महतो, दिनेश मेहता, चंद्रदेव मेहता, राजेंद्र मेहता, पूजा प्रभारी– उमेश मेहता, राजकुमार मेहता, भंडारण प्रभारी नरेश मेहता, महेंद्र मेहता, मुंशी मेहता, साउंड प्रभारी–सिकंदर मेहता, लाइट प्रभारी–गोविंद मेहता, प्रचार प्रसार प्रभारी–रंजीत मेहता, दिगंबर मेहता, गोविंद मेहता समेत कई पूजा प्रभारी नियुक्त किये गये हैं।

## कैंपियन बेसिक एकेडमी में मनायी गयी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती



**इचाक (आजाद सिपाही)।** मानव विकास द्वारा संचालित विद्यालय कैंपियन बेसिक एकेडमी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर उनके चित्र पर सचिव बीरबल प्रसाद एवं प्रचार्या सुरभि वर्मा के द्वारा माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात बारी बारी से सभी शिक्षकों ने नेता जी के चित्र पर फूल चढ़ाकर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर उपस्थित विद्यालय के सचिव ने नेता जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेता जी बचपन से ही बहुत कुशाग्र बुद्धि के थे। देश की आजादी में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है वहीं प्रचार्या सुरभि वर्मा ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रबंधक गणेश शंकर मदन ने भी अपने बातों को रखा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिका मधु देव, रिमझिम सिन्हा, अनिता दास, शालू गुप्ता, सोनी कुमारी, आरिफ हुसैन, रजा आलम, गौरव कुमार, रंजित शर्मा, मोहन करमाली, संदीप सिंह, सुजीत शर्मा, धनेश्वर कुमार, कुनाल कुमार, सूर्यांक गोस्वामी, गुड्डू कुमार सराहनीय योगदान रहा।

## अलौन्जा पंचायत भवन में पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के किसान महिला दीदी को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा अलौन्जा पंचायत भवन में पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उद्घाटन मुखिया सिकंदर प्रसाद मेहता, उद्यान विभाग के सहायक निदेशिका निकिता कुमारी, जी टी भारत के निर्भय कुमार, उत्सव कुमार राजीव एवं मनोज। कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुखिया ' ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्नत खेती एवं वैज्ञानिक तरीके से प्रशिक्षित किसान खेती कर अपनी आय को बढ़ा सकते हैं। सहायक निदेशक निकिता कुमारी ने कहा कि किसान प्रति बंजर भूमि पर केला अमरूद एवं फूलों की खेती कर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के डायरेक्टर अंजू देवी, राधा देवी, इंदु कुमारी, उषा देवी, नीतू देवी, सीमा कुमारी समेत कई महिला शामिल हुए।

## मुखिया ने आंगनबाड़ी केंद्र में बांटे स्वेटर



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के झरपो मुखिया शिबु प्रसाद सोनी ने आंगनबाड़ी केंद्र -4 पर पढ़ने वाले बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। मुखिया ने बच्चों को ठंड में प्रतिदिन स्वेटर पहन कर आंगनबाड़ी आने का बात कहा तथा बच्चों को साफ सफाई का विशेष ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही साथ बच्चों के पोष्टिक आहार पर ध्यान देने की बात कह पर सेविका नीलम राणा,सहायिका सावित्री देवी,कौलेश्वर मिश्रा,श्याम कुमार, बासुदेव महतो, सुरेंद्र राणा समेत अन्य उपस्थित थे।

## चिकित्सा शिविर का आयोजन कर दवाइयों का हुआ वितरण




**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** मातृ छाया चैरिटेबल होस्पिटल ने 23 जनवरी को मध्य पंचायत मरकच्चो स्थित मातृ छाया हॉस्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। शिविर में झुमरीतिलैया के प्रसिद्ध शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ नरेश पंडित, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अरविंद तिवारी, दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ आकाश प्रसाद व दन्त रोग विशेषज्ञ श्रिष्टि प्रिया के द्वारा इलाज किया गया। शिविर में शिशु रोग से सम्बंधित 102 मरीजों, नेत्र रोग से सम्बंधित 190 मरीजों एवं दन्त रोग से सम्बंधित 81 मरीजों का इलाज किया गया। मातृ छाया हॉस्पिटल के संस्थापक जुगनू जयंत सिन्हा ने कहा कि अमीर के पास पैसे है तो वह अपना इलाज अच्छी तरह करवा लेंगें। लेकिन गरीब व्यक्ति नहीं करवा पाता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क चिकित्सा शिविर शुरू किया है। शिविर को सफल बनाने में जे जे टीम सदस्य नवनीत ओझा, नितिन तिवारी, सुरेंद्र यादव, रोनी दत्ता, अभिनव दुबे, रविशंकर तिवारी मंटू, डॉ अवधेश वर्मा, प्रमोद कुमार सिन्हा, जुगनू कुमार सिन्हा, संजीत कुमार, अंकित कुमार, विक्रांत कुमार गोनु, विवेक सिंह, तबरेज आलम आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## मॉडल एकेडमी में नेताजी की जयंती मनी




**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** मॉडल एकेडमी डोमचांच में सोमवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाया गया। विद्यालय की संचालिका संगीता सिन्हा ने कहा कि भारत के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी और महान क्रांतिकारी सुभाष चंद्र बोस की आज जयंती है, उनके जन्मदिन को पूरा देश एक उत्सव की तरह मना रहा है। आयोजन में प्रधानाध्यापक विजय कुमार, शिक्षक प्रवीण कुमार, मुकेश पाण्डेय, बलराम वर्मा, किशोर सिन्हा, सूरज कुमार, विश्वजीत बनर्जी, श्रुति सिन्हा, प्रीति शेखर की मुख्य भूमिका रही।

## वाणी कंप्यूटर सेंटर में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनी




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सोमवार को वाणी कंप्यूटर सेंटर कोडरमा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126 वीं जयंती मनाया गया। संस्थान के निदेशक सतीश कुमार यादव ने नेताजी के फोटो पर माला अर्पण कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। वही मौके पर शिक्षिका मीना कुमारी छात्र छात्राओं में संदीप कुमार, सागर कुमार, सचिन कुमार, मोनिका कुमारी, मुमताज आलम, पंकज कुमार इत्यादि मौजूद थे।

### स्कूल, कालेजों में जयंती पर याद किये गये नेताजी सुभाष चंद्र बोस

# हजारीबाग में चहुंओर रही बोस जयंती की धूम








**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चलकुशा।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष में नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्कूल चौबे के छात्र-छात्राओं के द्वारा चौबे और खरगू पंचायत में लगभग 8 किलोमीटर की पैदल पद यात्रा कर प्रभात फेरी निकाली गई। स्कूल के सभी छात्रों ने इस प्रभातफेरी में काफी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और भारत माता और सुभाष चंद्र बोस जिंदाबाद के नारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। छात्रों के बीच पानी और नाश्ता का वितरण किया गया। इसमें स्कूल के शिक्षकों ने काफी अहम भूमिका निभाई हैं, जिसमे राम कुमार सिंह, बंगाली उर्फ राहुल मोदी, रवि कुमार, विकाश कुमार, प्रभाकर कुमार, आलोक शंकर, नीधि, अंशु, रीणा देवी आदि शिक्षको की सराहनीय योगदान रहा।

### झरपो शिशु विकास विद्यालय में मनायी गयी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के झरपो स्थित शिशु विकास विद्यालय में वीर सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। विद्यालय के व्यवस्थापक ज्योतिष पंडा , प्रधानाआध्यापक सत्यानंद पाण्डेय ,प्रमोद पाण्डेय, मुस्कान कुमारी, आरती देवी ने सुभाष चंद्रबोस की तस्वीर पर माला पहनाकर दीप प्रज्वलित कर श्रंद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। प्रधानाध्यापक सत्यानंद पांडेय ने बच्चों से कहा कि सुभाष चंद्र बोस की जीवनी स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कुट्टक गांव में हुआ। उनके पिता जानकीनाथ बोस वकील थे। उनकी माता का नाम प्रभावती था। वे भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए जापान के सहयोग से 'आजाद हिन्द फौज' का गठन किया था। नेताजी सुभाष चंद बोस द्वारा दिया गया 'जय हिंद' का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा है। तुम मुझे खून दो मै तुझे आजादी दूंगा का नारा भी इन्होंने दिया था सुभाष चंद बोस के मन में देशप्रेम, स्वाभिमान और साहस की भावना बचपन से ही बड़ी प्रबल थी देश के वीर देशभक्त सिपाही को बच्चें अनुराधा सुमन, पारुल कुमारी, आकृति कुमारी, दुर्गा कुमारी, सोनपरी, प्रांजल कुमारी, अनु कुमारी, अनमोल कुमारी, रौनक पंडा, सागर कुमार,अंकित कुमार पांडेय, आर्यन कुमार सहित सैकड़ों बच्चों ने याद कर नमन किया।

### ज्ञानोदय विकास स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के भगवान बागी रोड स्थित ज्ञानोदय विकास स्कूल में आजाद हिद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक रियासत हसन ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए.इस अवसर पर विद्यालय के सचिव सिकंदर सोनी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस देश के महानायक थे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक ईश्वर दयाल महतो राजू कुमार राणा कहीं प्रत्याशियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया मौके पर उप प्रधानाध्यापक अरुण कुमार, सौरभ कुमार रंजन, तोहिद आलम, अनामिका कुमारी, अनिता कुमारी, अर्सला नाहिद, रूपा कुमारी, मीना कुमारी, रिंकी कुमारी, अविनाश कुमार, आशीष कुमार, मुनाजिर आलम, निकिता राज, लालदेव महतो सहित सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

## जगन्नाथ महतो इंटर महाविद्यालय में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनी



**इचाक (आजाद सिपाही)।** जगन्नाथ महतो इंटर महाविद्यालय उरूका में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में सादे समारोह में मनाया गया। महाविद्यालय का प्रांगण तुम मुझे खून दो ,मैं तुम्हें आजादी दूंगा, जय हिंद ,दिल्ली चलो के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर बसंत कुमार तथा संचालन प्रोफेसर राजेंद्र यादव ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य बसंत कुमार ने कहा कि -आजादी की लड़ाई को नई ऊर्जा देने वाले नेताजी सुभाषचंद्र बोस जितने बड़े सुलझे हुए नेतृत्वकर्ता और संगठनकर्ता थे, उतने ही बड़े क्रांतिकारी, विचारक और आलोचक भी थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक प्रतिनिधि प्रोफेसर विजय कुमार दास ने कहा कि नेताजी सांप्रदायिक ताकतों की कुत्सित प्रयासों का जीवन भर विरोध करते रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय की बच्चों ने भी अपने अपने विचार रखें। मौके पर शिक्षक प्रतिनिधि प्रो .विजय कुमार दास, प्रोफेसर राजेंद्र यादव ,प्रोफेसर उमेश कुमार, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. प्रेमचंद कुमार पंत ,सुषमा कुमारी ,जय प्रकाश कुमार, भुनेश्वर प्रसाद मेहता ,संतोष कुमार ,अजय कुमार ,शंभू कुमार, सविता देवी ,सोनम कुमारी ,पूनम कुमारी, शुभम,मुस्कान,मधु,निशा,सेजल आदि उपस्थित थे।

## डिवाइन स्कूल में नेताजी की 126वीं जयंती मनायी गयी




**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसइ बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की 126वीं जयंती पराक्रम दिवस के तौर पर मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यालय निदेशक आइपी भारती तथा प्राचार्य भानु प्रताप सिंह के द्वारा मानवता, समता और न्याय के अग्रदूत नेताजी के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। अपने संबोधन में प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे अग्रदूत थे, जिन्होंने अपने अदम्य साहस, नेतृत्व कौशल और ओजस्वी भाषण से देश के लाखों युवाओं को आजादी की लड़ाई में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय निदेशक आई पी भारती ने कहा कि नेताजी जितने बड़े एवं सुलझे हुए नेतृत्वकर्ता और संगठनकर्ता थे, उतने ही बड़े क्रांतिकारी, विचारक व आलोचक भी थे।उनका जीवन, उनके विचार और कठोर त्याग आज भी युवाओं को प्रेरित करते हैं। छात्रों द्वारा नेताजी को श्रद्धांजलि देते हुए गीत और नृत्य नाटिका तथा झांकी भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राना तेजस्वी, प्रीति प्रभा,संजय कुमार यादव, काशीनाथ महतो ,रामनन्दन कुमार, विमल किशोर, कुलदीप पासवान, अनिल उपाध्याय, राजीव मोदी, सीवेलु, रामवृक्ष कुमार, दिनेश चंद्रा, अविशेष, मानती लकड़ा, रीता मुर्मु, शबनम खातुन, सुलेखा मोदी, राधा कुमारी, पुनम कुमारी आदि का योगदान विशेष रहा।

## आइसेक्ट विश्वविद्यालय में मनी बोस की जयंती

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**हजारीबाग।** सोमवार को मटवारी स्थित आइसेक्ट विश्वविद्यालय के सिटी कैंपस सभागार में विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई के बैनर तले कार्यक्रम आयोजित कर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 126वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत नेताजी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि नेताजी की उपाधि पाने वाले देश से एकमात्र नेता सुभाष चंद्र बोस थे। देश के लिए उनके त्याग और बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने आजाद हिन्द फौज का जिक्र करते हुए कहा कि देश की आजादी में नेताजी के द्वारा संचालित आजाद हिन्द फौज की भूमिका महत्वपूर्ण रही। उन्होंने कहा कि युवाओं को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के सोच, विचार और उनके परिकल्पना पर चलने की जरूरत है। इससे पूर्व स्वागत भाषण देते हुए एनएसएस अधिकारी डॉ रूद्र नारायण ने नेताजी का जीवन दर्शन मातृभूमि के लिए त्याग और संघर्ष का अप्रतिम उदाहरण बताया। इस मौके पर सीएस एंड आईटी डीन डॉ विनोद कुमार व एसएनके उपाध्याय ने भी अपने विचार रखे और नेताजी को युवाओं का प्रेरणास्रोत बताया। धन्यवाद ज्ञापन डीन एडमिन डॉ एसआर रथ ने किया। मौके पर एनएसएस अधिकारी प्रिति व्यास, एचआर राजकुमार तिवारी, उमा कुमारी, उदय रंजन, कुमारी सीमा, डॉ सोनी मेहता समेत कई प्राध्यापक -प्राध्यापिकाओं के साथ साथ कई व विद्यार्थी मौजूद थे।कार्यक्रम के दौरान निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में फाइन आर्ट्स थर्ड सेमेस्टर की निशि शर्मा व निबंध प्रतियोगिता में बीसीए फर्स्ट सेमेस्टर की अल्पना कुमारी कुमारी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इन प्रतियोगिताओं में संतोष कुमार, आशीष कुमार, जयप्रकाश सिंह, राहुल कुमार, नितीश कुमार, मुस्कान कुमारी, प्रियंका कुमारी, श्रुति राज, रोहित कुमार, राहुल गुप्ता, अमन साह, चेतन कुमार, जेसिका ठाकुर, अभिषेक कुमार गुप्ता, पुरूषोत्तम साह, मुजीबुर्रहमान, सद्दाम हुसैन, राहुल गुप्ता समेत सैंकड़ों विद्याथीर्यों ने हिस्सा लिया।

## श्री महेश एकेडमी में पराक्रम दिवस मना




**डोमचांच।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वीं जयंती श्री महेश एकेडमी, डोमचांच में श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं छात्र- छात्राओं के भाषण कार्यक्रम के साथ मनायी गई। एकेडमी के निदेशक सुनील कुमार सिन्हा ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के पश्चात छात्र- छात्राओं ने पराक्रम दिवस के अवसर पर भाषण कार्यक्रम प्रस्तुत किया भाषण कार्यक्रम में कोमल गोस्वामी, श्रवण कुमार यादव, सुमित कुमार, कुसुम गोस्वामी, जासमीन कुमारी, आलिया मेहता, अंशिका कुमारी, कोमल कुमारी, रिया कुमारी ने भाग लिया. उक्त अवसर पर प्राचार्या रीना दाराद, वरिष्ठ शिक्षक मोहनलाल पांडेय, शुभम कुमार, नकुल पांडेय, श्रवण कुमार, संजय कुमार, शिक्षिका सोफाली कुमारी, सपना गुप्ता, पूजा कुमारी एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज कपका में स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी का जयंती मनाया गया। बरकट्ठा प्रखंड के कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल और कॉलेज कपका में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती मना गया। संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद एवं प्रबंधक निदेशक वीरेंद्र प्रसाद प्रबंधक राजेश कुमार यादव द्वारा माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। संस्था के निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया की स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कुट्टक गांव में हुआ। उनके पिता जानकीनाथ बोस वकील थे। उनकी माता का नाम प्रभावती था। वे भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए जापान के सहयोग से 'आजाद हिन्द फौज' का गठन किया था। नेताजी सुभाष चंद बोस द्वारा दिया गया 'जय हिंद' का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा है। सुभाष चंद बोस के मन में देशप्रेम, स्वाभिमान और साहस की भावना बचपन से ही बड़ी प्रबल थी। वे अंग्रेज शासन का विरोध करने के लिए अपने भारतीय सहपाठियों का भी मनोबल बढ़ाते थे। अपनी छोटी आयु में ही सुभाष ने यह जान लिया था कि जब तक सभी भारतवासी एकजुट होकर अंग्रेजों का विरोध नहीं करेंगे, तब तक हमारे देश को उनकी गुलामी से मुक्ति नहीं मिल सकेगी। जहां सुभाष के मन में अंग्रेजों के प्रति तीव्र घृणा थी, वहीं अपने देशवासियों के प्रति उनके मन में बड़ा प्रेम था। इस मौके पर संस्था के शिक्षक बैजनाथ कुमार मंडल, नंदू कुमार ,राजीव पांडे, नेहा कुमारी, सुमन रानी, प्रकाश कुमार, पवन कुमार, आरती कुमारी, सपना कुमारी, गुड़िया देवी, मानती कुमारी, सीता कुमारी ज्योति भारद्वाज आदि शिक्षकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।

## सफलता एक्सप्रेस के कई छात्र झारखंड पंचायत सचिव में सफल




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बाबू गांव चौक स्थित सफलता एक्सप्रेस के कई छात्र का चयन अंतिम रूप से झारखंड पंचायत सचिव और सचिवालय निम्न वर्गीय क्लर्क में हुआ सफल छात्रों में सोनाली कुमारी, बबीता कुमारी ,लल्लन ठाकुर, प्रभाकर प्रेम सिंह, उज्जवल कुमार, अंशु देव ,बबलू कुमार यादव ,तरुण कुमार, प्रमोद कुमार ,तारकेश्वर कुमार,अरविंद कुमार,महेश रविदास ी३ू सफल छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और संस्थान को दिया। संस्थान पिछले कई वर्षों से लगातार रिजल्ट देने के कारण छात्रों की पहली पसंद बन चुकी है संस्थान के निर्देशक अखिल कुमार गुप्ता ने बताया संस्थान में डिजिटल बोर्ड के माध्यम से एसएससी बैंकिंग रेलवे डिफेंस और जेएसएससी का नया बैच ऑफलाइन और ऑनलाइन शुरू किया जा रहा है संस्थान के शिक्षक प्रवीण सर पवन राज राजीव कुमार ने सफल छात्र को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में मनी जयंती

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को सुभाष चंद्र बोस की 127 वी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सह वार्डेन उषा टोपनो, हुश्न आरा सहित समस्त शिक्षकों ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्राचार्य सह वार्डेन उषा टोपनो ने कहा कि नेताजी स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई थी जिसे कभी देश भुला नहीं सकता है। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक व छात्राएं उपस्थित थीं।

## याद किये गये सुभाष चंद्र बोस, दी श्रद्धांजलि



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झुमरीतिलैया स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत नेताजी जन्मोत्सव समिति द्वारा आजाद हिंद फौज के संस्थापक, भारत के आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वीं जन्म जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत समिति के अध्यक्ष अशोक दासगुप्ता, सचिव मनोज सहाय पिंकू, संस्थापक सदस्य लक्ष्मण यादव वरिष्ठ सदस्य दासरथी बनर्जी, सदस्य सुधन्य घोष, डॉक्टर राम सागर सिंह सहित जन्मोत्सव समिति के पदाधिकारियों द्वारा नेताजी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं बारी-बारी से श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। सांसद केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने उपस्थित होकर नेता जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, जबकि विशेष रूप से जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने माल्यार्पण कर नेता जी को आजादी के महानायक के रूप में नमन किया। पहले यहां एक दर्जन से अधिक स्थानीय स्कूल के लगभग बारह सौ बच्चों एवं स्थानीय गणमान्य लोगों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जाता था जबकि सुभाष चौक पर राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा जारी सड़क निर्माण से अवरोध के कारण इस साल सादगी पूर्वक कार्यक्रम संपन्न किया गया। सांसद ने आगामी 3 से 6 फरवरी के बीच नई दिल्ली में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के पदाधिकारियों से जन्मोत्सव समिति के सदस्यों की बैठक करा कर सुभाष चौक पर वृहद पार्क निर्माण का प्रस्ताव पारित कराने की बात कही है। प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए स्वेच्छा से स्थानीय मोहन आधारशिला स्कूल, कौंडिण्य स्कूल, किड्जी स्कूल के बच्चों सहित जन्मोत्सव समिति के पदाधिकारी, संजय शर्मा, पंकज बर्नवाल, अनूप सरकार, उत्तम दास पाल, संदीप मुखर्जी, विपुल गुप्ता, भारत बक्शी, अरशद खान, जयंतो मजूमदार, शशिकांत सिन्हा, शैलेश सिन्हा, रोहित जायसवाल सहित शहर के गणमान्य लोगों में भीम साव, अवनींद्र सिंह, ब्यूटी सिंह, संजीव लांबा, मिलन शाहाबादी, सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी, चांद आलम, सोनू वारसी, नरेंद्र सिंह चंदेल, विनीत कुमार, अजय सिन्हा, चरणजीत सिंह, कामेश्वर पांडे, गौतम वर्णवाल, आशीष पांडे उपस्थित हुए।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 24 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in
05

भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक - 753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA
PHONE: 0671-2367768-783, FAX: 0671-2367663

Advertisement No. 45/AFO/2022-23

Walk-in-interview is to be held on **31.01.2023 for selection of one (01) Agricultural Field Operator (AFO)** at the ICAR- National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Development of Crop and Nutrient Management Practices in Rice" (EAP-193).** The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website- **website: https://icar-nrri.in**.

**PRINCIPAL INVESTIGATOR**

### प्रशासनिक पदाधिकारियों सहित विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने नेताजी को किया याद

# नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को अपनाने का लिया संकल्प







**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126 वीं जयंती सोमवार को रामगढ़ जिला क्षेत्र में धूम-धाम से मनाई गई। जयंती समारोह को लेकर सुबह से ही शहर के मेन रोड स्थित सुभाष चौक पर प्रशासनिक पदाधिकारियों सहित विभिन्न समाजिक व राजनीतिक संगठन के सदस्यों को तांता लगा रहा। सर्व प्रथम डीसी माधवी मिश्रा के नेतृत्व में प्रशासनिक पदाधिकारियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर डीडीसी नागेंद्र कुमार सिन्हा, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, छावनी अधिशासी अधिकारी एम एस हरी विजय, अपर समाहर्ता एन बागे, एसडीओ जावेद हुसैन, जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रसाद, एडीएसओ सुदर्शन मुर्मू सहित कई प्रशासनिक पदाधिकारियों ने नेताजी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## सुभाष चंद्र बोस को मैं शत-शत नमन करता हूं: बजरंग महतो

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सुभाष चौक पर स्थित नेताजी की प्रतिमा पर कांग्रेस नेता बजरंग महतो सहित कई कांग्रेस नेताओं ने माल्यार्पण किया। मौके पर श्री महतो ने कहा कि नेताजी एक स्वतंत्रता सेनानी थे जिस तरह उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन किया था और उनका एक ही नारा था तो मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। उन्होंने कहा कि पूरे देश को आजाद कराने में नेताजी की भूमिका अहम है।

## नेताजी के आदर्शों पर हम सभी को चलने की जरूरत: सुनीता

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आजसू पार्टी के प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने अपने समर्थकों के साथ सोमवार को सुभाष चौक पर स्थित नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि नेताजी के आदर्शों पर हम सभी को चलने की जरूरत है। नेताजी ने जिस तरह देश को आजाद कराने में अपनी भूमिका निभाई है।

## आज भी शरीर में क्रांतिकारी ऊर्जा का संचार होता: शिवकुमार

भारतीय जनता मोर्चा रावण कैंट मंडल के तत्वधान में सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सुभाष चौक पर स्थित नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया मौके पर रामगढ़ मंडल अध्यक्ष शिव कुमार महतो ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस का नारा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा सुनने के बाद आज भी शरीर में क्रांतिकारी ऊर्जा का संचार होता है। नेताजी अगर आजाद हिंद फौज का गठन नहीं करते तो निश्चित ही आज अपना वतन आजाद नहीं हो पाता।

## नेताजी जयंती कमेटी के सदस्यों ने भी किया माल्यार्पण

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर नेताजी जयंती कमेटी के सदस्यों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान बन्नी गांधी के नेतृत्व में समारोह में शामिल लोगों ने नेताजी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि छावनी परिषद के नामित सदस्य कीर्ति गौरव, गुरुद्वारा प्रधान परमजीत सिंह कालरा और कांग्रेस पार्टी के नेता बजरंग महतो थे। वही, बन्नी गांधी ने अतिथियों के आगमन पर उन्हें बुके देकर और मोमेंटो देकर स्वागत किया। मौके पर मुख्य अतिथि कीर्ति गौरव ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी एवं सबसे बड़े नेता थे। इस अवसर पर प्रधान परमजीत सिंह कालरा आदि उपस्थित थे।

## झारखंड बंगाली एसोसिएशन के सदस्यों ने लोगों के बीच किया खीर का वितरण

जयंती को झारखंड बंगोली एसोसिएशन के सदस्यों ने रविवार को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया। अध्यक्ष डीसी पोद्दार एवं महासचिव सुबोध चौधरी के नेतृत्व में दर्जनों महिला-पुरुष सदस्यों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण के बाद बंगाली समाज की महिलाओं ने शंख ध्वनी की। इस दौरान महासचिव सुबोध चौधरी ने लोगों के बीच नेताजी के जीवनी को विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जयंती समारोह के आयोजन के मौके पर झारखंड बंगोली एसोसिएशन के सदस्यों सैकड़ों लोगों के बीच खीर का वितरण किया। मौके पर संरक्षक महेश चौधरी, पुल्लक घोष, सोनाली देवघरिया, सोम्पा गुहा, बैसाखी चौधरी, देवाशीष सेन गुप्ता, अर्पण गुहा, उमा सेन गुप्ता, महिमा चौधरी, रिक्ता पोद्दार, निलीमा चक्रवर्ती के अलावे झारखंड बंगोली एसोसिएशन के कई सदस्य शामिल थे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से टेंपो पलटा, एक की मौत, 4 घायल




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़-बोकारो मार्ग स्थित ओल्ड एज होम के निकट छत्तरमांडू में यात्रियों से भरी एक टेंपो को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर फरार हो गया, जिससे टेंपो संख्या जेएच 01 एई 2813 अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में बोंगासोरी निवासी 32 वर्षीय सद्दाम हुसैन बुरी से घायल हो गया। जिसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, इस घटना में घायल मृतक की पत्नी 25 वर्षीय नाजिया प्रवीण, 5 वर्षीय बेटा सय्यब राजा, 5 वर्षीय बेटा कय्यब राजा और टेंपो चालक अफरोज आलम घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल भेजा गया। इधर, स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त टेंपो को पीछे से एक हाइवा ट्रक ने पीछे से ठोकर मारते हुए भाग गया।

### साली की शादी समारोह से लौट रहा था मृतक

मृतक सद्दाम हुसैन अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ अपना ससुराल चुंबा के बरवाडीह साली की शादी समारोह में गया था। शादी संपन्न होने के बाद सभी लौट ही रहे थे कि ये घटना घटी।

## प्रिंस पार्लर का उद्घाटन, मिलेगी सुविधा

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** रामगढ पतरातू मुख्य मार्ग घुटुवा के दो नंबर गेट में प्रिंस पार्लर का उद्घाटन समारोह आयोजित की गई। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी गिरधारी शर्मा उपस्थित रहे। पार्लर संचालक अनिल ठाकुर एवं बादल कुमार ने बताया हमारे पार्लर में आधुनिक तकनीक से फेसियल, मसाज एवं ब्लीच आकर्षक ऑफर के साथ किया जा रहा है। समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि ने पार्लर संचालक को बधाई देते हुए कहा घुटुवा में इस प्रकार की सुविधायुक्त पार्लर की आवश्यकता थी। मौके पर आकाश कुमार, बच्चन देव महतो, उमेश ठाकुर, सुनील बेदिया, अमित ठाकुर, रितेश ठाकुर, राजू ठाकुर, सरोज ठाकुर, राज कुमार सिंह, जय प्रकाश पाल सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## पतरातू में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू क्षेत्र के आरपीएफ पोस्ट के समीप नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा स्थल पर सोमवार को रेलकर्मी व ग्रामीणों के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सभी लोगों ने उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर ओम प्रकाश, आरके मंडल, कार्तिक प्रमाणिक, एसके सांगा सहित कई लोग शामिल थे।

## 30 जनवरी को फागू बेसरा और संजीव बेदिया को विस्थापित समिति न्यू बिरसा करेगी सम्मानित

**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** विस्थापित कार्यालय न्यू बिरसा पोटंगा में सोमवार को विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा की बैठक समिति के अध्यक्ष सूरज बेसरा की अध्यक्षता में हुई। संचालन समिति के सचिव जीतन मुंडा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया कि आगामी 30 जनवरी को सम्मान समारोह आयोजित कर झारखंड सरकार में मंत्री दर्जा प्राप्त फागू बेसरा एवं झारखंड सरकार में परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया को विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा के द्वारा विस्थापित कार्यालय न्यू बिरसा पोटंगा में स्वागत कर सम्मानित किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप समिति के संरक्षक सोनाराम मांझी, मनोज मुंडा, गणेश गंझू, संतोष सिंह, मोहन सोरेन,झन्नाराम सोरेन, बिनोद हेंब्रम, रैना मांझी, सन्नी सोरेन,जूरा सोरेन,बेनीलाल सोरेन, पप्पू लाल मांझी, महावीर मुर्मू, सुखराम बेसरा, विजय सोरेन, दिनेश टुडू, आनंद बेसरा, प्रेम सोरेन, राजेंद्र गंझू, संजय सोरेन, दिनेश मुंडा, अर्जुन मुंडा, अजय करमाली, गणेश सिंह, बिनोद सोरेन सहित कई लोग मौजूद थे।

### कोयला व्यवसायी गजानंद प्रसाद पर भुरकुंडा में जानलेवा हमला

# कार के एक पार से दूसरे पार निकली गोली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के मेन रोड भुरकुंडा में सोमवार की शाम कोयला व्यवसाई गजानन प्रसाद पर अपराधियों ने जानलेवा हमला किया। हालांकि घटना में गजानंद प्रसाद बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार अपराधियों ने छह राउंड फायरिंग की है। बताया जाता है कि गजानंद प्रसाद अपने कार फॉक्स वैगन जेएच 01 ईडब्लू 4526 नंबर कार से रामगढ़ से अपने घर सौंदा बस्ती लौट रहे थे। इसी बीच लगभग 7:15 बजे भुरकुंडा बाजार स्थित क्षीर सागर के समीप अपराधियों ने गजानन प्रसाद को निशाना बनाते हुए कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली कार के हिस्से को चीरते हुए आरपार निकल गई। वहीं दूसरी गोली दरवाजे पर एक साइड के दरवाजे पर लगी। इसके बाद गजानन प्रसाद के चालक तब्बू बहुत चालाकी से कार को तेज गति से भगाते हुए भुरकुंडा ओपी ले आया। इधर सूचना के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुटी। बताया जाता है कि अपराधियों की संख्या 3 थी। अपराधियों ने हवाई फायरिंग करते हुए जवाहर नगर जाने वाली रास्ते से भाग खड़े हुए। इधर घटना के बाद पूरे बाजार में दहशत का माहौल कायम हो गया। दुकानों के शटर गिरने लगे। मालूम हो कि गजानन प्रसाद पतरातू रेलवे साइडिंग के संचालक के साथ साथ क्षेत्र के जाने-माने कोयला व्यवसाई भी हैं। पूर्व में भी गजानन प्रसाद के भाई महेश प्रसाद पर भी अपराधियों ने बस्ती में गोली चलाई थी घटना में भी महेश प्रसाद बच गए थे पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। घटना की सूचना मिलते ही गजानन प्रसाद के दर्जनों समर्थक भुरकुंडा ओपी पहुंच मामले की जानकारी ले रहें।

### सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, सैकड़ों राउंड चली गोलियां

# पुलिस ने नक्सली कैंप किया ध्वस्त, भारी मात्रा में सामान बरामद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** चतरा और पलामू जिले के सीमा पर स्थित कुटिल-जोबिया जंगल में सोमवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान दोनों ओर से सैंकड़ों राउंड गोलीबारी हुई। हालांकि, इसमें दोनों ओर से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। खुद पर सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली घने जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। चतरा पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों के द्वारा सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के सैक सदस्य गौतम पासवान, रिजनल कमाण्डर नवीन यादव एवं जोनल कमाण्डर मनोहर गंझु (10 लाख इनामी) के द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए 20-25 की संख्या में कुंदा एवं लावालौंग थाना के जंगली क्षेत्र में एकत्रित हुये है। इस सूचना का सत्यापन हेतु एक टीम का गठन किया गया, जिसमें चतरा पुलिस, कोबरा 203 सीआरपीएफ 190/22 बटालियन को शामिल किया गया था। उक्त अभियान दल अभियान के क्रम में जैसे ही ग्राम-मरगड़हा के जंगली क्षेत्रों में पहुंचे तो अचानक पुलिस को अपनी ओर आता देख नक्सलियों के द्वारा पुलिस पार्टी को लक्षित कर फायरिंग की जाने लगी। पुलिस बल द्वारा जवाबी कार्रवाई करते हुए नियंत्रित फायरिंग की गई। उसके उपरांत भाकपा माओवादी उग्रवादी जंगल का लाभ उठाकर भाग निकले।

**कई सामान किये बरामद:** उग्रवादियों द्वारा फायरिंग की जाने वाली दिशा में चेकिंग एवं तलाशी किया गया, जिसमें माओवादी कैंप को सुरक्षाबलों के द्वारा नष्ट किया गया तथा 6 स्लीपिंग बैग, 10 तिरपाल, बहुत मात्रा में दवाइयां और इंजेक्शन सिरिंज, पिट्ठू बैग, रेडियो और दैनिक उपयोग के सामान बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि नक्सली सरकार के आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाकर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें अन्यथा किसी न किसी दिन मुठभेड़ में गोली का सामना करना पड़ेगा।

## सरस्वती पूजा को लेकर रजरप्पा थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** सोमवार को रजरप्पा थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह ने की। बैठक में मुख्य रूप से चितरपुर सीओ विजया तृप्ति कुजूर, दुलमी सीओ सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवक बैठक में उपस्थित थे। शासनिक प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष पूजा समिति, समाज सेवकों व जनप्रतिनिधियों के द्वारा क्षेत्र से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। विदित हो कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर सरस्वती पूजा है। बैठक के दरम्यान स्पष्ट निर्देश दिया कि कहीं भी किसी के द्वारा डीजे पर अश्लील गाना नहीं बजाया जाएगा। अगर कहीं से किसी प्रकार की संदिग्धता नजर आए तो प्रशासन को तत्काल सूचित करें प्रशासन से सहायता लें और प्रशासन को सहायता दें साथ ही, सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। बैठक में दर्जनों जनप्रतिनिधि व समाज सेवक उपस्थित रहे। सरस्वती पूजा के अवसर पर डीजे पर रहेगी सख्ती सुबह दस बजे से लेकर शाम पांच बजे तक ही डीजे बजा पाएंगे। इसके अलावे डीजे पर अश्लील और राजनैतिक पार्टी के गानों पर पूरी तरह से रहेगी प्रतिबंध।

## एला एंग्लाइज विद्यालय ने नेता जी की जयंती पर मनाया पराक्रम दिवस, निकाली प्रभात फेरी



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर बिरसा चौक स्थित एला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों की सभा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर व प्राचार्य विजयंत कुमार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की। मौके पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने नेताजी के जीवन वृत्त को हिंदी में लोगों के सम्मुख रखा। साथ ही स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की कृतियों पर प्रकाश डालते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने का आहवान किया। प्राचार्य विजयंत कुमार एवं सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर ने नेताजी को अदम्य साहस और देशभक्ति का परिचायक बताया। इससे पूर्व विद्यार्थियों ने प्राचार्य और शिक्षकों के नेतृत्व में स्कूल प्रांगण से प्रभातफेरी निकाली। बिरसा चौक, जनता टॉकीज, भुरकुंडा बाजार, थाना चौक, जवाहरनगर, हुरूमगढ़ा आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए पुनः विद्यालय प्रांगण पहुंचा। इस दौरान नेताजी जी के तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा, जब तक सूरज चांद रहेगा नेता जी का नाम रहेगा का विद्यार्थियों ने नारा भी बुलंद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, प्राचार्य विजयंत कुमार केजी की प्राचार्य अंजू पटेल, धर्मेश कुमार सोनी, जय किशोर प्रसाद महतो, सूरज देव सिंह, कुमार विश्वकसेन, वैभव कुमार, अनुराग मद्धेशिया, सिद्धार्थ कुमार मासूम, गौरव कुमार साहू, कृष्ण कुमार, सुनीत एक्का, जलेश्वर महतो, पूजा कुमारी मुर्मू, ललिता देवी, बबीता सिंह, सरिता कुमारी, काजल बनर्जी, सीमा मुंडा, नीतू सिंह, पूनम कुमारी, कविता कुमारी, शीला बेदिया, शबाना खातुन, ब्रीजीट एक्का, मोहनलाल बेदिया, वर्षा टेटे, शीला देवी सपना मिंज, गीता प्रसाद आदि का विशेष योगदान रहा।

## जुबिली कॉलेज में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर मना पराक्रम दिवस



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रीवर साइड स्थित जुबिली कॉलेज में एनएसएस ईकाई 1 एवं 2 के तत्वावधान में सोमवार को नेता जी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके दास ने सुभाष चन्द्र बोस के तस्वीर पर माल्यापण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर प्राचार्य डॉ. आरके दास ने छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों से सुभाष चन्द्र के जीवन दर्शन को अपनाने की अपील की। उन्होंने ने भारत माता के दिव्य पुरूष सुभाष चन्द्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम पदाधिकारी अर्जुन कुमार मिश्रा व संचालन डॉ. बी रविदास ने किया। मौके पर कुमकुम, अजय, तारा शंकर महतो, खुशबू, निशा, राजन, आनंद, शिवानी, रूबी, रोशनी, माइकल, नीलम, जूही, संध्या, मौली सोनी, मानसी, जागृति, वैष्णवी, आरती, महक, प्राची, कोमल, अंजली सहित शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थें।

## जारी आचार संहिता को देख पूजा अर्चना करे आयोजन समिति: बलवंत दुबे



**कुजू (आजाद सिपाही)।** आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह एवं सरस्वती पूजा के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर सोमवार को कुजू ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी बलवंत दुबे ने की। बैठक में कुजू व आसपास के क्षेत्रों से आए जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य ने भाग लिया। बैठक के क्रम में लोगों ने ओपी प्रभारी से मुरपा फोरलेन किनारे के होटलों में अवैध रूप से बेचे जा रहे शराब पर अंकुश लगाने की मांग की। वही, खुले तौर पर पंजाबी ढाबा संचालक द्वारा बेखौफ होकर अवैध रूप से शराब बिक्री करने की बात कही गई। बैठक को संबोधित करते हुए ओपी प्रभारी ने क्षेत्र में जारी आचार संहिता को देखते हुए पूजा आयोजन करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया के तहत किसी तरह के भ्रामक एवं अफवाह फैलाने वाले पोस्ट पर बारीक नजर रखने एवं इसकी जानकारी अविलंब पुलिस प्रशासन को देने की अपील की। उन्होंने क्षेत्र के सभी पूजा पंडाल आयोजकों से पूजा एवं विसर्जन के दौरान शराब नहीं पीने, हो-हल्ला तथा अश्लील गाना बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध के अलावे कमेटियों से रात्रि 10 बजे से पूर्व जुलूस संपन्न कराने की कड़ी हिदायत दी। उन्होंने इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की व्यवस्था सुदृढ़ करने का भरोसा जताया। साथ ही, क्षेत्र की जनता से पूर्ण सहयोग किये जाने की अपील की। मौके पर कांग्रेस प्रदेश सचिव धर्मराज राम, जिप सदस्य प्रतिनिधि ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, अमर सिंह, प्रेम प्रसाद, शिवकुमार प्रसाद, कुजू पश्चिमी मुखिया जय कुमार ओझा, कुजू दक्षिणी मुखिया राकेश मेहता, हेमनी देवी, रतन प्रसाद, इंद्र प्रसाद गुप्ता, शंभू लाल ठाकुर, हाजी मोहम्मद अफजल, मो अली हुसैन, मोहसिन खान नरेश पटेल, गणेश सोनी, रामाकांत पटेल, प्रभु दयाल महतो, दिवाकर चंद्र पटेल, निर्मल करमाली समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सरकार का जरूरी दखल

सोशल मीडिया पर सक्रिय इन्फ्लुएंसर्स की उभरती हुई बिरादरी को कानून के दायरे में लाकर उसे ज्यादा जिम्मेदार बनाने की सरकार की ताजा कोशिश स्वाभाविक ही हर किसी का ध्यान खींच रही है। दरअसल, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम पर ये ऐसे ट्विटर अकाउंट हैं, जिनसे लोगों को अक्सर न केवल दिलचस्प और उपयोगी जानकारी मिलती है, बल्कि उनका मनोरंजन भी होता है। लेकिन इसके साथ ही बहुत से इन्फ्लुएंसर्स विभिन्न ब्रैंड के प्रोडक्ट्स का प्रमोशन भी करते हैं। अभी तक यह सब अनौपचारिक स्तर पर चल रहा था और इनके व्यवहार को नियमित-निर्देशित करने वाले कानून नहीं थे। डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर्स अफेयर्स की ओर से शुक्रवार को जारी गाइडलाइंस इसी कमी को पूरा करती है। जिस तरह के प्रावधान (50 लाख तक का जुर्माना और किसी ब्रैंड को प्रमोट करने पर छह साल तक की रोक) इसमें किये गये हैं और जितने विस्तार से लेन-देन को व्याख्यायित किया गया है, उसे कड़ा जरूर कहा जा सकता है, लेकिन इन दिशा-निर्देशों को गंभीरता से लिया जाये और सभी संबंधित पक्ष इस पर निष्ठा से अमल करें, यह सुनिश्चित करने के लिए ऐसा करना जरूरी था। खासकर, इसलिए भी कि यह सेक्टर अभी उभर ही रहा है, इससे जुड़ी चीजें अभी परिभाषित हो रही हैं, आकार ले रही हैं। ऐसे में स्वाभाविक ही यहां उस तरह का प्रफेशनल नजरिया नहीं दिखता जैसा अन्य पेशों में नजर आता है। लेकिन इसीलिए यह और जरूरी हो जाता है कि इस क्षेत्र को अनुशासित करने की कोशिश भी अभी से की जाये। जहां तक इसके नकारात्मक प्रभावों का सवाल है, तो उसकी आशंका इसलिए भी नहीं है कि नया होते हुए भी यह क्षेत्र काफी तेजी से फल-फूल रहा है। 2022 में भारत में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का बाजार 1275 करोड़ का था, जिसके 2025 तक 2800 करोड़ का होने का अनुमान है। आज की तारीख में ऐसे सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स जिनकी थोड़ी धाक है यानी जिनके पास फॉलोअर्स की अच्छी संख्या है, उनकी संख्या एक लाख से ऊपर बतायी जाती है। जाहिर है, इन लोगों को अपनी लोकप्रियता का बेजा फायदा उठाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। इसीलिए सरकार ने यह व्यवस्था की है कि अगर ये किसी ब्रैंड को प्रमोट करते हैं और उस क्रम में किसी तरह का भौतिक लेन-देन होता है, तो उन्हें उसकी जानकारी इस तरह से सार्वजनिक करनी होगी कि उस प्रमोशन से प्रभावित हो रहे लोग उस जानकारी से वंचित न रह जायें। उन्हें यह बात हर हाल में मालूम हो कि पेड प्रमोशन देख रहे हैं। यह पारदर्शिता न केवल पेशे की प्रामाणिकता के लिए जरूरी है, बल्कि यह उपभोक्ताओं के अधिकार का भी सवाल है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार का यह दखल सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के इस क्षेत्र को एक स्वतंत्र पेशे के रूप में विकसित होने में मदद करेगा।

**दरअसल, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम पर ये ऐसे ट्विटर अकाउंट हैं, जिनसे लोगों को अक्सर न केवल दिलचस्प और उपयोगी जानकारी मिलती है, बल्कि उनका मनोरंजन भी होता है। लेकिन इसके साथ ही बहुत से इन्फ्लुएंसर्स विभिन्न ब्रैंड के प्रोडक्ट्स का प्रमोशन भी करते हैं। अभी तक यह सब अनौपचारिक स्तर पर चल रहा था और इनके व्यवहार को नियमित-निर्देशित करने वाले कानून नहीं थे। डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर्स अफेयर्स की ओर से शुक्रवार को जारी गाइडलाइंस इसी कमी को पूरा करती है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**आजाद हिंद सरकार के बनने से आजादी की लड़ाई में एक नये जोश का संचार हुआ। 4 जुलाई 1943 को सिंगापुर के कैथे भवन में हुए समारोह में रासबिहारी बोस ने आजाद हिंद फौज की कमान सुभाष चंद्र बोस के हाथों में सौंप दी। इसके बाद 21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिंद सरकार की स्थापना हुई। आजाद हिंद फौज के सर्वोच्च सेनापति की हैसियत से सुभाष चंद्र बोस ने स्वतंत्र भारत की अस्थायी सरकार बनायी।**

# मिटाने के राजनैतिक प्रयासों के बाद भी नहीं मिटा नेताजी का नाम



**सुनील बादल**



आजाद हिंद फौज के गठन से लेकर देश के लिए समर्पित अपनी हर गतिविधि से देश की आजादी में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सुभाष चंद्र बोस न सिर्फ क्रांति की कभी न बुझने वाली मशाल जला गये, बल्कि बिना किसी प्रत्यक्ष आर्थिक स्त्रोत के गुलाम भारत के लोगों को संगठित और प्रशिक्षित कर एक ऐसी लकीर खींच गये, जिसे मिटाना या उससे बड़ी लकीर खींचना शायद संभव नहीं है। आजादी के कई दशकों बाद तक घरों से लेकर ट्रकों तक में भगत सिंह और नेताजी के चित्र पूरी श्रद्धा से लगाए जाते थे।

उनके संबंध में दबी हुई फाइलें और अन्य चौंकाने वाले सबूत हाल के वर्षों में प्रकाश में आयी। उनसे डरे हुए नेता अपने परिवारों की जयजयकार के बीच उन्हें मिटाना चाहते थे, पर सुभाष चंद्र बोस भारतीयों के दिलों में जीवित हैं। 2021 से ही उनकी जयंती 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के तौर पर मनाया जाता है। अंग्रेजी हुकूमत से आजादी की आधिकारिक तिथि से 4 साल पहले ही सुभाष चंद्र बोस ने हिन्दुस्तान की पहली सरकार का गठन कर दिया था। 21 अक्टूबर 1943 का दिन हर भारतीय के लिए बेहद ही खास और ऐतिहासिक है।

**पहले लोग यहां श्रद्धा से पूजा, आराधना या दर्शन करने आते थे। अब मौज मस्ती करने और वहां की चमक-दमक देखने आते हैं।**

आजाद हिंद सरकार के बनने से आजादी की लड़ाई में एक नये जोश का संचार हुआ। 4 जुलाई 1943 को सिंगापुर के कैथे भवन में हुए समारोह में रासबिहारी बोस ने आजाद हिंद फौज की कमान सुभाष चंद्र बोस के हाथों में सौंप दी। इसके बाद 21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिंद सरकार की स्थापना हुई। आजाद हिंद फौज के सर्वोच्च सेनापति की हैसियत से सुभाष चन्द्र बोस ने स्वतंत्र भारत की अस्थायी सरकार बनायी।

जापान ने 23 अक्टूबर 1943 को आजाद हिंद सरकार को मान्यता दी। जापान ने अंडमान और निकोबार द्वीप आजाद हिंद सरकार को दे दिये। सुभाष चंद्र बोस उन द्वीपों में गये और उनका नया नामकरण किया। अंडमान का नया नाम शहीद द्वीप और निकोबार का स्वराज द्वीप रखा गया। 30 दिसंबर 1943 को ही अंडमान निकोबार में पहली बार सुभाष चंद्र बोस ने तिरंगा फहराया था। ये तिरंगा आजाद हिंद सरकार का था. सुभाष चंद्र बोस भारत की पहली आजाद सरकार के प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री थे। वित्त विभाग एससी चटर्जी को, प्रचार विभाग एसए अय्यर को और महिला संगठन कैप्टन लक्ष्मी स्वामीनाथन को सौंपा गया। आजाद हिंद सरकार को 9 देशों की सरकारों ने अपनी मान्यता दी थी, जिसमें जर्मनी, जापान फिलीपींस जैसे देश शामिल थे। आजाद हिंद सरकार ने कई देशों में अपने दूतावास भी खोले थे।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में आजाद हिंद सरकार ने हर क्षेत्र से जुड़ी योजनाएं बनायी थी। इस सरकार का अपना बैंक था, अपनी मुद्रा थी, अपना डाक टिकट था, अपना गुप्तचर तंत्र था। नेताजी ने देश के बाहर रह कर, सीमित संसाधनों के साथ, शक्तिशाली साम्राज्य के खिलाफ व्यापक तंत्र विकसित किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने बैंक और स्वाधीन भारत के लिए अपनी मुद्रा के निर्माण के आदेश दिये। आजाद हिंद सरकार की अपनी बैंक थी, जिसका नाम आजाद हिंद बैंक था। आजाद हिंद बैंक ने दस रुपये के सिक्के से लेकर एक लाख रुपये का नोट जारी किया था। एक लाख रुपये के नोट पर सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर छपी थी। सुभाष चंद्र बोस ने जापान और जर्मनी की मदद से आजाद हिंद सरकार के लिए अपनी करेंसी छपवाने का इंतजाम किया था। जर्मनी ने आजाद हिन्द सरकार के लिए कई डाक टिकट जारी किए थे, जिन्हें आजाद डाक टिकट कहा जाता था। ये टिकट आज भारतीय डाक के स्वतंत्रता संग्राम डाक टिकटों में शामिल हैं। आजाद हिंद सरकार सशक्त क्रांति का अभूतपूर्व उदाहरण था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अंग्रेजी हुकूमत यानी एक ऐसी सरकार के खिलाफ लोगों को एकजुट किया, जिसका सूरज कभी अस्त नहीं होता था, दुनिया के सबसे बड़े भाग में जिसका शासन था।

आजाद हिंद सरकार ने राष्ट्रीय ध्वज के रूप में तिरंगा को चुना था, रवींद्र नाथ टैगोर रचित 'जन-गण-मन' को राष्ट्रगान बनाया था। एक दूसरे से अभिवादन के लिए जय हिंद का प्रयोग करने की परंपरा शुरू की गयी थी। 21 मार्च 1944 को 'दिल्ली चलो' के नारे के साथ आजाद हिंद सरकार का हिंदुस्तान की धरती पर आगमन हुआ। आजाद हिंद सरकार के पहले प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेते हुए नेताजी ने ऐलान किया था कि लाल किले पर एक दिन पूरी शान से तिरंगा लहराया जायेगा। आजाद हिंद सरकार ने देश से बाहर अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी और आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभायी थी। इस सरकार ने अंग्रेजों को बता दिया कि भारत के लोग अब अपनी मातृभूमि पर बाहरी शासन को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। आजाद हिंद सरकार की स्थापना के 75वीं वर्षगांठ पर 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से तिरंगा झंडा फहराया था।

'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का नारा बुलंद करने वाले नेताजी ने न सिर्फ देश के अंदर बल्कि देश के बाहर भी आजादी की लड़ाई लड़ी। राष्ट्रीय आंदोलन में नेताजी का योगदान कलम चलाने से लेकर आजाद हिंद फौज का नेतृत्व कर अंग्रेजों से लोहा लेने तक रहा है। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने अपने कॉलेज के शुरूआती दिनों में ही बंगाल में क्रांति की वो मशाल जलाई, जिसने भारत की आजादी की लड़ाई को एक नयी धार दी।

तब की सबसे प्रतिष्ठित और कठिन प्रशासनिक सेवा की नौकरी छोड़कर लंदन से भारत लौटने के बाद नेताजी की मुलाकात देशबंधु चितरंजन दास से हुई। उन दिनों चितरंजन दास ने फॉरवर्ड नाम से एक अंग्रेजी अखबार शुरू किया हुआ था और अंग्रेजों के विरुद्ध मुहिम छेड़ रखी थी। सुभाष चंद्र बोस से मिलने के बाद चितरंजन दास ने उन्हें फॉरवर्ड अखबार का संपादक बना दिया। नेताजी उस अखबार में ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ जोर-शोर से लिख कर अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ माहौल तैयार कर रहे थे। कलम से शुरू की गयी इस मुहिम की वजह से नेताजी को साल 1921 में छह महीने की जेल भी हुई।

चितरंजन दास के साथ स्वराज्य पार्टी के लिए काम करते हुए और उसके बाद भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जेल आने-जाने का सिलसिला जारी रहा। नेताजी ने साल 1928 में कलकत्ता की सड़कों पर सेना की वर्दी में दो हजार भारतीय युवकों के साथ परेड कर ब्रिटिश खेमे को हिला कर रख दिया था। 1938 में हुए हरिपुरा अधिवेशन में नेताजी कांग्रेस के प्रमुख बनाए गये। नेताजी ने कांग्रेस को आजादी की तारीख तय करने के लिए कहा। तय तारीख तक आजादी नहीं मिलने पर सुभाष चंद्र बोस अंग्रेजों के खिलाफ जोरदार आंदोलन छेड़ना चाहते थे, लेकिन महात्मा गांधी इसके लिए तैयार नहीं हुए। आखिरकार उन्होंने कांग्रेस से अलग होकर 1939 में फॉरवर्ड ब्लाक की स्थापना की और अंग्रेजी साम्राज्य के खिलाफ नये सिरे से मोर्चा खोल दिया।

**नेताजी ने भारतीय युद्ध बंदियों से मुक्ति सेना बनायी:** क्रांतिकारी रासबिहारी बोस से प्रभावित होकर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने आजादी की लड़ाई के लिए विदेशी मदद जुटाने की ठान ली थी। कलकत्ता में पुलिस की नजरबंदी को चकमा देकर नेताजी काबुल के रास्ते जर्मनी पहुंचे। जर्मनी में उनकी मुलाकात हिटलर से हुई, जिसने ब्रिटिश हुकूमत को कमजोर करने के लिए नेताजी को हर संभव मदद मुहैया कराने का वादा किया। नेताजी का ये विश्वास था कि भारत की आजादी तभी संभव है, जब ब्रिटेन पर दूसरे विश्व युद्ध के वक्त ही निशाना साधा जाए. इसी कड़ी में उन्होंने इटली और जर्मनी में कैद भारतीय युद्ध बंदियों को आजाद करवा कर एक मुक्ति सेना भी बनायी।

**1943 में आजाद हिंद फौज का नेतृत्व संभाला :** साल 1943 में नेताजी जब जापान पहुंचे, तब उन्हें कैप्टन मोहन सिंह की ओर से स्थापित आजाद हिंद फौज का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी गयी। उनका चुनाव खुद रासबिहारी बोस ने ही किया था। 1943 में ही नेताजी ने आजाद हिंद फौज की सेना की सलामी लेने के बाद दिल्ली चलो और जय हिंद का नारा दिया। नेताजी के कमान संभालने से पहले आजाद हिंद फौज में सिर्फ चार विभाग थे लेकिन सुभाष चंद्र बोस ने उन चार विभागों को बल प्रदान करने के लिए सात नये विभागों का गठन किया।

आजाद हिंद फौज यानी इंडियन नेशनल आर्मी का मुख्य आधार एकता, त्याग और निष्ठा रखा गया और इसी भावना से संगठन में नये आदर्शों की भावना का विकास किया गया। इसके साथ ही महिलाओं के लिए झांसी की रानी रेजीमेंट का गठन किया गया, जिसकी कमान कैप्टन लक्ष्मी स्वामीनाथन (लक्ष्मी सहगल) को सौंपी गयी।

**आजाद हिंद फौज ने ब्रिटिश सेना पर हमला किया :** आजाद हिंद फौज ने 1944 की फरवरी में ब्रिटिश सेना पर हमला कर दिया। इस फौज ने पलेल और तिहिम समेत कई भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त करा दिया था। सितंबर 1944 में शहीदी दिवस के भाषण में ही नेताजी ने आजाद हिंद सैनिकों को कहा था कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। ये सुभाष चंद्र बोस का ही असर था, जिसने अंग्रेजी फौज में मौजूद भारतीय सैनिकों को आजादी के लिए विद्रोह करने पर मजबूर कर दिया था।

'जय हिन्द' का नारा देने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कटक में हुआ। सुभाष चंद्र बोस एक मेधावी छात्र थे, जो हमेशा परीक्षा में प्रथम आते थे।

सुभाष चंद्र बोस महात्मा गांधी के अहिंसा के विचारों से सहमत नहीं थे। वास्तव में महात्मा गांधी उदार दल का नेतृत्व करते थे, वहीं सुभाष चंद्र बोस जोशीले क्रांतिकारी दल के प्रिय थे। महात्मा गांधी और सुभाष चंद्र बोस के विचार अलग-अलग थे, लेकिन वे यह अच्छी तरह जानते थे कि महात्मा गांधी और उनका लक्ष्य एक है, यानी देश की आजादी। नेता जी के मन में गांधी जी के लिए अपार श्रद्धा थी, तभी तो सबसे पहले गांधीजी को राष्ट्रपिता कह कर नेताजी ने ही संबोधित किया था। हालांकि गांधीजी के विरोध के चलते इस 'विद्रोही अध्यक्ष' ने त्यागपत्र देने की आवश्यकता महसूस की। गांधी के लगातार विरोध को देखते हुए उन्होंने स्वयं कांग्रेस छोड़ दी।

**जर्मनी पहुंचकर बनायी रणनीति :** जब दूसरा विश्व विश्व युद्ध के शुरू हुआ, तब बोस का मानना था कि अंग्रेजों के दुश्मनों से मिलकर आजादी हासिल की जा सकती है। उनके विचारों को देखते हुए उन्हें ब्रिटिश सरकार ने कोलकाता में नजरबंद कर दिया, लेकिन वे अपने भतीजे शिशिर कुमार बोस की सहायता से वहां से भाग निकले। वह अफगानिस्तान और सोवियत संघ होते हुए जर्मनी जा पहुंचे।

**हिटलर से भी मिले थे सुभाष चंद्र बोस :** सुभाष चंद्र बोस ने 1937 में अपनी सेक्रेटरी और ऑस्ट्रियन युवती एमिली से शादी की। उन दोनों की एक अनीता नाम की एक बेटी भी हुई। विदेशी प्रवास के दौरान नेताजी हिटलर से भी मिले। उन्होंने 1943 में जर्मनी छोड़ दिया। वहां से वे जापान पहुंचे। फिर जापान से सिंगापुर पहुंचे। 18 अगस्त 1945 को टोक्यो (जापान) जाते समय ताइवान के पास एक हवाई दुर्घटना में उनका निधन हो गया, लेकिन उनका शव नहीं मिल पाया। नेताजी की मौत का सही कारण आज तक पता नहीं चल पाया है। झारखंड के गोमो स्टेशन से होते हुए वह अफगानिस्तान के रास्ते रूस गये थे उनकी स्मृति में गोमो को सुभाष चंद्र बोस जंक्शन कहा जाता है। आज नेता शब्द भले कलंकित हो गया हो पर नेताजी एक हुए उनकी विचारधारा हमेशा लोगों को देशप्रेम की ओर प्रेरित करती रहेगी उनके अमर कौमी गीत कदम कदम बढ़ाये जा ...ये जिंदगी है कौम की तू कौम पर लुटाये जा की तरह।

**(लेखक : वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### ग्रामीणों से किये गये वादा पर विधायक मंगल कालिंदी की पहल

# पहाड़पुर पंचायत के आमझोर गांव में होगा भव्य शिव मंदिर का निर्माण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित बोड़ाम प्रखंड में सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। पहाड़पुर पंचायत के आमझोर गांव में आयोजित बैठक में 9 मौजा सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। सोमवार को सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने ग्रामीणों की आस्था को देखते हुए शिव मंदिर निर्माण के लिए पूजा कमेटी से किये गये वादा को पूरा किया। मौके पर विधायक के द्वारा ग्रामीणों की उपस्थिति में शिव मंदिर निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया। साथ ही मंदिर निर्माण के लिए सभी आवश्यक सामग्री उपलब्ध करायी गयी। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि मेला के पूर्व ग्रामीणों के लिए भव्य शिव मंदिर का निर्माण कार्य हर हाल में संपन्न किया जायेगा। उन्होंने कहा ग्रामीणों की मांग पर मंदिर निर्माण के लिए जो भी जरूरत पड़ेगा उसे पूरा किया जायेगा। इस मौके विधायक ने 9 मौजा के उपस्थित ग्रामीणों से 31 जनवरी को लौहनगरी जमशेदपुर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ खातियानी जोहार यात्रा मे ज्यादा से ज्यादा की संख्या में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा राज्य के सभी जिले में खातियानी जोहार यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। लौहनगरी जमशेदपुर में 31 जनवरी को खातियानी जोहार यात्रा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जिले के सभी विधायक सहित भारी संख्या में झामुमो के नेता, कार्यकर्ता व समर्थक शामिल होंगे। उन्होंने जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के 9 मौजा के ग्रामीणों से हजारों हजार की संख्या में 31 जनवरी दिन के 11 बजे कदमा उलियांन में शामिल होने के लिए आग्रह किया। विधायक के आग्रह को शिकार करते हुए ग्रामीणों ने खातियानी जोहार यात्रा में शामिल होने का आश्वासन दिया। वहीं बैठक में शामिल 9 मौजा के ग्रामीणों ने मंदिर निर्माण के लिए विधायक के प्रति आभार व्यक्त की।

बैठक में प्रखंड अध्यक्ष श्यामापोदो महतो, प्रतिनिधि छोटू लाल हासदा, गांव के प्रधान नीलकंठ सिंह, जलन मार्डी, काजल सिंह, आदित्य सिंह, हरेनाथ सिंह, विनय मंडल, खेत्रमोहन गोप, शिव शंकर महतो, सूरा प्रमाणिक उपस्थित रहे।

### मानगो फायरिंग मामले का हुआ खुलासा

# नाबालिग सहित चार आरोपी गिरफ्तार, देसी कट्टा बरामद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बीते दिनों मानगो पुल के पास युवक पर फायरिंग के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। इस मामले में पुलिस ने एक नाबालिग समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को जानकारी देते हुए सिटी एसपी के विजय शंकर ने बताया गिरफ्तार आरोपियों में गुरुद्वारा रोड निवासी अंकित कुमार उर्फ अंकित बच्चा, रिपिट कॉलोनी निवासी सौरभ कुमार और डीवीसी कॉलोनी निवासी गौरव कुमार शामिल है। सभी की उम्र लगभग 19 साल के करीब है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही में घटना में प्रयुक्त देसी कट्टा भी बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया मामला 19 जनवरी की रात की है। मानगो पुल के पास एक युवक के साथ सौरभ और गौरव की लड़ाई हुई थी।इसी को लेकर दोनो ने अंकित को फोन कर बुला लिया। सभी ने मिलकर युवक की पिटाई शुरू कर दी। इसी बीच अंकित ने कट्टा निकालकर फायरिंग कर दी। गोली युवक के बाएं हाथ में लगते हुए आर पार हो गई। घटना के बाद युवक को इलाज के लिए एमजीएम ले जाया गया। फिलहाल घायल खतरे से बाहर है। फिलहाल पुलिस नाबालिग को बाल सुधार गृह व अन्य तीन को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# भाषा-संस्कृति को बचाने का काम यात्रा से होगा संभव : महाबीर मुर्मू

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटमदा।** देश के महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की जयंती झारखंड के सभी जिलों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वे पूरे विश्व में नेताजी के नाम से जाने जाते हैं। उन्होंने भारत देश की आजाद के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया था। उनके नेतृत्व के कारण ही अंग्रेज देश छोड़ने के लिए मजबूर हुए थे। पटमदा के बेलटांड़ चौक में सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सात रात्रि बांग्ला जात्रा उत्सव का आयोजन किया गया। सोमवार को बेलटांड़ में आयोजित नेताजी सुभाष संस्कृति मंच के पंचम रात्रि जात्रा अनुष्ठान के दौरान बतौर मुख्य अतिथि झामुमो नेता सह समाजसेवी महाबीर मुर्मू शामिल हुए। मौके पर उन्होंने कहा भाषा संस्कृति कैसे बचेगी यह सोचने की जरूरत है। देश विदेश से आकर लोग हमारी संस्कृति पर शोध कर रहे हैं। वास्तव में भाषा संस्कृति को बचाने का कार्य गांव के लोग ही करते हैं। शहरों में लोग अपनी भाषा को छोड़कर दूसरी भाषा में बात करते हैं। संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। ग्रामीणों के द्वारा जात्रा के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों को अपनी संस्कृति बताने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा विधायक मंगल कालिंदी के कहने पर यहां पहुंचे है। उन्होंने कहा ग्रामीणों के द्वारा भाषा संस्कृति को बचाए रखने के लिए जात्रा काफी सराहनीय पहल है। किस तरह आज भी गांव के लोग मनोरंजन व भाषा संस्कति को बचाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा जात्रा के माध्यम से खराब चीजों को छोड़कर अच्छे चीजों को ग्रहण करने की जरूरत है। कार्यक्रम में के दौरान मंच से सचिव आदित्य हालदार ने भी ग्रामीणों का सराहना की। कार्यक्रम का संचालन हृदय कुंभकार व उज्ज्वल कांति दास ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर अध्यक्ष ईशान चंद्र गोप, महासचिव बृंदावन दास, कोषाध्यक्ष माणिक हालदार, सचिव विश्वामित्र दास, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, प्रतीक दिनकर, करण कालिंदी, रोहित शर्मा, दुर्गा प्रसाद हांसदा व रानू मुर्मू मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान डेढ़ दर्जन वरिष्ठ जात्रा कलाकारों को अतिथियों के हाथों शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उमापद दास, ललित हांसदा, कृत्तिवास महतो, उमापद महतो, गुणमय दास, प्रभुराम महतो, जगतपति लाहा शामिल रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भंडरिया प्रखंड कार्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गयी



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** स्थानीय प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में सोमवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत में आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर की गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेविका संघ की प्रखंड अध्यक्ष रीता शर्मा ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस का जन्म तेइस जनवरी को ही हुआ था। इस दिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी जाती है। जिसे पराक्रम दिवस का नाम दिया गया है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का संपूर्ण जीवन युवाओं और भारतीय के लिए आदर्श है। हम सब को उनके ही मार्गदर्शन में चलने की जरूरत है। मौके पर सेविका आदित्य कुजूर, पूजा देवी, भागमणि देवी, उर्मिला एक्का, सुमित्रा देवी, सीमा मिंज, प्रभावती देवी, फुल कुमारी, कुंती देवी आदि उपस्थित थे।

### नव चयनित कांग्रेस के जिला अध्यक्ष को बुके देकर किया सम्मानित



**मंझिआंव (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी को कांग्रेस के सोशल मीडिया प्रभारी शाहबाज खान ने बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर शाहबाज खान ने कहा कि मुझे उम्मीद ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि नव चयनित कांग्रेस के गढ़वा जिला अध्यक्ष गरीबों के अधिकार के लिए आवाज उठाएंगे तथा कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत करने के लिए भी प्रयासरत रहेंगे। मौके पर जावेद आलम, शादाब आलम, सरफराज खान, नदीम जफर, कासिफ, सनी तथा कई लोग उपस्थित थे।

### जिला कांग्रेस ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती मनायी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** ज़िला कांग्रेस कमिटी के कार्यालय में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नेता जी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती समारोह मनाई गई। इस मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सचिव प्रभात दुबे उर्फ बड्डू दुबे, वरिष्ठ कांग्रेसी उदय नारायण तिवारी, उमेश त्रिपाठी, दिवाकर चौबे, त्रिपुरारी सिंह, जूनाहूद्दिन खान, मंसूर अंसारी, गुड्डू तिवारी, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष योगेन्द्र चौबे, छोटू दुबे सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

### रमकंडा के मुरली उच्च विद्यालय में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गयी



**रंका (आजाद सिपाही)।** रमकंडा प्रखंड के मुरली उच्च विद्यालय में नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती सोमवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।इस अवसर पर नेता जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शिक्षक मोहित कुमार एवं रेयाज अंसारी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिवस पराक्रम दिवस के रूप में प्रत्येक वर्ष 23जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस एक अप्रतिम राष्ट्रभक्त थे। नेताजी के जन्मदिन के महत्व पर विचार करते हुए भारत सरकार ने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में देशभर में बनाने का घोषणा किया था। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं काफी संख्या में उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** भाजयुमो ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी, वक्ताओं ने कहा

# नेताजी से युवाओं को प्रेरणा लेकर देश के लिए काम करना चाहिए

> आजादी के समय लड़ाई लड़ने वाले रणबांकुरों से देश को आजादी मिली, जिससे देश में हमसब खुली हवा में सांस ले रहे हैं

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में जिला कार्यालय गढ़वा में स्वतंत्रता के महानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनायी गयी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने देश को आजाद कराने के लिए अपना पूरा जीवन राष्ट्र को न्योछावर कर दिया था। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस ने 1942 में युवाओं को संगठित कर दक्षिण एशिया में आजाद हिन्द फौज का गठन किया।

उन्होंने कहा कि सुभाषचन्द्र बोस ने देश को आजाद कराने के लिए युवाओं से आह्वान किया था कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस देश के महानायक थे। उन्होंने देश के युवाओं से दिल्ली चलो का नारा दिया था और क्रांति का विगुल फूंक दिया था। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के लिए युवाओं ने अपना जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया था। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस ने आजाद हिन्द फौज संगठन के माध्यम से युवाओं को संगठित कर दिल्ली चलो का नारा दिया और जोरदार आंदोलन का आगाज कर दिया था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने युवाओं से आह्वान किया था कि 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा'। इस आह्वान के बाद देश भर में क्रांति की लहर दौड़ गई। जगह-जगह लोग आजाद हिन्द फौज से जुड़ने लगे और देश से अंग्रेजों को युवाओं ने खदेड़ दिया।

उन्होंने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस से युवाओं को प्रेरणा लेकर देश के लिए काम करना चाहिये। जब राष्ट्र मजबूत होगा तभी हमसब सुरक्षित रह सकते हैं। आजादी के समय लड़ाई लड़ने वाले रणबांकुरों से देश को आजादी मिली, जिससे देश में हमसब खुली हवा में सांस ले रहे हैं। इसमें सुभाष चन्द्र बोस जैसे अनेकों स्वतंत्रता सेनानियों का अहम योगदान रहा है

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विकास तिवारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, उदय कुशवाहा, राम सकल कोरवा, डॉ लालमोहन राम, उनय तिवारी, ओमप्रकाश पासवान, मनीष गुप्ता, पुष्प रंजन, ललीत सिंह, रिंकू तिवारी, अनीत तिवारी, प्रिंस तिवारी, खुर्शीद आलम, नूर आलम, विकास तिवारी, अभिषेक तिवारी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## भारत की आजादी में बोस का योगदान अतुलनीय : मदन केशरी

> जीएन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनायी गयी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में महान स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रखर राष्ट्रभक्त सुभाष चन्द्र बोस की जयंती प्रार्थना सभा में मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। अपने संबोधन में निदेशक मदन केशरी ने कहा कि नेता सुभाष चंद्र बोस का जीवन हमसबों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उनके भारत की आजादी के लिए निरंतर संघर्ष की की कहानी हमें सदियों तक प्रेरित करती रहेगी। वे स्वदेशानुराग और जोशपूर्ण देशभक्ति के एक अनूठा प्रतीक और अदभुत उदाहरण थे। अंग्रेजों के क्रूर और अमानवीय बर्ताव के कारण अपने देशवासियों की दयनीय स्थिति से वे बहुत दुखी थे। भारत की आजादी के माध्यम से भारत के लोगों की मदद के लिए सिविल सेवा के बजाय उन्होंने राष्ट्रीय आंदोलन से जुड़ने का फैसला लिया। नेताजी भारत से दूर जर्मनी और उसके बाद जापान गए। उन्होंने अपनी भारतीय राष्ट्रीय सेना आजाद हिंद फौज बनायी। उन्होंने अंग्रेजी शासन से अपनी मातृभूमि को मुक्त करने लिए 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' के अपने महान शब्दों के द्वारा अपने सैनिकों को प्रेरित किया। नेताजी का साहसिक कार्य आज भी लाखों भारतीय युवाओं को देश के लिए कुछ कर गुजरने के लिए प्रेरित करता है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक संतोष प्रसाद, उदय प्रकाश, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, संजीव कुमार, नरेंद्र सिन्हा, नीरा शर्मा, नीलम कुमारी, विनय दुबे, रिजवाना शाहीन, सरिता दुबे, सुषमा तिवारी, सुनीता कुमारी शिवानी कुमारी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## आरके पब्लिक स्कूल में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गयी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल में आजाद हिद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या श्रीमती प्रियंका बर्मन ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके पश्चात स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर श्रीमती बर्मन ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस देश के महान स्वतंत्रता सेनानी, सच्चे देशभक्त और महानायक थे। उन्होंने अपने कर्तव्य को निभाते हुए देश पर अपनी जान कुर्बान कर दी। आजाद हिद फौज की स्थापना कर देश को आजाद कराने के लिए और दुनिया से ब्रिटिश साम्राज्य को उखाड़ फेंकने के लिए प्रण लिया। उन्होंने 'जय हिंद' व 'दिल्ली चलो' का नारा दिया था। उनका नारा 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' देश के सभी नौजवानों में एक जोश पैदा किया।

उन्होंने इस अवसर पर विद्यार्थियों को नेताजी के जीवन को जानने व उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। इसी उद्देश्य से स्कूल के सभी विद्यार्थियों के बीच निबंध लेखन, भाषण, देशभक्ति गीत व पोस्टर प्रतियोगिता कराने की बात कही।

इस अवसर पर स्कूल के उपप्राचार्य संतोष पाण्डेय, जूनियर विंग के इंचार्ज जेपी नारायण, अनिल सिन्हा, देवेन्द्र सिंह, अनिता सिन्हा, कृष्णा रंजन, गीता पाण्डेय,रश्मि शुक्ला, विकास तिवारी, इम्तियाज खान, सनोज यादव व अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## 10वीं सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता 2023 में झारखंड टीम बनी उपविजेता



**आजाद सिपाही संवाददाता**

गढ़वा। दिनांक 19 से 22 जनवरी 2023 तक शिरडी महाराष्ट्र में आयोजित 10वीं राष्ट्रीय ट्रेडिशनल स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता 2022 23 में भाग लेते हुए झारखंड राज्य के महिला पुरुष पहलवानों ने अपना दमखम दिखाकर उपविजेता होने का गौरव प्राप्त किया।

**विजेता महिला पहलवानों में :** सोनम कुमारी - 32 केजी भार वर्ग में रजत पदक, अनिता कुमारी -36 केजी भार वर्ग में स्वर्ण पदक, सुप्रिया कुमारी-40 केजी भार वर्ग में कांस्य पदक, सोनाली कुमारी -42 केजी भार वर्ग में स्वर्ण पदक, आदिति कुमारी -50 केजी भार वर्ग में स्वर्ण पदक, अनुराधा कुमारी +50 केजी भार वर्ग में स्वर्ण पदक, नेहा कुमारी- 60 केजी भार वर्ग में स्वर्ण पदक, प्रियंका कुमारी +70 केजी भार वर्ग में स्वर्ण पदक (सभी गढ़वा)

**विजेता पुरुष पहलवानों में :** किशोर कुणाल पासवान- 71 केजी भार वर्ग में स्वर्ण पदक, (गढ़वा), लवप्रीत सिंह- 80 केजी भार वर्ग में रजत पदक (रांची), विवेक सिन्हा- 100 केजी भार वर्ग में रजत पदक (गढ़वा), करनजीत सिंह +100 केजी भार वर्ग में स्वर्ण पदक (रामगढ़)। टीम प्रशिक्षक उपासना विश्वकर्मा, टीम चैंपियनशिप के रूप में मणिपुर प्रथम, झारखंड द्वितीय, मध्य प्रदेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

उक्त जानकारी जिला कुश्ती संघ के सचिव चंद्र बहादुर सिंह ने दी।

### एस के इंटरनेशनल स्कूल में पराक्रम दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय के एसके इंटरनेशनल स्कूल में स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में पराक्रम दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निर्देशक अजय कुमार सिंह और प्राचार्य नंदन तिवारी ने नेताजी की तस्वीर पर माल्यार्पण, दप प्रज्जवलित एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर की। विद्यालय के निर्देशक अजय कुमार सिंह ने कहा कि नेताजी की जीवनी, उनके विचार और उनका कठोर त्याग आज के युवाओं के लिए बेहद प्रेरणादायक है। मौके पर प्राचार्य नंदन तिवारी ने विद्यार्थियों को बताया कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा देने वाले नेताजी का जीवन पराक्रम का प्रतीक है। इस अवसर पर विद्यालय में पोस्टर एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विजयी प्रतिभागियों के बीच प्रमाणपत्र एवं पदक का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक अजय कुमार सिंह, प्राचार्य नंदन तिवारी के साथ शिक्षक अनुप्रिटी बेक, आकाशदीप, राकेश कुजूर, अनुराग टोप्पो, मृदु तिग्गा, नारंति आनंद , तान्या कुमारी, स्वाति कुमारी, रागिनी चौबे, सुनीता कुमारी, अखिलेश दीक्षित, राजन कुमार, नोबिन्स एक्का सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### नेहरू युवा केंद्र ने पराक्रम दिवस मनाया




**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में प्रखंड विशुनपुरा के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक पूजा सिंह के नेतृत्व में ग्राम मझिगांवा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पराक्रम दिवस मनाया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक ने बताया कि सुभाष चंद्र बोस नेताजी के नाम से भी जाना जाता है उनका जन्म 23 जनवरी 1997 में कटक उड़ीसा में हुआ था. स्वतंत्रता के लिए भारत के संघर्ष में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति में से एक थे वहीं मुखिया प्रतिनिधि अजीत कुमार पांडे के द्वारा नेताजी के जीवनी पर चर्चा किया गया तथा इस कार्यक्रम में उपस्थित हनुमान मंदिर युवा क्लब के सदस्य एवं गर्ल्स युवा क्लब के अध्यक्ष रूबी कुमारी ब्यूटी कुमारी खुशबू कुमारी सखी युवा मंडल क्लब के मीना देवी गीता देवी लीला देवी सुनीता देवी धीरज पांडे विजय पांडे शर्मा पाठक एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे सभी ग्रामीणों के साथ मिलकर नेताजी का जय हिंद का नारा के साथ इस कार्यक्रम का समापन किया गया

**प्रेस कांफ्रेंस :** आदिम जनजाति समुदाय के द्वार तक पहुंचा जिला प्रशासन

# आदिम जनजाति परिवारों का हुआ डोर टू डोर सर्वे

> सैकड़ों आदिम जनजाति/पीवीटीजी को मिला सरकारी योजनाओं का लाभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को पहुंचाने के लिए लोगों के द्वार तक पहुंचकर कार्य करने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा जिला अंतर्गत निवास करने वाले आदिम जनजाति परिवारों का डोर टू डोर सर्वे मार्च 2022 से जुलाई 2022 के मध्य कराया गया। सर्वे पश्चात उन्हें कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। विदित हो कि 2018-19 के पश्चात जिला के आदिम जनजाति (पीवीटीजी) परिवारों का सर्वे नहीं कराया गया था। जिसके कारण सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए लाभुकों को चिन्हित करने में परेशानी आ रही थी।

वर्तमान आदिम जनजाति सर्वे के अनुसार कोरवा, परहीया और बिरजिया की कुल आबादी 34938 है। 2018 की तुलना में आदिम जनजाति की जनसंख्या में 9.65% की वृद्धि दर्ज की गई है। विदित हो कि वर्ष 2018 में जिला में 31864 आदिम जनजाति निवास करते थे, वहीं वर्तमान सर्वे में उनकी जनसंख्या बढ़कर 34938 दर्ज की गई है।

**1103 परिवारों को मिला पेंशन योजना का लाभ :** डोर टू डोर सर्वे के पश्चात छूटे हुए नए लाभुकों के घर जाकर प्रशासन के द्वारा आवेदन प्राप्त किया गया एवं मुख्यमंत्री आदिम जनजाति पेंशन की स्वीकृति प्रदान की गई। पेंशन स्वीकृति के लिए किसी भी लाभुक को कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। विदित हो कि आदिम जनजाति पेंशन योजना के तहत प्रत्येक आदिम जनजाति परिवार के एक सदस्य को (प्राथमिकता महिला) पेंशन दिया जाता है।

सर्वे से पूर्व आदिम जनजाति पेंशन योजना अंतर्गत 7042 लाभुक थे, वहीं सर्वे के पश्चात इस योजना में वर्तमान में लाभुकों की संख्या 8145 हो गई है एवं गढ़वा जिला आदिम जनजाति पेंशन के मामले में पाकुड़ एवं साहेबगंज जैसे आदिम जनजाति बहुल जिलों के बाद राज्य में तीसरे स्थान पर है।

**गढ़वा जिला के विभिन्न प्रखंडों में पेंशन योजना से जुड़े नये परिवारों का विवरण :** गढ़वा- 11, मेराल- 33, डंडई- 44, मंझिआंव- 12, बरडीहा- 10, कांडी- 09, रंका- 248, चिनिया- 174, रमकंडा- 146, भंडरिया- 60, बरगढ़- 37, रमना- 74, विशुनपुरा- 14, नगर उंटारी- 02, धुरकी- 210 एवं सगमा 19, इस प्रकार आदिम जनजाति पेंशन योजना से आच्छादित नये परिवारों की कुल संख्या 1103 है।

**1156 को ग्रीन राशन कार्ड से जोड़ा गया :** सर्वे के पश्चात आदिम जनजाति परिवारों के लिए 292 नए ग्रीन राशन कार्ड निर्गत किये गये, जिसके तहत 1156 नये आदिम जनजाति लाभुकों को राशन मुहैया कराया जा रहा है।

**118 नये बिरसा आवास का हो रहा निर्माण :** सर्वे के पश्चात आदिम जनजाति परिवारों के लिए जिला प्रशासन द्वारा 118 नए बिरसा आवास बनवाये जा रहे हैं।

**83 बच्चियों का हुआ कस्तूरबा में नामांकन :** सर्वे के पश्चात छूटे हुए 83 आदिम जनजाति बच्चियों का नामांकन बेहतर शिक्षा हेतु कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कराया गया है।

**अन्य योजनाओं का लाभ :** सर्वे के पश्चात विभिन्न प्रखंडों में निवास करने वाले पीवीटीजी परिवारों को पेंशन, राशन, आवास जैसी योजनाओं के साथ-साथ सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ मुहैया कराया गया है। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 210 लाभुक, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन के तहत 06 लाभुक, स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 60 लाभुक एवं सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 158 नये लाभुकों को आच्छादित किया गया है।

### उपायुक्त गढ़वा का संदेश

**सरकार के निर्देश पर आदिम जनजाति समुदाय का डोर टू डोर सर्वे कराकर उन्हें पेंशन, आवास, राशन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना एवं सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। वंचित व शत-प्रतिशत योग्य लोगों को सरकार के अन्य कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य आगे भी जारी रहेगा।**

## कब्रिस्तान की चारदीवारी निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग के विरोध में ग्रामीणों ने काम बंद कराया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 स्थित कोयल नदी के किनारे लगभग 16 लाख 50 हजार प्राक्कलन की राशि से निर्माण हो रहे कब्रिस्तान के चाहरदीवारी में घटिया सामग्री के उपयोग का ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। उसके पश्चात निर्माण कार्य को बंद करवा दिया। इधर इस संबंध में विरोध कर रहे सदर मंसूर खान, रुस्तम खान, अरशद खान, बाबू खान, पिंटू खान, गुड्डू खान, कलामुद्दीन अंसारी, नईमुद्दीन अंसारी सहित लगभग 4 दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने कहा कि हम सब मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कहा कि कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण कार्य करवा रहे शुक्ला कंस्ट्रक्शन के संवेदक सौरव शुक्ला के द्वारा घटिया किस्म का सीमेंट, छड़ एवं तीन नंबर का ईंट का इस्तेमाल किया जा रहा है। इतना ही नहीं ईट के बीच का गैप (जैन) भी तरीके से नहीं भरा गया है, जिसके कारण दीवार में आरपार दिखता है। यहां तक की दीवार जोड़ने के बाद पानी का तराई भी नहीं की जा रही है। साथ ही विरोध कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि कब्रिस्तान की चारदीवारी निर्माण के लिए हम लोग पिछले 10 वर्षों से प्रयासरत थे। निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी के अथक प्रयास से चाहरदीवारी निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली है। ग्रामीणों के द्वारा संवेदक सौरव शुक्ला से शिकायत करने के बाद उनके द्वारा कहा जाता है कि मेरा काम सिर्फ दीवार जोड़ना है, पानी की तराई करना नहीं। आप लोग अपने से आकर पानी पटायें। इस दौरान कब्रिस्तान की चाहर दिवारी निर्माण स्थल पर पहुंची निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी के द्वारा भी तीन नंबर ईट की पुष्टि की। साथ ही उन्होंने नाराजगी जताते हुए संवेदक को प्राक्कलन के हिसाब से निर्माण कार्य करवाने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि उपायुक्त से ऐसे संवेदक को चिन्हित कर इनके कागजातों को ब्लैक लिस्टेड करने की मांग की है। इधर इस संबंध में निर्माण कार्य की देखरेख कर रहे नगर पंचायत के कनीय अभियंता पंकज कुमार से दूरभाष पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने बार-बार मोबाइल का कनेक्शन काट दिये।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 24 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in
08

## डीसी और एसपी ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



लोहरदगाआजाद सिपाही। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 127वीं जयन्ति पर पावरगंज चौक के पास अवस्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ,पुलिस अधीक्षक आर राम कुमार द्वारा माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर जिले के अन्य पदाधिकारियों ने भी माल्यार्पण कर नेताजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। माल्यार्पण के पश्चात् उपायुक्त ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस में देशभक्ति, राष्ट्रभक्ति और आजादी के लिए समर्पण की भावना थी। युवाओं को नेता जी के आदर्शों पर चलना चाहिए। उनके विचारों को आगे बढ़ाना चाहिये। नेता जी के संघर्ष एवं बलिदान को यूं ही नहीं भुलाया जा सकता है। देश की आजादी में उनका योगदान अविस्मरणीय है।

## जिप सदस्य ने ग्रामीणों की सुनी समस्या



बारियातु। जिप सदस्य रमेश राम ने प्रखंड के गोनिया पंचायत अंतर्गत छाताबर टोला में सोमवार को पहुँच कर ग्रामीणों से मुलाकात कर सुनी समस्या। ग्रामीणों ने जिप सदस्य राम को छाताबर के पथलडाली में पुलिया निर्माण, भिंसरी गंझु के घर से चमन गंझु के घर तक पीसीसी निर्माण एवं पेयजल सुविधा बहाल करने की मांग रखी। ग्रामीणों की समस्या सुन जिप सदस्य राम ने आश्वासन देते हुए कहा कि आप सभी की समस्याओं को बहुत ही जल्द संबंधित विभाग से बात कर पूरा किया जायेगा। वहीं जिप सदस्य राम ने ग्रामीणों को कहा कि अपने घर और घर के आसपास की जगह को साफ-सुथरा रखें। ताकि बीमारी से बचा जा सके। मौके पर वार्ड सदस्य तुला गंझु, समाजसेवी पंचम गंझु, मिनसरी गंझु, बलराम गंझु, बासुदेव गंझु, बिनोद गंझु, प्रसाद गंझु,रूपलाल गंझु, नरेश उरांव, मोहन गंझु सहित कई ग्रामीण महिला-पुरूष मौजूद रहे।

## अनु.जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय में सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनायी गयी



महुआडांड़ : राजकीय अनु.जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय महुआडांड़ में सोमवार को महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती से मनायी गयी, विद्यालय परिसर में प्रधानाध्यापक गिरजाराम के नेतृत्व में उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। फिर नेता जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि वे स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेता थे। सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक में हुआ था। नेताजी ने देश की आजादी के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया था। तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा बुलंद करने वाले सुभाष चंद्र बोस आज भी लोगों के दिलों में बसते हैं। मौके पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गयी

चंदवा आजाद सिपाही। चंदवा के सुभाष चौक में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने कहा कि आज भी उनकी प्रेरणादायक बातें रग-रग में है, आज ही के दिन यानी 23 जनवरी 1897 को सुभाष चंद्र बोस का जन्म ओडिशा के कटक में हुआ था, वह एक महान और राष्ट्र के प्रतिक थे, उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन कर देश की आजादी के लिए लड़े थे। आजाद हिंद के अपने विचार के प्रति अपनी असीम प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए उन्होंने जो साहसिक कदम उठाए, इसलिए उन्हें राष्ट्रीय प्रतीक माना जाता हैं, उनका आदर्श और बलिदान हर भारतीय को हमेशा प्रेरित करता रहेगा। जयंती के मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान,प्रकाश जायसवाल, बालजी उराव, अजीत बनारसी, जुल्फान खान, जीतु साव, दिलीप बैठा, विजय भारती, तबरेज खान सहित अन्य शामिल थे।

## हेरहंज पहुंचा आदमखोर तेंदुआ, दो जानवरों का किया शिकार, एक की मौत, एक घायल



बालूमाथ/हेरहंज। लातेहार जिले के हेरहंज प्रखंड में शनिवार की रात आदमखोर तेंदुए ने दो जानवरों पर हमला कर दिया। इस हमले में एक पशु की मौत हो गयी है, जबकि दूसरा बुरी तरह घायल हो गया है। घटना प्रखंड के तासू पंचायत के हुन्द्रा गांव की है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि किस जंगली जानवर ने पशुओं पर हमला किया है। ग्रामीणों के मुताबिक वह तेंदुआ ही था। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि रात में सभी पशुओं को घर के बगल में बांध कर रखा गया था। देर रात तेंदुए ने उनपर हमला कर दिया। इस दौरान तेंदुए ने एक जानवर को बुरी तरह से मार डाला। जबकि दूसरे को काटकर घायल कर दिया। जिसे मार डाला वह अर्जुन राम की बतायी जा रही है जबकि घायल बछिया संजय राम की है। जिस पशु को तेंदुए ने मार डाला वह दुधारू थी उसी रात उसने एक बछड़े को जन्म दिया था।बताया गया कि जिस तरह से जानवर पर हमला किया गया है, वह कोई और जंगली जानवर नहीं बल्कि तेंदुआ रहा होगा। क्योंकि उसने सिर्फ जानवरों का मांस खाया है। यदि कोई लकड़बग्घा होता तो वह मांस ही नहीं हड्डियाँ भी खाता।आवेदन घटना के बाद ग्रामीणों ने वनपाल अभय भगत को सूचना दी। वनपाल ने तुरंत वन समिति के लोगों को मौके पर भेजा। वन समिति के अध्यक्ष बालचंद साव ने मौके पर पशु चिकित्सक को बुलाकर घायल पशु का उपचार कराया। इसे देखते हुए ग्रामीणों ने वनक्षेत्र पदाधिकारी राकेश कुमार से उचित मुआवजे की मांग की है। ग्रामीणों ने वन विभाग से सुरक्षा की भी गुहार लगायी है।

## भंडरा पुलिस ने पशु तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल



भंडरा/लोहरदगा। जिले के भंडरा थाना पुलिस ने पशु तस्कर के आरोपी को उसके घर गुमला जिला अंतर्गत ग्राम सिसई से गिरफ्तार कर कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में पशु तस्कर सिसई निवासी अलीबक्स अंसारी का पुत्र एनामुल हक को गिरफ्तार कर जेल भेजने में कामयाबी हासिल की है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे पशु तस्करी के अभियुक्त एनामुल हक को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि भंडरा थाना कांड संख्या 46/022 के नामजद अभियुक्त एनामुल हक की गिरफ्तारी में थाना के अन्य पदाधिकारी व जवानों की अहम भूमिका रही।

# विश्व कल्याणार्थ श्री लक्ष्मी महायज्ञ में उमड़ रहा है भक्तजनों का सैलाब

**सात दिवसीय महायज्ञ कार्यक्रम के दूसरे दिन भी भक्तों की रही भीड़**

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पाखर के तिसिया ग्राम में पहली बार बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ विगत एक महीने से विश्व कल्याणार्थ श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के सफल आयोजन हेतु किये गये संपूर्ण तैयारी पूरी होने के साथ ही सात दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ विगत रविवार को कलश-यात्रा के साथ भव्य रूप से किया गया। इधर किस्को प्रखंड के तिसिया में हो रहे विश्व कल्याणार्थ श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम स्थल के अलावा टोला मुहल्ला एवं किस्को रिचुघुटा मुख्य पथ को दुल्हन की तरह सजाई गई है। यहां झंडा बैनर पोस्टर से पूरा तिसिया क्षेत्र भगवामय हो गया है। कार्यक्रम को जिले में नया अध्याय देने के लिए आयोजन समिति की ओर से व्यापक रूप से तैयारी किया गया है। साथ ही कार्यक्रम की सफलता हेतु व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया गया है। इधर तिसिया गांव में हो रहे महायज्ञ कार्यक्रम में लोहरदगा जिला के अलावा दूसरे जिला, राज्य एवं देश के सभी क्षेत्र के लोगों को इस कार्यक्रम को ऐतिहसिक बनाने हेतु आमंत्रित भी किया गया है। मालूम हो कि बीते रविवार को कलश-यात्रा के साथ सात दिनों तक चलने वाली श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ कार्यक्रम की शुभारंभ काफी उत्साह के साथ भक्तजनों के द्वारा किया गया। बता दें कि बीते रविवार को तिसिया में आयोजित महायज्ञ कार्यक्रम स्थल से कलश यात्रा शुरू होकर हुटाप नदी पहुंची जहां से जल उठाव कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान महायज्ञ में शामिल महिलाएं पुरूष व बच्चे पूरी तरह से भक्तिमय के सागर में डूबा हुआ दिखाई दे रहे थे। वहीं कार्यक्रम को लेकर सनातन धर्म के सभी उम्र के लोगों में काफी उमंग देखने को मिल रही है। लोग महायज्ञ कार्यक्रम को सफल बनाने में दिन रात अपने आप को न्योछावर कर दिये हैं। उल्लेखनीय है कि किस्को के तिसिया में हो रहे विश्व कल्याणार्थ श्री लक्ष्मी महायज्ञ कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु समिति का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष के रूप में विजय सिंह सचिव राजेंद्र यादव उपाध्यक्ष वैजनाथ प्रसाद, संजय यादव व कोषाध्यक्ष सुचिता गुप्ता व मिथिलेश गुप्ता और संयोजक के रुप में राजू गुप्ता, उदय राय राजेश एवं गुप्ता को बनाया गया है। वहीं मुख्य संरक्षक जिप सदस्य संदीप गुप्ता को बनाया गया है। इधर तिसिया में रविवार से कलश-यात्रा, कथा और महाप्रसाद के साथ शुरू हुई सात दिवसीय विश्व कल्याणार्थ श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में पूरे जिले के सभी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल होकर अपनी आस्था व्यक्त किया। इस दौरान आयोजन समिति के नेतृत्व में शुरू हुआ महायज्ञ को ऐतिहसिक बनाने हेतु लोहरदगा के पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी सह आजसू पार्टी महिला मोर्चा की केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक प्रत्याशी नीरू शांति भगत, ग्राम पंचायत पाखर के पंचायत समिति सदस्य बीरेन्द्र उरांव मुखिया फुलमनी देवी सामाजिक कार्यकर्ता रंथू उरांव आजसू नेत्री अंजू देवी आजसू जिला उपाध्यक्ष सह पेशरार प्रखंड प्रभारी संजू सिंह, विजय उरांव सहित कई अन्य हस्ती शामिल होकर अपनी-अपनी आस्था बनाए रखे। ज्ञात हो कि विगत एक महीने से महायज्ञ की सफलता को लेकर किये जा रहे तैयारी पूरी होने के बाद रविवार से शुरू हुई कलश-यात्रा के दौरान कलशधारी महिलाओं व भगवा रंग में रंगे पुरूष भक्तजन कलश यात्रा के दौरान जयघोष के नारे लगा रहे थे जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना हुआ है। ज्ञात हो कि एक सप्ताह तक चलने वाली विश्व कल्याणार्थ श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ कार्यक्रम को लेकर किस्को प्रखंड क्षेत्र में दूसरे दिन भी काफी उत्साह देखने के लिए मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के दूसरे दिन भक्तजन बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर इसे बेहतर बनाने में जुटे हुए हैं।

इधर महायज्ञ कार्यक्रम को लेकर आयोजन स्थल के समीप किस्को थाना पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद किया गया है। ज्ञात हो कि बीते रविवार को शुरू हुई कलश यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की कमान एएसआई अविनाश कुमार सिंह की अगुवाई में किया गया था। इस बीच विश्व कल्याणार्थ श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ कार्यक्रम के दूसरे दिन पूरा तिसिया क्षेत्र भक्ति की सागर में डूबा रहा। भक्तजन बड़े उत्साह के साथ महायज्ञ में शामिल होकर आस्था बनाए रखे हैं।

# महुआडाड़ में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआडांड़ः** अखिल भारतीय विधार्थी परिषद महुआडाँड़ के सदस्यों ने सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों संग नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाया एवं उनके पराक्रम पर प्रकाश डाला, कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में दीप जलाकर एवं राष्ट्रनायक सुभाष चन्द्र बोस जी के तस्वीर पे माल्यार्पण कर अभाविप नगर अध्यक्ष सह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य चंदन बेसरा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लातेहार जिला सह संयोजक उज्जवल धणुष एवं भुषण जायसवाल ने किया। उसके बाद अपने वक्तव्य में श्री बेसरा ने कहा की माँ भारती की स्वाधीनता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी एवं आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं उनका जीवन देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्त्रोत बना रहेगा, वहीं उज्जवल धणुष ने कहा की भारत के रोम रोम में आजाद हिंद फौज के माध्यम से स्वतंत्रता के प्राण फूंकने वाले आजादी के देवता के कहने पर लाखों भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े और अपना सब कुछ बलिदान किया। आई सी एस जैसी सुख आराम की नौकरी को ठोकर मारने वाले, उनकी वीरता और देशभक्ति हमें प्रेरणा देती रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य श्री चंदन बेसरा, सहायक शिक्षक शैलेंद्र सिंह, अभाविप के लातेहार जिला सह संयोजक उज्जवल धनुष, पूर्व प्रदेश कार्यकारणी सदस्य अंकित कुमार जायसवाल, नगर सोशल मीडिया प्रमुख दिपक गुप्ता, भुषण जायसवाल, पवन गुप्ता समेत अन्य शिक्षक एवं दर्जनों विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# डीसी एसपी ने किया निःशुल्क कुश्ती प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**इच्छुक युवक-युवतियों को दिया जाएगा कुश्ती का निःशुल्क प्रशिक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता



लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के द्वारा जिला में डीएमएफटी मद से बालक व बालिका वर्ग के लिए कुश्ती का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बीएस कॉलेज स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि महाराष्ट्र में जब मैं अपने पैतृक गांव में था तो वहां के लड़के-लड़कियां कुश्ती सीखने जाया करते थे। वहां घर-घर के बच्चे कुश्ती के लिए इकट्ठा होते थे। उपायुक्त ने कहा कि जिला में आपलोगों के लिए इसे निःशुल्क रूप में शुरू कराया गया है। इसका प्रशिक्षण आप पूरे ध्यान से लें और इसमें बेहतर करने की सोचें। इसे आनेवाले समय में जारी रखना आपका काम है। अगर इसमें बेहतर करेंगे तो निश्चित रूप से ओलंपिक तक सफर तय करेंगे और वहां भी सफल होंगे। जो भी लड़के-लड़कियां कुश्ती सीखना चाहते हैं वे यहां आएं और कुश्ती का निःशुल्क प्रशिक्षण लें। साथ ही, अपने उन दोस्तों को भी यहां लाएं जो कुश्ती का प्रशिक्षण लेना चाहते हैं। आपको सिर्फ अपने घर से निकल कर यहां तक आना है, बाकी सुविधाएं जिला प्रशासन द्वारा मुहैया करायी जा रही हैं, वो भी पूरी तरह निःशुल्क। जिला प्रशासन की ओर से पूरी सुविधाएं आपको दी जाएंगी जो इसमें कॅरियर बनाना चाहते हैं। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि आप इस सुविधा का इस्तेमाल कर अपने जीवन में आगे बढ़ें। जहां भी रहें, आपस में मिलजुल कर रहें और युवा सद्भावना मंच के उद्देश्य को पूरा करें। आप सभी युवा सद्भावना मंच के ब्रांड एंबेसडर हैं।आज कुश्ती के प्रशिक्षणार्थी खिलाड़ियों ने अपनी जज्बा का डेमो प्रदर्शित किया। मौके अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, अधिकारी कुश्ती के प्रशिक्षक महादेव उरांव समेत बड़ी संख्या में खेल-प्रेमी उपस्थित थे।

# सीआरपीएफ 214 बटालियन ने छात्राओं के बीच किया साइकिल वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गारूः** लातेहार जिला अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण प्रत्येक वर्ष 214 वी वाहिनी के एरिया में पड़ने वाले गाँवों में सिविक एक्शन प्रोग्राम के द्वारा स्थानीय जनता के आवश्यकता के आधार पर कुछ न कुछ सामान को वितरित करते है। पिछले वर्ष जैसा इस बार भी के नक्सल प्रभावित गांव सुरकुमी, मिरचाइयॉ, मारोमार, हेनार गॉवो में घर-घर जाकर मच्छरदानी, कम्बल, रेडियो, सोलर लाइट, बर्तन वितरण किया जा चुका है। सोमवार को मारोमार सीआरपीएफ कैंप में फिर से सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सीओ के.डी. जोशी (कमांडेण्ट 214 / वाहिनी) नें सम्बोधित करते हुए बताया कि,यह क्षेत्र नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने कका मुख्या कारण गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का अभाव है। मारोमार, सुरकुमी, जैसे क्षेत्र से उच्च शिक्षा के लिए प्रतिदिन 10 किमी सफर तय कर गारू प्रखंड मुख्यालय तक जाना पड़ता है। यहाँ के भौगोलिक स्थिति के अन्तरगत पहाडी, जंगल एवं अत्यन्त दुर्गम रास्ते है, इस कारण से सुरकुमी ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों का शिक्षा ग्रहण करना इतना आसान नहीं है। मंजू कुमारी, गुड्डी कुमारी कक्षा 9वीं, संगीता कुमारी,कुंती कुमारी, जैतरा कुमारी कक्षा 11वीं, बसंती कुमारी, जिवंती कुमारी, अरुनीमा कुमारी कक्षा 12वीं। सीआरपीएफ की इस प्रकार के पहल का सराहना करते हुए ग्रामीणों नें कहा कि आये दिन नक्सलियों का भय बना रहता था,लेकिन सीआरपीएफ कैंप लगने के बाद वे लोग भयमुक्त वातावरण में जीवन यापन कर पा रहे हैं। मौके पर श्री के.डी. जोशी (कमांडेण्ट 214 / वाहिनी), श्री मनिवासगन एम. (सहायक कमानडेंट डी / 214 वाहिनी), एसएचओ राजीव कुमार भगत, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, गारु प्रतिनिधि अर्णव सर एवं लाभार्थी विद्यार्थी और उनके अभिवाहक शामिल हुए।

## जंगली हाथियों के उत्पात से बेघर हुए परिवार आपदा राहत कोष से दिया गया अनाज

महुआडांड़ आजाद सिपाही। महुआडांड़ वन क्षेत्र शाहपूर पीएफ दुधारवा गांव में जंगली हाथियों के उत्पात से आठ परिवार बेघर हो गये हैं। मनोज कुजूर, महेंद्र कुजूर, फिलिप मुंडा, इलाक मुंडा, दीपक मुंडा, सुरेश मुंडा, केशवर मुंडा, राफेल टोप्पो गांव को छोड़ बच्चों को लेकर शाहपुर के सरकारी विद्यालय में पनाह लिये हुए है। जहां उनके पास खाने को आनाज भी नहीं है एवं जंगली हाथियों द्वारा इनके घरों को धवस्त करने के बाद इनके पास रहने को घर नहीं है, जहां सोमवार को परहाटोली पंचायत के मुखिया एवं सेवक भिखू प्रसाद द्वारा आपदा राहत कोष से पीड़ित परिवारों को 10 किलो चावल साथ आलू, दाल, तेल दिया गया। इस संबंध में सुरेश मुंडा ने कहा कि वन विभाग की ओर से कुछ नहीं दिया गया है, हालांकि हमसे आवेदन वन विभाग द्वारा लिया गया है।

## चंदवा पुलिस ने शराब की बड़ी खेप बिहार जाने से रोकी, दो गिरफ्तार




चंदवा, आजाद सिपाही। चंदवा 23 जनवरी 2023 को लातेहार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा के कठपूलिया के पास वाहन चेकिंग के क्रम में एक टेंपो को पकड़ा गया। टेंपो में शराब की बड़ी खेप बिहार ले जायी जा रही थी। टेंपो में कुल 410 बोतल रम कि पुरानी बोलत में बंदकर ले जाया जा रहा था और विस्की पकड़ी गयी। वहीं टेम्पू में सवार मोइन अंसारी और हलीम अंसारी दोनों ग्राम कांके रोड रांची को पकड़ा गया है। यह शराब बुढ़मू रांची से लोड होकर पटना रांची जा रही थी। वहीं थाना प्रभारी अमित गुप्ता के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन कर सूचना मिलने के बाद जांच पड़ताल जारी किया गया। टीम में नारायण यादव, जमील अंसारी और सैट के बल आदि मौजूद थे।

## वर्षों से खराब पड़ा जलमीनार, गांव में पेयजल की समस्या उत्पन्न



सेन्हा-लोहरदगा आजाद सिपाही। प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत उरु तेतरटोली में आंगनबाड़ी के समीप बना जलमीनार वर्षों से खराब होकर गांव की शोभा बढ़ा रही है। जलमीनार खराब होने की सूचना के बावजूद अधिकारी मौन हैं। उरु तेतर टोली ग्राम में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र के समीप वर्ष 2016-17 में जलमीनार का निर्माण कराया गया था। जिससे आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के साथ स्थानीय ग्रामीण लाभान्वित हो रहे थे। परंतु एक वर्ष पूर्व से खराब हो जाने के कारण आंगनबाड़ी के बच्चों और ग्रामीणों के बीच पेयजल की समस्या बनी हुई है। वहीं जलमीनार खराब होने की सूचना पंचायत के जनप्रतिनिधियों को ग्रामीणों के द्वारा दी गयी है। लेकिन पंचायत जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्रामीणों के बात पर अमल नहीं किया गया। इसकी शिकायत आंगनबाड़ी केंद्र संचालक सेविका धनी उराईन द्वारा विभाग को देते हुए पेयजल समस्या का निदान कराने की मांग की गयी थी। उरु तेतरतोली ग्राम लगभग 65-70 घर का बस्ती है। बताया जाता है कि जलमीनार निर्माण कार्य पंचायत स्तर पर मुखिया के निगरानी में किया गया था। जबतक मुखिया का कार्यकाल रहा तब तक योजना भी सुचारू रूप से संचालित रहा। वहीं पंचायत मुखिया का बदलाव होते ही पुराने योजना पर किसी भी संबंधित पदाधिकारी,मुखिया और जनप्रतिनिधि को जलमीनार बनवाने पर ध्यान नहीं जा रहा है।

## लाल वारंटी गिरफ्तार, गया जेल



लोहरदगाः आजाद सिपाही दो अलग-अलग मामलों पर न्यायालय द्वारा निर्गत लाल वारंटी को गिरफ्तार कर कैरो थाना की पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया। कैरो थाना क्षेत्र निवासी स्व. खेदन महली का पुत्र श्याम महली के विरुद्ध कूडु थाना कांड संख्या 82/ 1997 दर्ज है। लूट और डकैती के आरोप में श्याम महली नामजद आरोपी बनाया गया था। अपर जिला सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में दो मामलों पर उसके विरुद्ध लाल वारंट जारी किया गया था। पुलिस को उसकी तलाश लंबे समय से थी पर, वह फरार होकर कोलकाता में रह रहा था। भूमि विवाद के मामले पर वह पिछले दिनों के लिए अपने गांव कैरो आया था। सूचना पर पुलिस पदाधिकारी हरिओध करमाली ने मौके पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए गुमला के दो खिलाड़ी तमिलनाडू रवाना



**गुमला जिला हैंडबॉल स्पोर्ट्स अकादमी के प्रशिक्षक एवं खेलप्रेमियों ने दी जीत कर आने की शुभकामना**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** तमिलनाडू के तिरुचपाली में 26 से 30 जनवरी 2023 तक आयोजित अंडर- 20 राष्ट्रीय बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए गुमला जिला हैंडबॉल स्पोर्ट्स अकादमी के दो खिलाड़ी मो. सद्दाम अंसारी एवं नीरज महतो (दोनों कार्तिक उरांव कॉलेज के छात्र हैं) का चयन झारखंड राज्य टीम के लिए हुआ है। आज दिनाक 23 जनवरी को प्रातः तीन बजे स्थानीय टॉवर चौक गुमला से जमशेदपुर रेलवे स्टेशन के लिए विदाई दी गई। पूरी टीम टाटा से तमिलनाडू के लिए 24 जनवरी को पूर्वाह्न प्रस्थान करेगी। खिलाड़ियों को विदाई देते हुए स्पोर्ट्स अकादमी के प्रशिक्षक सैयद जुन्नू रैन ने शुभकामना देते हुए कहा कि जीत कर आने पर उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया जायेगा।

इस मौके पर मिलिट्री हॉस्पिटल के ई.एच. खान, हाफिज उर रहमान, मो. फिरोज, बरकत अंसारी ने खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाएं दी। साथ ही स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी रवि गुप्ता, विक्रम राज ठाकुर, अनिस कुमार, तौफीक अंसारी, प्रवीण गोप, संतोष कुमार, आलोक कुजूर, प्रकाश, विकास कुमार साहू, अमित कुमार कमांडो मौके पर मौजूद थे।

## गुमला के स्कूली बच्चों ने रैली निकाल नेताजी को किया श्रद्धासुमन अर्पित



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सोमवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर गुमला के स्कूली बच्चों ने रैली निकाली और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बताए हुए राह पर चलकर अंग्रेजों से छीनी हुई आजादी को बरकरार रखने और देश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। गुमला स्कूली छात्रों ने आज परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में एकत्र होकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन के द्वारा नेताजी की जीवनी पर प्रकाश डालने के बाद शहर में रैली निकाली गई। गुमला के सदर अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के दीवानों में नेताजी एक ऐसे शख्स थे जिन्हें पता था कि जब तक ताकत के साथ अंग्रेजों से लोहा नहीं लिया जाएगा आजादी नहीं मिलेगी। लेकिन भारत में अपनी शक्ति को बढ़ाने में उन्हें कठिनाई हो रही थी क्योंकि उनके पीछे अंग्रेज लगे हुए थे। इसलिए उन्होंने देश छोड़कर बाहर जाना उचित समझा। लेकिन बाहर जाकर भी उन्होंने देश की आजादी के लिए चुप नहीं बैठे और शक्ति बढ़ाने के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी और विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी अपने विचार रखे।

## लायंस क्लब ऑफ गुमला का दो दिवसीय लेंस प्रत्यारोपण शिविर संपन्न



**गुमला (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा दो दिवसीय लेंस प्रत्यारोपण सह निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का समापन हुआ। इस शिविर में कुल 29 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें 19 लोगों में मोतियाबिंद पाया गया। जिसे सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर खाना, दवा, चश्मा, नाश्ता देकर छुट्टी दी गयी। यह ऑपरेशन रांची के नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर नवल, सहायक नेत्र चिकित्सक सदानंद महतो, संदीप, संजय और मंगल जी ने किया। शिविर के आयोजन में अध्यक्ष ला. महेश प्रसाद गुप्ता, सचिव अशोक कुमार जायसवाल, पीआरओ मुरली मनोहर प्रसाद, पवन कुमार अग्रवाल, विशाल कुमार बिट्टू, शशिकिरण जायसवाल उपस्थित थे। अगला शिविर दिनांक 19 फरवरी 2023 को लगाया जायेगा।

## महिलाओं ने भी आजादी की लड़ाई में अपनी ताकत का लोहा मनवाया : मिशन बदलाव



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव टीम के द्वारा इनडोर स्टेडियम गुमला में सुभाष चंद्र बोस के फोटो में माल्यार्पण किया गया और देश की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बोस के संबंध में वक्ताओं ने विस्तारपूर्वक बताया। मिशन बदलाव जिला सचिव ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज में स्त्रियों का भी एक रेजिमेंट बनाने का निश्चय किया था। 22 अक्टूबर 1943 को नेताजी ने आजाद हिंद फौज की 'द रानी ऑफ झांसी रेजिमेंट' का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया। भारतीय महिला-योद्धाओं की यह लड़ाकू यूनिट पुरुषों और महिलाओं की समानता में नेताजी के विश्वास की पक्की अभिव्यक्ति तो थी ही महिलाओं को जीवन के सभी पहलुओं और सभी कर्म-क्षेत्रों में समान और पूरे अवसर प्राप्त होने चाहिए। बसिया प्रखंड अध्यक्ष सह भारतीय थल सेना से सेवानिवृत्त लखन गोप ने कहा कि नेताजी ने भारतीय युवाओं में देशभक्ति की लौ जगायी और उनके भीतर राष्ट्र प्रेम और उसके लिए बलिदान का भाव जगाया। माल्यर्पण कार्यक्रम में मिशन बदलाव के बिनय गोप, महिला नगर सचिव ज्योति गलोरिया कुजूर, बिनोद साहू, चंदकला टोप्पो, अनिता एक्का, हरेंद्र कुमार, सुकरा पाहन, तेतरु उरांव, चमरू तिर्की, सोमरा उरांव, बिस्वासी लकड़ा, प्रीति कुमारी, जर्मनी कुमारी, रानी कुमारी, चांदनी टेटे, दीपिका कुमारी उपस्थित थे।

### कार्यक्रम : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गयी

# सुभाष चंद्र बोस के जीवन से अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा लें : अमृत कुमार मेटे

**भैया-बहनों के भाषण एवं देशभक्ति गीत-नृत्य ने लोगों को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक सुभाष चंद्र बोस की जयंती आज सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्राथमिक तथा माध्यमिक दोनों खंडों में हर्षोल्लास पूर्वक मनायी गयी। प्राथमिक खंड में प्रबंध कारिणी समिति के सचिव अमृत कुमार मेटे तथा माध्यमिक खंड में प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने सुभाष चंद्र बोस के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अतिथियों का परिचय आचार्य संजय कुमार एवं आचार्या उमा कुमारी के द्वारा किया गया। भैया-बहनों द्वारा भाषण तथा देशभक्ति आधारित गीत पर नृत्य ने कार्यक्रम को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। अपने उद्बोधन में सचिव अमृत कुमार मेटे ने भैया बहनों से अपील की कि वे सुभाष चंद्र बोस के जीवन से एकाग्र तथा अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा लें तथा पढ़ाई के साथ खेल एवं कला में भी अपनी रुचि बनाए रखें। आचार्य शांतनु कुमार सिंह ने सुभाषचंद्र बोस के जीवन से जुड़ी कई रोचक तथ्यों से भैया बहनों को अवगत करवाया। प्रधानाचार्य ने प्रश्नोत्तर के माध्यम से सभा में उपस्थित सभी भैया बहनों की रोचकता को बनाए रखा। कार्यक्रम में वरिष्ठ अयोध्या चौबे, योगेंद्र कुमार, संजीव कुमार दुबे, उमा कुमारी छाया कुमारी सहित विद्यालय के सभी आचार्य जी एवं दीदी जी की उपस्थिति रही।

## रांची रेलवे स्टेशन से एक ठग युवक के साथ गुमला तक आया एवं लड्डू खिलाकर पैसे व बैग लेकर हुआ फरार

**परिजनों को पीड़ित मनीष गुमला बस पड़ाव में बेहोशी की हालत में मिला, अस्पताल में कराया गया भर्ती**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** नशीला लड्डू खिलाकर हैदराबाद से गुमला अपने घर लौट रहे डुमरी प्रखंड निवासी 23 वर्षीय युवक मनीष केरकेट्टा का बैग व पैसा निकालकर एक व्यक्ति भाग निकला। परिजनों को मनीष बेहोशी की हालत में गुमला के ललित उरांव बस पड़ाव में मिला। जहां से उसे ले जाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में ड्ढाती कराया गया।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मनीष केर-केट्टा हैदराबाद से सोमवार की सुबह ट्रेन से रांची पहुंचा। इस दौरान एक व्यक्ति ने उसे पूछा कि कहां जा रहे हो। उसने गुमला आने की बात बतायी। वह व्यक्ति ड्ढी उसके साथ टेम्पू से बस पकड़ने रांची आईटीआई आने लगा। आईटीआई में उतरने के बाद दोनों ने साथ में चाय पिया। उक्त व्यक्ति ने मनीष को एक सेब ड्ढी खिलाया। उसके बाद वे गाड़ी में बैठ गये। गाड़ी में उस व्यक्ति ने अपने बैग से लड्डू निकाला और मनीष की ओर बढ़ाया लेकिन वह खाने से इंकार कर दिया तो वह स्वयं पहले लड्डू खाया। जिसके बाद मनीष को लड्डू दिया तो वह खा गया। इस दौरान मनीष की बात उसके बड़े ड्ढाई दिनेश केरकेट्टा से ड्ढी हुई। लड्डू खाने के कुछ देर बाद मनीष बेहोश हो गया। इस दौरान उसके परिजन उसके फोन पर रिंग करते रहे लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। तब परिजन उसको लेने गुमला बस पड़ाव पहुंच गये। इधर साथ रहे व्यक्ति मनीष के जेब से नगद दो हजार रुपए व बैग लेकर ड्ढाग निकला जबकि मनीष बेहोशी की हालत में परिजनों को गुमला बस पड़ाव में मिला।

## बाबा टांगीनाथ धाम समिति के पुनर्गठन को लेकर बैठक 31 को

**डुमरी (आजाद सिपाही)।** बाबा टांगीनाथ धाम समिति के पुनर्गठन को लेकर पदेन अध्यक्ष डुमरी बीडीओ एकता वर्मा ने 31 जनवरी को बाबा टांगीनाथ मंदिर परिसर में बैठक की तिथि निर्धारित की है। इसमें समिति के सदस्य, पंचायत जनप्रतिनिधि और अन्य से भाग लेने की अपील की है। शिवरात्रि 18 फरवरी को है। इस दौरान शिव के पूजन और दर्शन को लेकर एक लाख से भी अधिक भक्त पंहुचते हैं। वहीं तीन दिवसीय धार्मिक मेले के आयोजन की भी परंपरा रही है।

## डुमरी प्रखंड में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

डुमरी (आजाद सिपाही)। डुमरी में गणतंत्र दिवस के मौके पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारित कर दिया गया है। बीडीओ की ओर से निर्गत पत्र और पुराने शिड्यूल के मुताबिक प्रातः 8:00 बजे डुमरी थाना में, 9:15 बजे सीएचसी में, 9:30 मे प्रखंड कार्यालय में, 9:35 बजे जनता हाई स्कूल नावाडीह में और इसी बीच आठ बजे से लेकर 9.30 तक डुमरी के सभी सरकारी कार्यालयों और बैंकों में झंडोत्तोलन किया जाएगा।

## ट्रैक्टर मालिकों की बैठक में भाड़ा निर्धारित

**डुमरी (आजाद सिपाही)।** डुमरी में ट्रैक्टर मालिकों की बैठक में निर्माण सामग्री भाड़ा का निर्धारण किया गया और अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर विचार विमर्श किया गया। निर्धारित किराया से कम लेकर काम करने वाले ट्रैक्टर मालिकों से दंड वसूली और फाईन लगाया जाएगा।

## नगर परिषद शहर में करेगा नेताजी सुभाष चंद्र बोस का स्मारक स्थल का निर्माण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नेताजी सुभाष चंद्र बोस के करिश्माई व्यक्तित्व से हम सबको प्रेरणा लेने की जरूरत : ईओ**

**गुमला।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर सोमवार को नगर परिषद की ओर से निर्णय लिया गया कि शहर के किसी सार्वजनिक स्थल पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित कर वहां उनका स्मारक स्थल का निर्माण किया जाएगा। कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार के प्रस्ताव पर अध्यक्ष दीप नारायण उरांव, उपाध्यक्ष कलीम अख्तर तथा कई वार्ड पार्षद गणों की त्वरित सहमति मिलने के बाद उक्त योजना बनायी गयी। कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि आगामी बोर्ड बैठक में इस योजना को मूर्त रूप देकर यथाशीघ्र अमल में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के करिश्माई व्यक्तित्व से आज के युवाओं को प्रेरणा लेने की जरूरत है। उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लेना ही उनकी जयंती के अवसर पर उनके लिए सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी।

उल्लेखनीय है कि नगर परिषद क्षेत्र में कई महापुरुषों और क्रांतिकारियों के स्मारक बने हुए हैं, उसी क्रम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की स्मारक की प्रासंगिकता प्रतीत होने पर निकाय के जनप्रतिनिधियों से सम्यक विमर्श कर उक्त निर्णय लिया गया। जल्द ही उक्त निर्माण कार्य की दिशा में आवश्यक प्रक्रिया आरंभ की जाएगी।

## मुस्लिम नौजवान कमेटी ने गुमला शहर में ख्वाजा गरीब नवाज की चादर घुमायी

**चादर घुमाने के पश्चात अजमेर ले जाने के लिए मो. मेराज खलीफा एवं मो. इलियास को सौंपा गया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** मुस्लिम नौजवान कमेटी गुमला की तरफ से गुमला शहर में ख्वाजा गरीब नवाज का चादर घुमाया गया। आज मुस्लिम नौजवान कमेटी के संरक्षक अफसर आलम, सुल्तान अंसारी, नसीम खान आदि की देखरेख में ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में चादर शरीफ घुमाकर राजस्थान के अजमेर भेजी गयी।

यह चादर घुमाने का रश्म स्थानीय मोती मस्जिद बाजार टांड़ से निकलकर विभिन्न मोहल्लों जिनमें चांदनी चौक, गौस नगर, खंडापाड़ा, मिल्लत कॉलोनी, कुरैशी मोहल्ला होता हुआ मिशन चौक सिसई रोड, टावर चौक, मेन रोड, पटेल चौक, लोहरदगा रोड, थाना चौक, उस्ताद मोहल्ला बाबर गली इस्लामपुर राजा कॉलोनी आजाद बस्ती हुसैन नगर अंबेडकर नगर होते हुए बाजार थाना के समीप अजमेर वाली गाड़ी तक पहुंचकर समाप्त हुआ। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी ने श्रद्धा और अकीदत से चादर को चूमा और अपनी आंखों से लगाया। चादर घुमाने में शानदार नाते पाक और अकीदत के साथ ख्वाजा की शान में कव्वाल जमील खान और जबीउल्लाह जानी द्वारा पेश किया गया। जो चादर मुस्लिम कमेटी द्वारा अजमेर ले जाने के लिए मोहम्मद मेराज खलीफा, और मोहम्मद इलियास को सौंपा गया। गौस नगर के रहने वाले मोहम्मद अख्तर की तरफ से एक बड़ी गाड़ी जियारत करने के लिए अजमेर ले जायी जा रही है। चादर घुमाने में मुस्लिम नौजवान कमेटी के पदाधिकारी शकील खान, शहीद आलम, शमीम खान, अकबर खान, मोहम्मद इलियास, मोहम्मद जावेद, मौलाना गुलाम गौस, मेराज एडवोकेट मुमताज, इकबाल कुरैशी, जमील अंसारी, मोहम्मद आलम, साजिद खान, मदरसा रजा ए मुस्तफा के बच्चे शामिल रहे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज की बैठक में स्वतंत्रता सेनानी स्व. खुदी साहू की 123वीं जयंती मनाने का निर्णय



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तिर्रा बाघमुंडा ढाबा में छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग की अध्यक्षता में 25 जनवरी को दिन के दस बजे बैठक कर स्वतंत्रता सेनानी स्व. खुदी साहू की 123वीं जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को धूमधाम से मनाने और प्रचार प्रसार के लिए एक कमेटी भी बनायी गयी। इस कार्यक्रम में दक्षिणी छोटानागपुर के पांच जिलों से लोग आयेंगे। बैठक में गुमला अल्बर्ट स्टेडियम में तेली जतरा धूमधाम से मनाने और समाज के अगुवाओं को अतिथि के रूप में बुलाने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर भागीरथी साहू, ओमप्रकाश साहू, राम साहू, अरुण साहू, कृष्णा ओहदार, नीरज साहू, मोहन साहू, राजू ओहदार, पवन साहू, उमेश साहू, सुधीर नाग, सोहरन साहू, बीरेंद्र साहू, राम कृष्णा साहू, विजय साहू समेत समाज के अनेक गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

## सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती सह भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा के मकरा गांव स्थित सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी विद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती सह भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य चंद्रकांत पाठक तथा सचिव अंकिताश्री ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। साथ ही सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पुष्पांजलि कर अपने भाव की अभिव्यक्ति की। स्वागत भाषण के रूप में प्राचार्य चंद्रकांत पाठक ने सुभाष चंद्र बोस के स्वतंत्रता-संग्राम में योगदान तथा आजाद हिंद फौज के गठन की जानकारियां बच्चों को दी। उन्होंने बच्चों को अपने जीवन में सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों को आत्मसात करने के बारे में बताया। कार्यक्रम में कक्षा एक से पांचवीं तक के छात्र छात्राओं ने नेता जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 2 की छात्रा सृष्टि यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 2 की नेहा कुमारी तथा कक्षा 3 की निधि कुमारी ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 1 के तेजस कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती समारोह सह भाषण प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा 1 से 10 तक के सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## कस्तूरबा विद्यालय बाधिमा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनायी गयी

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय बाधिमा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती व पराक्रम दिवस के रूप में मनायी गयी। मौके पर उपस्थित सूचना व प्रसार मंत्रलाय के पदाधिकारियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया व उनके कार्यों को याद किया। मौके पर वार्डेन पूनम कुमार ने कहा कि भारत के महान क्रांतिकारी सपूत नेताजी सुभाष चन्द्र बोस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि क्रांतिकारी आंदोलन को शसक्त बनाने में अपनी अहम भूमिका के लिये पूरे विश्व में अपनी पहचान रखते हैं। मौके पर कई छात्राओं ने भी भाषण दिया। कार्यक्रम में शिक्षक संध्या गुप्ता, विनय उरांव, हरख साहू, रोजलिन तिर्की, अंजलि कुमारी व छात्राएं उपस्थित थीं।

## कांग्रेस के प्रदेश सचिव के घर चोरी की घटना का अब तक नहीं हुआ उद्भेदन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी के आवास पर घटित चोरीकांड का पूर्ण उदभेदन अब तक नहीं हो सका है। इस मामले को लेकर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पीड़ित से बातचीत कर डीजीपी से वार्ता करने का भरोसा दिलाया है। पीड़ित के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष द्वारा कहा गया है कि उन्होंने पहले भी इस संबंध में वरीय अधिकारियों से वार्ता कर मामले का खुलासा जल्द करने के लिए जिला पुलिस प्रशासन को विशेष निर्देश देने का अनुरोध किया था। जिसके उपरांत तीन अभियुक्त पकड़े गए। वे इस बार डीजीपी से वार्ता कर अनुरोध करेंगे कि फरार अभियुक्त को पकड़ने में पुलिस गंभीरता दिखाये और चोरी हुई राशि व ज्वेलरी की बरामदगी हो सके। मालूम हो कि एक जनवरी को सरेशाम घटित इस घटना के 13वें दिन पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़कर जेल भेज दिया था। उनसे एक लाख 26 हजार की रिवकरी भी की गई थी। उस दौरान पुलिस द्वारा फरार अभियुक्त की शिनाख्त करते हुए उसकी भी जल्द गिरफ्तारी का दावा किया गया था। साथ ही जेल भेजे गए आरोपियों को रिमांड में लेकर पूछताछ करने की बात कही गई थी। किंतु उसके बाद से अब तक कोई सफलता नहीं मिल सकी है। जबकि फरार अभियुक्त के पास ही चोरी की बड़ी रकम और ज्वेलरी बेचे जाने की जानकारी होने की बात पकड़ाए अभियुक्तों द्वारा बतायी गयी थी। इधर पुलिस का कहना है कि उनका अनुसंधान जारी है। पुलिस की छानबीन में कोई कमी नहीं है। फरार अभियुक्त भी जल्द पकड़ा जाएगा।

## शाकद्वीपीय समाज के मुख्य सरंक्षक मंडली के डॉ गुप्तेश्वर पाठक के निधन पर शोक व्यक्त



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शाकद्वीपीय समाज के मुख्य सरंक्षक मंडली के वयोवृद्ध डॉ गुप्तेश्वर पाठक के आकस्मिक निधन से पूरा समाज मर्माहत है। उनके निधन से एक युग का अंत हो गया। ब्राह्मण समाज उनके निधन पर शोक संवेदना प्रकट करता है। जिन्होंने आजीवन संघर्ष करते हुए होम्योपैथी चिकित्सा को अपनाकर गरीबों-दीनदुखियों की सेवा की। साथ में चेटर सूर्य मंदिर निर्माण में महती भूमिका निभाई। इसके लिये समाज आपका ऋणी रहेगा। शोक व्यक्त करने वालों में आचार्य आचार्य पंडित यमुना पाठक, प्रो. बीएन पांडे, मुकुंदमणि पाठक, अवधमनी पाठक, धनुर्धर मिश्र, अजय किशोर पांडेय, रामपति पाठक, लक्ष्मीकांत शर्मा, सीताराम मिश्र, सच्चिदानंद शर्मा, किशोर मिश्रा, त्रिभुवन शर्मा, उदय मिश्रा, अभय मिश्र, बालमुकुंद पांडेय, अरुणजय पाठक, विक्की पाठक, नंदकिशोर मिश्रा, धरणीधर पाठक, पंकज कुमार मिश्रा, गौरी शंकर मिश्रा, सुधाकर मणि पाठक, पुनीत शर्मा, प्रतीक शर्मा, राजबल्लभ मिश्र, भगवान पाठक, शंभू नाथ पांडे, श्रीधर पांडे, किशोर पांडे, विनोद कुमार पांडे, प्रदीप मणि पाठक, विश्वनाथ पाठक, विनोद पाठक, देवमणि पाठक, रविशंकर मिश्रा, अमिताभ पंकज, कमलेश मिश्रा, नवल किशोर पाठक, बलदेव शर्मा, पंकज कुमार मिश्रा, शशिभूषण शर्मा एवं अन्य शामिल हैं।

# कलयुग में धर्म के मूल मर्म को समझने की जरूरत : विधायक

**बिश्रामपुर (पलामू)** बिश्रामपुर थाना प्रांगण में स्थित नव निर्मित शिव पार्वती मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान महायज्ञ के चौथे दिन पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी शामिल हुए। प्रवचन पंडाल में बतौर मुख्य अतिथि श्री चंद्रवंशी ने अपनी ओर से कथावाचक आचार्य अनिल शास्त्री सहित यज्ञ अनुष्ठान संपन्न करा रहे सभी पांच आचार्य को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। यज्ञ आयोजन समिति ने भी श्री चंद्रवंशी को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। विधायक श्री चंद्रवंशी ने कहा कि कलयुग में धर्म के मूल मर्म को समझने की जरूरत है। धर्म प्रेमियों को दिखावा और आडंबर से परहेज करना चाहिए। उन्होंने शिव महापुराण के कई प्रसंगों की भी चर्चा की। कहा कि पुण्य और पाप दोनो का फल मिलता है। इसलिए हमेशा सद कार्य कीजिए। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,थाना प्रभारी शशि रंजन,यज्ञ समिति के उपाध्यक्ष प्रेम शंकर दुबे,यज्ञ के प्रणेता अनंत कुमार सिंह,संत पॉल के निदेशक एसएम एस्ले,पूर्व नप उपाध्यक्ष अजय बक्स राय उर्फ बढ़कु सिंह,पंडित राजन पांडेय,पंकज कुमार लाल,लक्ष्मण साव,विजय कुमार चौधरी,,संजय ठाकुर, मनीष गुप्ता, संजय सिंह, बीरेंद्र तिवारी, एसएन सिंह,अवधेश सोनी,हरिशंकर सिंह आदि थे।



नव निर्मित शिव पार्वती मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में आरती करते विधायक रामचन्द्र चन्द्रवंशी और अन्य।

## युवा क्लब झरगड़ा का प्रयास, 20-20 प्रतियोगिता का आयोजन



हुसैनाबाद: हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत युवा क्लब झरगड़ा के द्वारा सरस्वती पूजा के अवसर पर प्रयास 20-20 प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया। जिसमें 307 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सफल प्रतिभागियों के बीच युवा क्लब के मुख्य संरक्षक सह ग्राम पंचायत के मुखिया अशोक चौधरी व सदस्यों के द्वारा पुरस्कार वितरण 27 जनवरी को किया जायेगा। मौके पर ग्राम पंचायत के मुखिया अशोक चौधरी ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अपनी छुपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। वहीं क्लब के सदस्यों ने इस प्रतियोगिता आयोजन में अपनी महती भूमिका निभाने के लिए बिद्यालय के प्रधानाचार्य को धन्यबाद व्यक्त किया।कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य रूप से क्लब के अध्यक्ष सह वार्ड सदस्य राजू प्रसाद गुप्ता,उपाध्यक्ष धर्मपाल कुमार चौधरी, सचिव डॉ0 राजीव कुमार गुप्ता, उपसचिव मोहित कु गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामपूजन प्रसाद गुप्ता,सक्रिय सदस्य चंदन चौधरी,शंकर गुप्ता ,रविशंकर गुप्ता,रमेश चौधरी ,प्रेम कुमार गुप्ता समेत कमिटी के सभी सदस्यों का नाम शामिल है।

## गम्हरिया में 5 लाख की लागत से बनेगा विवाह मंडप : विधायक




**हुसैनाबाद** : विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर नगर पंचायत हुसैनाबाद के मोहल्ला गमहरिया में जनसेवा पदयात्रा पहुंची। जनसेवा पद यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं से नागरिकों ने विवाह मंडप निर्माण की आवश्यकता बताई। कार्यकर्ताओं ने विधायक कमलेश कुमार सिंह से तत्काल बात की। उन्होंने बताया कि गमहरिया में विवाह मंडप के लिए पांच लाख रुपए स्वीकृत करा दिया गया है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि वह जो कहते है उसे करते भी हैं। गमहरिया के लोगों ने विधायक के प्रति आभार जताया। जनसेवा पद यात्रा में शामिल कार्यकर्ता लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। उन्हे निदान कराने का भरोसा दिलाया। पद यात्रा में युवा एनसीपी नगर अध्यक्ष रविंद्र कुमार, अपलसंख्यक प्रकोष्ठ के अनुमंडल अध्यक्ष किशन हसन, एनसीपी नगर उपाध्यक्ष विकास कुमार, एसएम अकरम, अकबर हवारी, सद्दाम राइन, मो समशुद्दीन, जनक पासवान, रितेश कुमार पासवान, राहुल कुमार, शंभू पासवान, निरंजन कुमार, रामकुमार पासवान, छोटू कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## शिवलिंग स्थापना को लेकर निकाली गयी शोभायात्रा



सतबरवा /पलामू (आजाद सिपाही) सोमवार को सतबरवा के शक्ल मंदिर उर्फ टुनटुनवा मंदिर में भगवान शिव पार्वती एवं नंदी बाबा को पुनः स्थापित करने के लिए शोभायात्रा निकाला गया। इस दौरान शिव पार्वती और नंदी के मूर्ति को सतबरवा ग्राम का नगर भ्रमण कराया गया। यह शोभायात्रा रामघाट, रांची मेदनीनगर मुख्य मार्ग, मेलाटांड़, मस्जिद मोहल्ला ,महावीर चौक होते हुए टुनटुन के मंदिर पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान की प्रतिमा को स्थापित किया गया। इस शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पुरुष जयकारा लगाते हुए डीजे पर झूमते नजर आए। साथ ही साथ इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बताते चलें कि यह शिव मंदिर काफी प्राचीन होने के कारण जर्जर हो चुकी था। जिससे जीर्णोद्धार कर बहुत ही आकर्षक और सुंदर बना दिया गया है।

# ए के सिंह कॉलेज जपला में नेताजी की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद** : भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निदेर्शानुसार सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ए के सिंह कॉलेज जपला के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की 126 वीं जयंती को महाविद्यालय में पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।भाषण प्रतियोगिता में रिंकी कुमारी प्रथम, सुप्रिया कुमारी द्वितीय,तथा दिनेश कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किए। निबंध प्रतियोगिता में सुप्रिया कुमारी प्रथम,किरण कुमारी द्वितीय तथा शुभम प्रकाश तृतीय स्थान प्राप्त किए। पेंटिंग प्रतियोगिता में आलोक कुमार प्रथम, दिव्या कुमारी द्वितीय एवं रिंकी कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किए। कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रो राजेश कुमार सिंह ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया तथा युवाओं को उनके आदर्शों को आत्मसात करने पर जोर दिया। प्रो राहुल कुमार सिंह ने कहा कि प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए इस तरह के कार्यक्रम बहुत ही उपयोगी साबित होते हैं।




छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते नोडल पदाधिकारी

# देवीधाम महायज्ञ में एनसीपी युवा नेता ने हजारों श्रद्धालुओं को खिलाया महाप्रसाद

**अनुष्ठान में महाप्रसाद का वितरण धर्म का काम : सूर्या**

**हुसैनाबाद** : हैदरनगर देवी धाम परिसर में प्रतिष्ठा सह सतचंडी महायज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धालुओं को विधी विधान के साथ बैठकर पंडाल में महाप्रसाद का वितरण किया जा रहा है। यज्ञ में पहुंचे एनसीपी के प्रदेश युवा नेता सूर्या सोनल सिंह ने पहुंच कर मां भगवती की आराधना कर यज्ञ मंडप का परिक्रमा किया। यज्ञ समिति द्वारा महा प्रसाद की व्यवस्था पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि धर्म व समाज का काम में महाप्रसाद का वितरण करना काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यज्ञ व अनुष्ठान से ही क्षेत्र में अमन चैन कायम रहता है। उन्होंने कहा कि हैदरनगर देवी धाम का सतचंडी महायज्ञ हुसैनाबाद सहित पलामू प्रमंडल के लिए एतिहासिक है। जहां चहुओर वैदिक मंत्रोचारण के साथ यज्ञ क्षेत्र भक्ति रस में डूबो गया है। सूर्या सोनल सिंह सहित उनकी टीम ने उपस्थित श्रद्धालुओं को अपने हाथों महाप्रसाद का वितरण कर श्रद्धालुओं से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर काफी संख्या में यज्ञ समिति के सदस्यों के साथ साथ एनसीपी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



भंडारा में लोगों को महाप्रसाद खिलाते सूर्या सोनल

## सतबरवा में मनायी गयी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती



सतबरवा/पलामू(आजाद सिपाही)तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा के नारे लगाने वाले तथा आजाद हिंद फौज के संस्थापक स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म दिवस पराक्रम दिवस के रूप में राजकीयकृत उच्च विद्यालय हाई स्कूल के मैदान में सोमवार को मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी आशीष सिन्हा ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी का जन्म 23 जनवरी 1897 में उड़िसा कटक में हुआ था, वे शुरू से ही क्रांतिकारी विचारधारा के थे। आजादी की लड़ाई में इनका अहम योगदान रहा, इनकी शुरूआती पढ़ाई उड़ीसा में हुआ था। शुरूआती पढ़ाई के समय एक अंग्रेज के द्वारा भारतीय नागरिक को सताया जा रहा था तब इन्होंने कसम खाई कि अंग्रेज को यहां से वापस इंग्लैंड भेजेंगे और इन्होंने पूरे भारत में आजादी की लड़ाई के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। हम सभी को इनके बताए हुए मार्ग पर चलने की जरूरत है। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, धावाडिह की मुखिया रिंकी यादव, जिला परिषद सदस्य पति अजय उरांव, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष ज्योति सिंह, प्रिंस कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## देश की अमूल्य धरोहर थे सुभाष चंद्र बोस : कुमार आदर्श



मेदिनीनगर। संत मरियम स्कूल के नावाहाता प्रांगण में सुभाष चंद्र बोस की 126 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम स्कूल के प्राचार्य, उप प्राचार्य ने दीप प्रज्वलन करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित किया तत्पश्चात संगीत शिक्षक श्याम किशोर पांडे के नेतृत्व में छात्राओं द्वारा देश भक्त गीत प्रस्तुत कर नेता जी को समर्पित किया गया।इस मौके पर प्राचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि देश की स्वतंत्रता दिलाने में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का अहम योगदान था। अपने कुशाग्र बुद्धि, दूरदर्शी सोच और बेहतर रणनीतिकार होने के कारण इन्होने आजाद हिंद फौज का गठन करके एक मिशाल कायम किया। हम सभी को इनके त्याग,कर्तव्यनिष्ठा,देश के प्रति समर्पण से सदैव प्रेरणा लेनी चाहिए।उक्त मौके पर स्कूल के विभिन्न छात्र छात्राओं ने शानदार भाषण प्रस्तुत किया।

## शिरडी की तर्ज पर साईं मंदिर बनेगा : महापौर



मेदिनीनगर। नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर के आवास में स्थापित साईं जी के मूर्ति पर रांची से चलकर शिर्डी तक की पैदल यात्रा करने वाले साईं भक्त साईं मनीष अग्रवाल ने रांची जाने के क्रम में पूजा अर्चना की। इस अवसर पर चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर, महापौर अरुणा शंकर एवं उनकी पुत्रवधू शिवानी आनंद तथा शहर के कई गणमान्य लोगों ने साईं भक्त मनीष अग्रवाल का जोरदार स्वागत किया। महापौर ने प्रमोद अग्रवाल, कंचन अग्रवाल की भी तारीफ की जो हमेशा ऐसे नेक कार्यों में तन मन धन से समाज की सेवा में तत्पर रहते है। महापौर ने इस अवसर पर शहर में जल्द साईं मंदिर बनाने की घोषणा की जो शिर्डी के तर्ज पर बनेगा। इस अवसर पर सैकड़ों लोग उपस्थित होकर साईं मनीष अग्रवाल से टीका लगाकर आशीर्वाद लिया।

# श्राद्ध में पौधरोपण से पितरों के साथ देवता भी होते हैं प्रसन्न : पर्यावरण धर्मगुरु कौशल

**पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म के तहत श्राद्ध में मृतक के नाम किया पौधरोपण**

**मृतक के पिता ने 40 वर्ष पूर्व में अपने परिजनों को सुरक्षा का दिया था जिम्मा : कौशल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर(पलामू)** छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के फगुनी टोला में स्वर्गीय झगर यादव के श्राद्ध कर्म में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने श्राद्ध कर्म में शामिल होकर मृतक के नाम पर पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्राद्धकर्म में शामिल लोगों को उन्होंने पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि लोगों को माता- पिता की सेवा से यदि मुक्ति मिल जाती हैं तो दुनियां के हरेक पुत्रों को पर्यावरण धर्मगुरु कौशल के द्वारा चलाए गए पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों के तहत उनके नाम पर पौधा लगाकर उसकी सेवा करना चाहिए। क्योंकि उससे मृतक कीआत्मा को शांति मिलती है।

वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि हमारी हिन्दू संस्कृति में पौधों को देव तुल्य मानकर उसे पूजा करने का विधान है। क्योंकि एक वृक्ष से समस्त धरती और ब्रह्मांड पर रहने वाले जीवो को 10 तरह का लाभ मिलता है। जिसका उपभोग लोग सदियों से करते आ रहे हैं। जिसका प्रमाण हमारे धर्म ग्रंथों में उल्लेखित है। पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि मृतक के पिता स्व फागुनी महतो ने 40 वर्ष पूर्व मृत्यु से छह घंटा पहले उन्हें बुलाकर मृतक झगर और उनके छोटे भाई महेंजर यादव को हाथ मुझे थमाया था। तबसे उस परिवार के प्रति हमारी और जिम्मेवारी बढ़ गयी है। उस परिवार के हरेक कार्यक्रम में शामिल होकर मैं अपने दायित्वों का निर्वहन करते आ रहा हूं। जो एक मिसाल के तौर पर देखा जाता है।

**मौके पर स्व झगर यादव के पत्नी हलकनिया देवी**

भाई महेंजर यादव,सूरुज देव यादव,लालू यादव, बलदेव यादव, महेश यादव, मनोज यादव,पुत्र सूर्यमुखी यादव, नरेश यादव,सुरेश यादव, ईश्वर यादव, मंटू यादव, सत्येंद्र प्रसाद जायसवाल,सूचित कुमार,बसंत यादव,धनंनजय पूर्व मुखिया गुरुदेव यादव,मनोज विश्वकर्मा, विनोद यादव, कोमल, अरविंद, मालदेव, मुन्ना , लाल बिहारी, रुपेश आदि शामिल थे।



# विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल का किया गया स्वागत

**छतरपुर (पलामू )** विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री यग्यवल्क शुक्ला का स्वागत छतरपुर जपला मोड़ पर भव्य रुप से एबीवीपी एवं हिंदू संगठन के कार्यकताओं ने स्वागत किया। बताते चलें कि वह पटना से मेदनीनगर की ओर मेदिनीनगर में छात्र सम्मेलन में शामिल होने जा रहे थे। इसी क्रम में उन्हें छतरपुर जपला मोड़ के पास कार्यकताओं ने स्वागत किया और एबीवीपी एवं भारत माता के नारों से गूंज उठा। स्वागत करने में मुख्य रूप से एबीवीपी के पूर्व विभाग संयोजक, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार ने बुके देकर स्वागत किया। साथ ही एबीवीपी के नगर मंत्री अंकित कुमार ठाकुर ने भी माला पहनाकर स्वागत किया एवं मितल सिंह,मुन्ना प्रजापति,सोनू सिंह, राहुल चंद्रा, आलोक कुमार मिश्रा,गोलू, रंजन, संतोष साथ ही सैकड़ों कार्यकताओं ने माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया।



# स्पोर्ट्स



बढ़ेंगी खेलकूद की सुविधाएं, इस वर्ष बनेंगे एक हजार खेलो इंडिया सेंटर : अनुराग ठाकुर

# लोहरदगा एकादश ने कुडू एकादश को हराया

**नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती पर आयोजित हुआ क्रिकेट मैच**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आज युवा सद्भावना मंच द्वारा बीएस कॉलेज स्टेडियम में क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। मैच का उदघाटन उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण एवं पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार द्वारा किया गया। मैच 15-15 ओवरों का खेला गया। इस मैच में लोहरदगा एकादश ने कुडू एकादश को 49 रनों हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लोहरदगा एकादश ने 15 ओवरों में 112 रन बनाया। टीम को ओर से बल्लेबाजी में शिवा ने 45 और शमशाद ने 30 रन बनाये। कुडू एकादश की ओर से गेंदबाजी में आर्यन ने 3 और सुंदर ने 3 विकेट हासिल किये। जवाबी पारी में कुडू एकादश की टीम 15 ओवरों में मात्र 61 रन ही बना सकी। इसमें अनमोल के सर्वाधिक 10 रन शामिल हैं। गेंदबाजी में लोहरदगा एकादश की ओर से शिवा ने 4 और आकाश ने 2 विकेट हासिल किए। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार कुमार लाल, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, क्रिकेट प्रशिक्षक अमित कुमार व बड़ी संख्या में खेल-प्रेमी उपस्थित थे।




# विद्यार्थी परिषद का जिला स्तरीय सम्मेलन संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विद्यार्थी परिषद द्वार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सभागार में पलामू जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अभय वर्मा एवं संचालन विभाग छात्रा प्रमुख दीक्षा कुमारी ने किया। इस आयोजन के मुख्य वक्ता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला मौजूद रहे। कार्यक्रम के पूर्व परिषद के कार्यकताओं के द्वारा विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला का गर्म जोशी से स्वागत किया गया। परिषद् के कार्यकताओं ने स्वागत करते हुए उन्हें रैली के माध्यम से विसफूटा पुल होते हूए पुलिस लाइन होते हूए,छह मूहान चौक होते हुए सुभाष मंजिल चौक होते हुए अपने दीनदयाल उपाध्याय सभागार में प्रवेश किया। तत्पश्चात कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो.केके मिश्रा,मुख्य वक्त याज्ञवल्क्य शुक्ला ,झारखंड प्रदेश की छात्रा सह प्रमुख स्नेहा गुप्ता,जिला प्रमुख केसी झा,जिला संयोजक अभय वर्मा, नगर मंत्री रामा शंकर पासवान उपस्थित थे। सभी मंचासीन कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात् दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि याज्ञवल्क्य शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थी परिषद पलामू के छात्र का हुंकार है, पलामू में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता के विरुद्ध अधिकार है,पलामू में व्याप्त सामाजिक अराजकता के विरुद्ध का हुंकार है और इस हुंकार का उद्देश्य ही है यहां से शिक्षा और सामाजिक परिदृश्य को लेकर के जो चचाएं होंगी। जिला संयोजक अभय वर्मा ने कार्यक्रम की विधिवत जानकारी दी। तत्पश्चात प्रो. केके मिश्रा ने अपने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही राष्ट्रहित की भावना से परिपूर्ण होकर समाज हित और छात्र हित में कार्य करने हेतु निरंतर लगा हुआ है और आज भी संघर्ष और साधना के 75 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। शोभायात्रा में अल्पसंख्यक मोर्चा के द्वारा परिषद के कार्यकर्ताओं पर पुष्प वर्षा किया गया एवं राष्ट्रीय महामंत्री का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। महिंद्रा आर्केड के साहिबजीत नामधारी पुष्प वर्षा किया गया एवं पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। इसका संचालन प्रदेश सोशल मीडिया प्रमुख रोहित देव ने किया। नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई। जिला संयोजक अभय वर्मा,एफडी प्रमुख सुमित पाठक,नगर मंत्री रामा शंकर पासवान, विभाग छात्रा प्रमुख दीक्षा कुमारी,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गोविंद मेहता, विवेक तिवारी, नगर सह मंत्री अभिषेक रवी, नीतीश दुबे ,सुमित पाठक, रोहित दुबे रोहित गुप्ता, प्रकाश पांडे ,संजीत कुमार सविता, कुमारी नीरज,कुमार प्रिया बोदरा, आनंद विश्वकर्मा गौरव दुबे, अमित दुबे, जिला सोशल मीडिया प्रमुख राजन कश्यप,कविता कुमारी आदि हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## कोयलांचल ने नेताजी की 126वीं जयंती पर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

# संकल्प के साथ सभी ने नेताजी के व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रेरणा लेने की कही बात















आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती जिले भर में धूमधाम से मनाई गई। राजनीतिक,समाजिक कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया और उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। धनबाद के नया बाजार, कोयला नगर, टेंपल रोड, हाउसिंग कॉलोनी, निरसा, चिरकुंडा, मैथन, कुमारधूबी, गोविंदपुर, राजगंज, पुटकी, झरिया, सिंदरी, लोयाबाद, कतरास, तेतुलमारी, महुदा, बाघमारा सहित अन्य स्थानों पर नेताजी की जयंती मनाई गई।

### झरिया में कांग्रेस ने मनायी जयंती

झरिया नगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष रत्नेश कुमार यादव के नेतृत्व में 4 न. झरिया स्थित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रृद्धासुमन अर्पित उनकी 126वीं जयंती मनाई गई।
इस कार्यक्रम में दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। रत्नेश यादव ने कहा कि ये गर्व की बात है सुभाष चंद्र बोस कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष रहें। आज पूरा देश नेता जी की अदम्य भावना और राष्ट्र के लिए निस्वार्थ सेवा को सम्मानित करने के लिए याद करता है। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा और जय हिंद का नारा समस्त भारत वर्ष का नारा बना। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व नगर अध्यक्ष रामजी सिंह, निशार अहमद, कुंदन मोदक, रवी सिंह, सौरभ मिश्रा, मीर फिरोज आलम, शेख इरफान, अनूप सिंह, राजा वर्मा सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कतरास क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनायी नेताजी की जयंती

कतरास कोयलांचल के कतरास रेल्वे स्टेशन, बाघमारा,तेतुलमारी एंव ईस्ट बसूरीया में हर्षोल्लास के साथ नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई गई। तेतुलमारी सुभाष चौक स्थित नेताजी के प्रतिमा पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजिक कार्यकर्ता एवं आम लोगों ने फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा भक्ति गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को भाव विभोर कर दिया। श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए सीएमडब्लूयू के महामंत्री भोला सिंह ने नेताजी के जीवन पर चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अनेक महापुरुषों ने अपना योगदान दिया था जिनमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नाम पहली पंक्ति में है। वही इस्ट बुसुरिया में नेताजी के जयंती पर नेताजी स्पोटिंग क्लब रेगुनी द्वारा रक्तदान शिविर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम इस्ट बसुरिया ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार यादव, भूली ओपी प्रभारी नंदू पाल ने रक्तदान किया। इस दौरान उपेंद्र कुमार यादव ने कहा की रक्तदान महादान है इससे बड़ा कोई दान नहीं है उन्होंने आम लोगों से भी अपील किए की बढ़-चढ़कर रक्तदान करें है। मौके पर विजय झा,मनोज रवानी, उपेंद्र प्रजापति, पंकज सिंह, भोला सिंह, लखेंद्र कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित किया

मासस धनबाद जिला की ओर से नया बाजार स्थित नेताजी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया।तत्पश्चात एक सभा की गई, सभा को संबोधित करते हुए मासस केंद्रीय सचिव हरिप्रसाद पप्पू ने कहा कि भारत के जंगे आजादी में सर्वोत्तम सितारा और जिसकी रोशनी में सारा हिंदुस्तान आज भी जगमगा रहा है, उस अतुलनीय योद्धा का नाम सुभाष चंद्र बोस ही है,जो भारत और दुनिया के लिए एक प्रेरणा स्रोत है, इसीलिए आज हमें नेताजी के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लेने की जरूरत है, माल्यार्पण करने वाले में जिला सचिव दिलीप कुमार महतो, सुभाष चटर्जी, सुभाष प्रसाद सिंह, पवन महतो, राणा चट्टराज, विश्वजीत राय, धर्म बावरी, अशोक कुमार राय,भूषण महतो, भूषण सिंह, अशोक राय, अखिलेश महतो, रविंद्र सिंह नंदलाल महतो आदि लोग शामिल थे।

### ज्ञान विज्ञान समिति ने मनायी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद द्वारा नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती पुटकी बस्ती में कार्यकारिणी अध्यक्ष बालेश्वर बाउरी की अध्यक्षता में मनाया गया। इस दौरान बालेश्वर बाउरी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस त्याग, बलिदान को भुलाया नही जा सकता। आज देश के युवाओं को अन्याय के विरोध आवाज बुलंद करने की आवश्यकता है। भारत ज्ञान विज्ञान समिति राज्य व देश में गांव-गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य, वैज्ञानिक चेतना आदि विषय को लेकर कार्य करते आ रही है। मौके पट रफीक अंसारी, प्रेम कुमार शर्मा, शंकर पासवान, सुरेश दास,राजू बाउरी, रामाशंकर प्रसाद, ललिता श्रीवास्तव, ज्योति सिंह, सोमा नियोगी, सुमित्रा महतो, मधेश्वर नाथ भगत एवं राजा राम पासवान ने संबोधित किया।

### डीएवी पब्लिक बरोरा में मनायी गयी जयंती

डीएवी पब्लिक स्कूल बरोरा में सोमवार को प्राचार्य डॉ सुनील कुमार की अध्यक्षता मे नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम प्राचार्य के साथ सभी शिक्षको ने नेताजी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए पुष्पांजलि दी। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा की नेताजी स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान व अंग्रेजो के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होने जपान के सहयोग से आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। इस कार्यक्रम मे कई अन्य शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किये।

### राजगंज संत मैथ्यूज हाइ स्कूल में मनी जयंती

संत मैथ्यूज हाइ स्कूल राजगंज में सोमवार को सुभाष चंद्र बोस जयंती पूरे धूमधाम एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक रविंद्र चंद्र दे के द्वारा सुभाष चंद्र बोस के चरणों में पुष्प अर्पित कर नेताजी के जीवनी पर चर्चा करते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी दि गई। मौक पर विद्यालय के प्राचार्य राहुल कुमार दे, उप प्राचार्य जगदीश प्रसाद एवं शिक्षक गण अनिरुद्ध तिवारी, दिलीप कुमार, आनंद पांडेय, अजय कुमार,माधव स्वर्णकार, प्रताप पांडेय, राजलक्ष्मी विभा रोमा अंजलि रीना गौतम,सृष्टि, रामकृष्ण, प्रिया, निशा, किरण, शालिनी, निखत आदि का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक माधव स्वर्णकार द्वारा सुंदर गीत की प्रस्तुति किया गया।

### डीएवी सिंदरी में नेताजी जयंती पर पराक्रम दिवस का आयोजन

डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी (जूनियर विंग) के आनंद स्वामी क्रीड़ा उद्यान में सोमवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए प्राचार्य आशुतोष कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी के दिए गए योगदान एवं अमर बलिदान के प्रति राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा। बच्चों में अमर शहीदो के प्रति सम्मान की भावना होनी चाहिए। इनसे प्रेरणा लेते हुए हमे अनुशासन और बलिदान की भावना को अपनाने की जरूरत है। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। परेड एवं पिरामिड निर्माण में बच्चों ने अदभुत पराक्रम एवं उत्साह प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे। भारत की जनवादी नौजवान सभा लोदना क्षेत्रीय कमिटी के बैनर तले झरिया हेटली बांध में नेताजी की जयंती मनाया गया। डीवाईएफआई के सभी साथी ने बारी बारी से पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर देश बचाओ अधिकार बचाओ जनतंत्र पर हमला नहीं चलेगा। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा जय हिंद नारे के साथ कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) झरिया लोकल कमेटी के सचिव भगवानदास पासवान ने कहा सुभाष चंद्र बोस एक महान स्वतंत्रता सेनानी रहे। कार्यक्रम में प्रो नारायण चक्रवर्ती, डीवाइएफआइ जिला सचिव नौशाद अंसारी,लोदना क्षेत्रीय कमेटी के अध्यक्ष प्रजा पासवान, लोदना क्षेत्रीय कमेटी के सचिव संतोष पासवान, प्रखंड कमेटी के साथी कुंदन पासवान, गब्बर माली, हेमंत बावरी, सुभाष बावरी, कुंदन पासवान उपस्थित थे।

## हुड़दंगियों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर



**झरिया (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसका संचालन भगत सिंह ने किया। इस दौरान उपस्थित विधायक प्रतिनिधि केडी पांडे एवं शांति समिति के सदस्यों ने अपना सुझाव रखा। जिसमें मुख्य रूप से बिजली पानी सफाई पर विशेष बल दिया गया। बैठक में बिजली विभाग के जेई राकेश सिंह, जल आपूर्ति विभाग के बृजेश कुमार सिंह नगर निगम के सुपरवाइजर सुनील राउत मुख्य रूप से उपस्थित थे। थाना प्रभारी पंकज कुमार झा ने सदस्यो को संबोधित करते हुए कहा की जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार क्षेत्र में डीजे पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। किसी भी प्रकार के अश्लील गाने का प्रयोग ना हो। वही कहा की हुड़दंग करने वालो पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। बैठक में मुख्य रूप से जगदीश गुप्ता, पार्थो दत्ता, फैज अहमद रिजवी, दिलीप आडवाणी, अशोक बरनवाल, मुख्तार खान, कादिर अंसारी, सुमन अग्रवाल, पिंकी साहू, अनीता सिंह, परमेश्वर स्वर्णकार, कादिर अंसारी के साथ झरिया के वरिष्ठ गणमान्य लोग मौजूद थे।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स ने निकाला मशाल जुलूस

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** यूजर्स चार्ज वसूलने के खिलाफ सोमवार को लोयाबाद चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा नगर निगम के खिलाफ मशाल जुलूस निकाला गया। व्यवसायियों ने यूजर्स चार्ज वसूलने एवं ट्रेड लाइसेंस बनाकर दुकानदारो को नही दिये जाने का विरोध जताया। जुलूस मे व्यवसायियों ने नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वे नगर निगम के पदाधिकारियों से यूजर्स चार्ज वापस लेने की मांग कर रहे थे। जुलूस पंचायत भवन प्रांगण से शुरू होकर लोयाबाद मोड़ होते हुए मदनाडीह कोणार्क तक गई, जिसके बाद पुनः लोयाबाद मोड़ पहुंची। जुलूस का नेतृत्व कर रहे चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजकुमार महतो एवं सचिव सुनील पांडेय ने कहा कि जब नगर निगम लोगों से होल्डिंग चार्ज एवं व्यवसायियों से ट्रेड लाइसेंस के रूप मे पैसे वसूल रहा है तो फिर अलग से यूजर्स चार्ज वसूलना अन्याय है। इसका चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं आम लोग पुरजोर विरोध करेंगे। किसी भी कीमत पर व्यवसायियो और आम लोगो पर अतिरिक्त बोझ नही डालने दिया जायेगा। इसके खिलाफ आंदोलन करने को भी तैयार है। उन्होने कहा कि करीब तीन साल से दुकानदारों का ट्रेड लाइसेंस बनकर रखा है परंतु नगर निगम द्वारा कई दुकानदारों को अबतक लाइसेंस नही दिया गया है और अब नगर निगम द्वारा यूजर्स चार्ज के रूप मे घरों से एक हजार और दुकानदारों से दो हजार चार्ज मांग जा रहा है। मशाल जुलूस मे मुस्लिम कमिटी के महामंत्री असलम मंसूरी, मन्नू सिंह,डब्लू कुमार, शैलेश वर्णवाल,राजू ठाकुर, चिकू वर्णवाल, आनंद सिंह, मो सलीम, तबीब अंसारी, अरूण वर्णवाल, पिंटू केशरी आदि शामिल थे।

## नेताजी ने अपने पराक्रम, साहस और देशभक्ति से असंख्य युवाओं को प्रेरित किया: संजय त्यागी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती भाजयुमो चास नगर उत्तरी के आवासीय कार्यलय में मनायी गयी। भाजपा जिला महामंत्री संजय त्यागी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर श्रद्धां सुमन अर्पित हुए कहा की देश की आजादी और अंग्रेजों के खिलाफ बिगुल फूंकने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस बचपन से ही मेधावी छात्र रहे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पश्चिमी ताकतों के विरुद्ध आजाद हिंद फौज का नेतृत्व करने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अपने पराक्रम साहस और देशभक्ति से असंख्य युवाओं को प्रेरित किया। चास नगर उत्तरी मंडल अध्यक्ष पन्ना लाल कान्दु,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष विक्की राय भाजयुमो नगर अध्यक्ष झन्तु दे बुद्धेश्वर घोषाल, हरेकृष्ण ,राजेश रजवार हीरालाल मण्डल,आकाश सिंह शंभु दास राहुल कुमार बरनवाल कनैया गुप्ता दिनेश महतो दिलीप पाल मुरारी शर्मा, पिंटू पाल,अमित दे सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## डीएवी-6 में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनायी गयी




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर छह की प्रार्थना सभा में सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य एसके मिश्र द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि द्वारा से किया गया। इस अवसर पर कक्षा एल के जी से कक्षा दूसरी के बच्चों ने सुभाष चंद्र बोस भगत सिंह लालबहादुर शास्त्री गांधी नेहरू आदि के लिबास में सभी का मन मोह लिया। शिक्षक प्रशांत कुमार ने नेताजी के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शांभवी झा प्रिंस कुमार,आद्या कुमारी,शान्वी , अंकुश दत्ता, सक्षम, वेदांत ने भाषण प्रस्तुत की। प्राचार्य एसके मिश्र ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा सुभाष चंद्र बोस एक ऐसे योद्धा थे जिन्होंने अपना सर्वस्व देश के लिए समर्पित कर दिया। उनकी वाणी में जादू था जिस कारण सारे युवा वर्ग देश की आजादी के लिए शहीद होने के लिए तैयार हो गये थे। उनका नारा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा ये शब्द युवा वर्ग में उर्जा उत्पन्न करने वाला था। वे महान देशभक्त थे उनकी कुर्बानियों को सभी हमेशा याद रखेंगे। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

## गोल टैलेंट सर्च एग्जाम की मुख्य परीक्षा में शामिल हुए 8000 से अधिक छात्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** गोल इंस्टीट्युट की ओर से प्रत्येक वर्ष छठी से बारहवीं क्लास तक पढ़ाई कर रहें छात्रों के टैलेंट को जांच कर उसे निखारने का काम कर रहे गोल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा का मुख्य एग्जाम रविवार को झारखण्ड, बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़िसा एवं छततीसगढ़ में संपन्न हुई। जिसमे लगभग 8000 स्टुडेंट्स शामिल हुए। एग्जाम में शामिल सभी परिक्षार्थीयों के साथ हीं अभिभावक भी काफी उत्साहित नजर आयें। एग्जाम का रिजल्ट जल्द जीटीएसइ की वेबसाइट पर जारी कर दिया जायेगा। रिजल्ट छात्र ऑनलाइन देख सकते है, गोल संस्थान की ओर से यह परीक्षा प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है जिसमें साइंस में रूची रखने वाले छात्र भाग लेकर अपनी प्रतिभा को जांचने के साथ - साथ गोल संस्थान द्वारा दिशा-निर्देश पाकर अपने सपने को साकार कर रहें हैं। परीक्षा के महत्व को बताते हुए गोल संस्थान के फाउंडर व मैनेजिंग डायरेक्टर बिपीन सिंह बताते हैं कि पिछले 12 वर्षो से आयोजित की जा रही इस परीक्षा के माध्यम से अब तक सैकड़ों छात्रों के प्रतिभा को प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन मिला, जिसके कारण छात्र प्रत्येक वर्ष टॉप मेडिकल कॉलेज, इंजिनियरिंग कॉलेज, सिविल सर्विसेस में अपनी सफलता के परचम लहरा रहें हैं। असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह ने कहा कि प्री एग्जाम में जहां 26000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया था जिसमें से मुख्य परीक्षा के लिए 8600 छात्रों को चयनित किया गया। मुख्य परीक्षा में चयनित हुए छात्रों को सेमिनार के माध्यम से मेडल, सर्टिफिकेट के साथ-साथ अच्छे रैंक लाने पर लैपटॉप, टैब एवं अन्य पुरस्कार दिए जायेंगे।

### परीक्षा छात्रों के सुनहरे भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित हो रही

गोल संस्थान धनबाद के सेंटर डायरेक्टर संजय आनन्द ने कहा कि प्रति वर्ष आयोजित होने वाली उक्त परीक्षा छात्रों के सुनहरे भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है, इस परीक्षा से अब तक सैकड़ों छात्रों का हुनर खुलकर बाहर आया है । साथ ही सफल छात्रों के लिए आयोजित सेमिनार में भविष्य में होने वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता के लिए महत्वपूर्ण टिप्स एवं दिशा-निर्देश दिए जाएंगे एवं गोल संस्थान के कोर्सेस में स्कॉलशिप भी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि किसी कारणवश कोई छात्र इस परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएं तो वैसे छात्र गोल द्वारा हर रविवार को आयोजित गोल स्कॉलरशिप परीक्षा में भाग लेकर स्कॉलरशिप का लाभ ले सकते है। मुख्य परीक्षा का रिजल्ट एवं सेमिनार की जानकारी जल्द ही मैसेज और डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट जीटीएसइ डॉट इनपर दे दी जायेगी।

### संयुक्त बैठक की

**धनसार (आजाद सिपाही)।** बस्ताकोला क्षेत्र के बेरा स्थित इकोलॉजिकल पार्क में सोमवार को बस्ताकोला क्षेत्रीय कल्याण समिति एवं श्रमिक सलाहकार समिति के सदस्यों ने संयुक्त रुप से बैठक की। बैठक में यूनियन प्रतिनिधियों ने क्षेत्र में चल रहे परियोजना में उत्पादन के साथ सुरक्षा, पेयजल, लाइटिंग पर गंभीरता से चर्चा की। यूनियन प्रतिनिधियों ने बीसीसीएल अधिकारियों से पूर्व में दिये गये सुझाव पर शत प्रतिशत अमल करने की मांग की। इस दौरान बस्ताकोला क्षेत्र के जीएम सोमेन चटर्जी ने कहा कि पूर्व में यूनियन प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये सुझाव पर करीब-करीब प्रबंधन ने अमल किया है। वही श्रमिक कॉलोनी में हो रहे आवास मरम्मत सहित अन्य मुद्दा पर विस्तृत चर्चा करने की बात कही।

# बिहार में फिर जहरीली शराब से आठ की मौत

**जहरीली शराब से छह लोगों की आंखों की रोशनी गयी**

**सैनिटाइजर के लिए स्प्रिट मंगाकर बनायी शराब**



आजाद सिपाही संवाददाता

**सीवान।** शराबबंदी वाले बिहार में एक बार फिर जहरीली शराब ने कहर मचाया है। सीवान जिले में पिछले 24 घंटों में जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत हो गयी है। एक मौत गोपालगंज में भी हुई है। 14 से ज्यादा लोगों की हालत गंभीर है। इनमें छह लोगों की आंखों की रोशनी चली गयी। ऐसा कहा जा रहा है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। एडीजी जितेंद्र सिंह गंगवार ने कहा कि सैनिटाइजर बनाने के लिए कोलकाता से स्प्रिट मंगाई गयी थी, उसी से शराब बनी थी। इस मामले में 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

जहरीली शराब के अधिकतर मामले जिले के लकड़ी नवीगंज ओपी थाना क्षेत्र के बाला और भोपतपुर गांव में हैं। रविवार शाम को अचानक एक-एक करके मरीज सदर अस्पताल आने लगे। देर शाम अस्पताल पहुंचते वक्त एक व्यक्ति की मौत हो गयी। रात में दो और लोगों ने दम तोड़ दिया। सोमवार सुबह से अब तक पांच लोगों की जान चली गयी। सोशल मीडिया और गांव के लोगों का कहना है कि मरने वालों की संख्या आठ से ज्यादा है। 41 दिन पहले छपरा में 70 से ज्यादा मौतें हो गयी थीं। फिलहाल, जहरीली शराब पीने से 14 लोगों की हालत गंभीर है। सीवान में दो लोगों का इलाज चल रहा है। बाकी 12 लोगों को रेफर किया गया है। तीन लोगों को इलाज के लिए गोरखपुर और नौ लोगों को पटना लाया गया है।

**प्रशासन ने कुछ भी कहने से इनकार किया :** स्थानीय लोगों ने जहरीली शराब पीने की बात कही है। प्रशासन ने अभी कुछ भी बताने से इनकार कर दिया है। परिजन को मीडिया से बात करने पर रोक लगा दी गयी है। पूरे गांव में अफरातफरी का माहौल है। सीवान के डीएम अमित कुमार पांडे का कहना है कि अभी कुछ नहीं कह सकते हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। आखिर इतने लोगों की मौत क्यों हो रही है और तबीयत क्यों खराब है, यह जांच का विषय है। घटना के बाद सीवान सदर अस्पताल और बाला और भोतपुर गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

**पत्नी बोली- शराब पीकर आये, आंखों की रोशनी गयी और मौत**

सोहेला देवी ने बताया कि पति धुरेधर मांझी रविवार की रात शराब पीकर घर लौटे थे। इसी दौरान उनकी तबीयत खराब होने लगी। आंखें लाल होने लगीं। उनको दिखायी नहीं दे रहा था। इसके बाद उन्हें लकड़ी नबीगंज अस्पताल ले गए। वहां से उन्हें सीवान अस्पताल भेज दिया गया। इसके बाद देर रात करीब 12 बजे पटना ले जाने के दौरान अमनौर में उनकी मौत हो गयी है। धुरेधर के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं।

**जहरीली शराब से मरनेवाले**

1. सुरेंद्र रावत (30)
2. नरेश रावत (42)
3. घुरेधर मांझी (37)
4. जनकदेव रावत (30)
5. राजेश रावत (25)
6. जितेंद्र मांझी (18)
7. राजू मांझी (35)
8. नारायण साह (55)

**अब तक 16 गिरफ्तार डीआइजी जांच करने पहुंचे**

सीवान मामले पर डीआइजी जितेंद्र सिंह गंगवार ने बताया कि अब तक 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शराब बनाने के लिए कोलकाता से सैनिटाइजर बनाने के नाम पर स्प्रिट मंगाई गयी थी। यह 18 जनवरी को मुजफ्फरपुर के ट्रांसपोर्टर के माध्यम से लायी गयी थी। अब तक कुल चार लोगों की मौत हुई है। सात का इलाज चल रहा है। सारण के डीआइजी मौके पर जांच करने पहुंच गये हैं।

# हाइकोर्ट ने दिया अंगुल कलेक्टर और दो अधिकारियों का वेतन फ्रीज करने का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** हाइकोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया है। मुआवजे का भुगतान नहीं होने तक अंगुल जिला कलेक्टर और दो अधिकारियों के वेतन को फ्रीज करने का आदेश दिया है। सिंचाई परियोजनाओं के लिए 60 साल पहले 188 परिवारों की जमीन चली गयी थी। उसी दिन से अब तक जमीन मालिक को मुआवजा नहीं मिला है। इसको लेकर प्रमोद कुमार प्रधान के साथ अन्य जमीन मालिक को ने मुआवजा के लिए हाइकोर्ट में अर्जी दाखिल किए थे। 1961 में अंगुल जिले की छेन्डिपदा तहसील के कुकुरपेटा क्षुद्र सिंचाई परियोजना के लिए भूमि का अधिग्रहण किया गया था। छह दशक बाद भी भूस्वामियों को मुआवजा नहीं मिलने के मामले को हाइकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। हाइकोर्ट ने आदेश दिया है कि जिला कलेक्टर और अन्य अधिकारियों का वेतन तब तक रोका जायेगा, जब तक कि उन लोगों को मुआवजा नहीं दिया जाता है जिन्होंने अपनी जमीन खो दी है। उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि याचिकाकर्ता को मुआवजा दिया जाता है, तो संबंधित अधिकारियों को वेतन भुगतान के मुद्दे पर विचार किया जायेगा। 16 जनवरी को हाइकोर्ट ने अंगुल जिला कलेक्टर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया था। हाइकोर्ट ने इस बात पर नाराजगी जताई कि 2013 से मामला दायर रहने के दौरान मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया है। कुकुरपेटा लघु सिंचाई परियोजना के निर्माण के बाद खरीफ में 587 हेक्टेयर और रबि सीजन में 121 हेक्टेयर में पानी खेत में आता है और इस में कसीडीह, करडाबाहाली, थलीपशी, ब्राह्मणबिल, बालिनाल जैसे गांव को किसानों को फायदा हो रहा था, लेकिन अब यहां एक अलग ही नजारा देखने को मिल रहा है। लघु सिंचाई विभाग ने नहर की मरम्मत नहीं करा रहा है। नतीजा यह है कि किसानों को पानी के टैक्स देने के बावजूद उनके खेतों में पानी नहीं मिल रहा है। जमीन मालिक के पक्ष में उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है।

# तापंग रेलवे स्टेशन पर फुल स्केल आपदा प्रबंधन पर मॉक ड्रिल का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ट्रेन के पटरी से उतरने या दुर्घटना जैसी आपातकालीन स्थितियों पर मंडल के सभी विभागों की तैयारियों की जांच करने के लिए खोरधारोड मंडल ने तापंग रेलवे स्टेशन पर फूल स्केल आपदा प्रबंधन पर एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया। तापंग रेलवे स्टेशन पर एक तीर्थयात्री स्पेशल के दो डिब्बों के पटरी से उतर जाने के दौरान मंडल द्वारा किए गए बचाव और उद्धार कार्यों पर मॉक ड्रिल आयोजित की गयी। मॉक ड्रिल संप्रेषण कौशल के साथ-साथ विभिन्न विभागों के बीच समन्वय विकसित करता है।

मॉक ड्रिल में बचाव और राहत कार्य जैसे, प्रभावित कोचों से आहत और फंसे हुए यात्रियों को निकालना, चिकित्सा उपचार, आहतों को अस्पताल ले जाना, यात्रियों को खाद्य सामग्री की आपूर्ति करना, यात्रियों के सामान और सबंधितों की सुरक्षा करना, भीड़ को नियंत्रित करना आदि कार्य शामिल थे। इसमें पटरी से उतरे डिब्बों की री-रेलिंग, रेलवे ट्रैक की फिटनेस और प्रभावित मार्ग पर ट्रेन संचालन को सामान्य करने आदि जैसे बहाली कार्य भी शामिल थे।

मॉक ड्रिल में भाग लेते हुए खोरधारोड मंडल के मंडल रेल प्रबंधक रिंकेश रॉय ने कहा कि ऐसी घटनाओं की स्थिति में वास्तविक परिचालन के लिए अभ्यास एक प्रतिकृति है। उन्होंने कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वे ट्रेन के पटरी से उतरने या दुर्घटनाओं जैसी आपातकालीन स्थितियों में बचाव और बहाली कार्यों के लिए खुद को सतर्क और तैयार रखें।

खोरधारोड मंडल से मेडिकल टीम, मुंडली/कटक से राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम, ओडिशा डिजास्टर रैपिड एक्शन फोर्स (ओडीआरएएफ)/ भुवनेश्वर, खोरधा से फायर ब्रिगेड के अधिकारी, जंकिया पुलिस स्टेशन से स्थानीय पुलिस, जीआरपी, आरपीएफ, नागरिक सुरक्षा पदाधिकारियों, खोरधारोड स्काउट्स-गाइड्स और सभी शाखा अधिकारियों ने अपनी टीमों के साथ मॉक ड्रिल में भाग लिया। खोरधा के डिप्टी कलेक्टर (आपातकाल), उर्मिप्रभा महाराणा, खोरधा जिला परियोजना अधिकारी, ओड़िशा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सुकांत दास, खोरधा जिले के आपदा मित्र टीम के साथ अभ्यास के दौरान उपस्थित थे। खोरधारोड मंडल के सुरक्षा विभाग के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी एमएनएस रमेश ने मॉक ड्रिल का आयोजन किया।

# टूरिस्ट बस गिरी, दो की मौत, कई घायल




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ढेंकनाल एनएच-55 के पंचबटी के पास टूरिस्ट बस दुर्घटनाग्रस्त। नीलमाधव बस ब्रिज से नीचे गिर गयी। इस हादसे में 2 महिलाओं की मौत हो गई और 30 से ज्यादा घायल हो गए। पता चला है कि मृतक केंद्रापड़ा इच्छापुर क्षेत्र के रहने वाले हैं।

जानकारी के मुताबिक यात्रियों को केंद्रापड़ा से हरीशंकर जानकर वापस आने के बाद बस ढेंकनाल सदर के पंचबटी के पास संतुलन खोकर ब्रिज से नीचे गिर गयी। वहीं, इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गयी है। दो मृतक केंद्रापड़ा इच्छापुर की रेणुबाला जेना और विजय लश्मी स्वाई। बस में करीब 40 से अधिक यात्री सवार थे। कई यात्रियों को चोटें आयी हैं। उन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बताया गया है कि घायलों में से 15 की हालत गंभीर होने के कारण कटक बडा मेडीकल को रेफर कर दिया गया है।

**कॉलेजियम विवाद के बीच रिजिजू का बड़ा बयान**

# 'जजों को जनता की जांच का सामना नहीं करना पड़ता'

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के बीच जारी टकराव थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि भारत में लोकतंत्र सिर्फ जीवित ही नहीं, बल्कि मजबूती से आगे चले, उसके लिए एक मजबूत और आजाद न्यायपालिका का होना जरूरी है। न्यायपालिका की आजादी को कमजार या उसके अधिकार, सम्मान और गरिमा को कम करेंगे, तो लोकतंत्र सफल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जज बनने के बाद उन्हें चुनाव या जनता की जांच का सामना नहीं करना पड़ता है। जजों के फैसलों और जिस तरह से वे न्याय देते हैं और अपना आकलन करते हैं, उसे जनता देख रही है। सोशल मीडिया के इस युग में कुछ भी नहीं छुपाया जा सकता है। एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि मैंने चीफ जस्टिस को एक पत्र लिखा, जिसके बारे में किसी को नहीं पता था। पता नहीं किसे कहां से पता चला और खबर बना दी कि कानून मंत्री ने उखकको पत्र लिखा कि कॉलेजियम में सरकार का प्रतिनिधि होना चाहिए। इस बात का कोई सर पैर नहीं। मैं कहां से उस प्रणाली में एक और व्यक्ति डाल दूंगा।

FLORENCE Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN 2023-24
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

नामांकन जारी सत्र : 2022-2023
उषा कॉलेज ऑफ फार्मेसी
D.C ऑफिस के पीछे, बड़ा कांकड़ा, सरायकेला
Regd. Under : Health Education & Family Welfare department Govt. of Jharkhand
Recognized by : Pharmacy Council of India (PCI) Govt. of India
Affiliated by : Kolhan University, Chaibasa, Jharkhand.
Course: B.PHARM (Bachelor in Pharmacy)
Note : BUS & Hostel Facility
Duration : 4Yrs.
Eligibility: 10+2 With PCB/PCM
For more details Contact :
TATA NAGAR INSTITUTE OF PARA MEDICAL TECHNOLOGY
Shere Punjab Chowk, Main Road, Adityapur
Cont. 9334635208, 9472786354

सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि किसी भी पृष्ठों पर छपे विज्ञापनों की जांच अपने स्तर पर कर लें।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
Call Now !
UNIVERSITY FLY
+91-7903149721
www.universityfly.com

Rinku
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS ZOOM PAiSTe TAMA Studiomaster DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जुलते नामों से सावधान

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्युशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP • BUS & HOSTEL FACILITY • CAMPUS PLACEMENT • WELL EQUIPPED LAB • ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
URGENT REQUIREMENT
• B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
• D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
• B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
Coming Soon Paramedical Courses
• Diploma in Operation Theater
• DMLT • Dresser
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640
www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रांची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं-
Based on JCERT
Class - VIII
• Class VIII Today (Combined) ₹ 250
• Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
• Class VII Today (Combined) ₹ 240
• Class VI Today (Combined) ₹ 240
• Hindi Vyakaran– I ₹ 60
• English Grammar– I ₹ 60
• Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Please Join Us to Celebrate the opening Ceremony of our New Restaurant
Venue : Sector-9 Near Hatia More Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compliments From :
BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 65423 66205, 76338 16941

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. RN/249/2019-21